जबलपुर
शनिवार, 18 जनवरी 2025
■ माघ मास शुक्ल पक्ष : 5
■ वर्ष : 19, अंक : 254
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 25
न्यून. 08

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### सुविधाओं से यात्री खुश, खजुराहो एयरपोर्ट को प्रदेश में पहला और देश में 10वां स्थान मिला



छतरपुर। देशभर के हवाई अड्डों पर मिलने वाली सुविधाओं के मामले में छतरपुर जिले के खजुराहो हवाई अड्डे को प्रदेश में पहला और देशभर में 10वां स्थान प्राप्त हुआ है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 61 हवाई अड्डों को लेकर ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी की।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रिंकू सिंह ने सांसद प्रिया सरोज से की सगाई



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के युवा क्रिकेटर रिंकू सिंह ने प्रिया सरोज से सगाई कर ली है। प्रिया सपा सांसद हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रिंकू ने कुछ दिन पहले ही सगाई की है। रिंकू ने पिछले कुछ सालों में अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा है और भारत के लिए भी खेल चुके हैं। रिंकू ने कई मैचों में भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है।

### 5 साल की बच्ची से रेप आरोपी गिरफ्तार



**जबलपुर।** शहर में 5 साल की मासूम बच्ची से रेप की वारदात हुई है। आरोपी, पीड़ित बच्ची के घर के पास में ही रहता है। खास बात ये है कि बच्ची उसे प्यार से नानू कहती थी, उसने ही बच्ची के साथ गलत काम किया। हनुमान ताल थाना क्षेत्र में बुधवार की है। शिकायत के बाद शुक्रवार को आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया।

### साइबर ठगों से परेशान किसान ने खाया जहर





**धार।** एक किसान ने साइबर ठगों की धमकी से परेशान होकर सुसाइड की कोशिश की। किसान से कोई लड़की वीडियो कॉल पर एक महीने से संपर्क में थी। पुलिस की वर्दी पहने ठगों ने उससे कहा कि तुम्हारी सारी गतिविधि मोबाइल में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस जल्द गिरफ्तार करेगी। बचना हो तो पैसे भेजो। परेशान किसान कैलाश सिंह ने जहर खाकर लिया। को डिजिटल अरेस्ट की धमकी थी। घबराया किसान खेत की ओर भागा। वहां जाकर कीटनाशक पी लिया।

### आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के करीबियों पर कसा जा रहा शिकंजा, 8 स्थानों पर सर्चिंग

# नवोदय अस्पताल के संचालक और ग्वालियर में पूर्व सब रजिस्ट्रार के ठिकानों पर ईडी का छापा

**डॉ. श्याम अग्रवाल के घर और अस्पताल सहित 4 ठिकानों पर कार्रवाई, इंद्रपुरी और एमपी नगर स्थित अस्पताल में पहुंची ईडी की टीम, सुबह से लेकर देर रात तक जारी रही छानबीन**





**भारी मात्रा में वित्तीय निवेश से संबंधित दस्तावेज बरामद**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अलग-अलग टीमों ने सुबह भोपाल और ग्वालियर में 8 स्थानों पर ताबड़तोड़ छापे मारे। ईडी की यह कार्रवाई भोपाल में नवोदय अस्पताल के संचालक डॉ. श्याम अग्रवाल के घर और अस्पताल सहित 4 ठिकानों और ग्वालियर में रिटायर्ड सब रजिस्ट्रार केके अरोरा के 4 ठिकानों पर की गई। बताया जा रहा है कि भोपाल और ग्वालियर में एक साथ हुई इस रेड के तार आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के मामले से जुड़े हैं। ईडी की टीम छापे में बरामद दस्तावेजों की जांच में जुटी है।

#### किराएदारों से की पूछताछ

ईडी की टीम ने ग्वालियर के मुरार में पूर्व सब रजिस्ट्रार के सीपी कालोनी स्थित घर पर दबिश दी तो अरोरा पत्नी सहित गायब मिले। उनके किराएदारों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे 25 दिन पहले ही घर से चले गए और इस समय बेंगलुरु में हैं। टीम ने कमरों को लॉक कर दिया।

#### परिवहन चेक पोस्ट पर दलाली का बड़ा नेटवर्क

परिवहन विभाग (आरटीओ) में कॉन्स्टेबल रहे सौरभ शर्मा और उसके करीबियों पर नाकों पर तैनाती कराने के लिए दलाली के आरोप हैं। सौरभ ने महज 7 साल की नौकरी में प्रदेशभर में दलाली का बड़ा नेटवर्क तैयार कर लिया। इसकी शिकायत परिवहन विभाग सहित अन्य जांच एजेंसियों पर की जाने लगीं तो सौरभ ने वीआरएस लेने का फैसला लिया। इसके बाद भोपाल के कई नामचीन बिल्डरों के साथ परप्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करने लगा। सौरभ के ठिकानों पर लोकायुक्त की कार्रवाई चल रही थी, इसी बीच 19 और 20 दिसंबर की रात इनकम टैक्स की टीम ने मेंडोरी के जंगल में इनोवा कार से 54 किलो सोने की सिल्लियां और 11 करोड़ रुपए नगद बरामद किए।

#### वित्तीय अनियमिता से जुड़े दस्तावेज जब्त किए

वहीं, सब रजिस्ट्रार के ग्वालियर में मुरार स्थित सीपी कॉलोनी समेत 4 जगहों पर छापे मारे गए हैं। यहां भी वित्तीय अनियमिता से जुड़े कई दस्तावेज जब्त किए गए। दरअसल पूर्व सीनियर सब रजिस्ट्रार अरोरा, विनय हासवानी के बिजनेस पार्टनर हैं। भोपाल के मेंडोरी स्थित विनय हासवानी के फार्म हाउस से ही 54 किलो गोल्ड और 11 करोड़ कैश से लदी कार मिली थी। वह सौरभ के मौसा पूर्व डीएसपी मुनीश राजोरिया का दामाद है।

#### सौरभ शर्मा के वकील का बड़ा दावा...


### सुरक्षा की गारंटी हो तो सामने आकर सौरभ करेगा बड़ा खुलासा

इधर, आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के वकील सूर्यकांत बुझाड़े ने खुलासा किया है कि छापे में बरामद सोना और संपत्ति केवल सौरभ की नहीं है यह पुराना सिंडीकेट है । बरामद सोना कैश ब्यूरोक्रेट्स और नेताओं का है। सुरक्षा की गारंटी मिले तो सौरभ सामने आकर खुलासा करेगा। बताया जा रहा है कि इसके लिए सौरभ ने एक पत्र भी सरकार को लिखा है। पत्र में उसने लिखा है कि उसको और परिवार को सुरक्षा की गारंटी मिले तो वह सब कुछ खुलासा करने को तैयार है। वकील का कहना है कि जांच एजेंसियों ने एक मानसिकता बना ली है कि सौरभ ही आरोपी है जबकि सौरभ एक आसान टार्गेट था इसलिए उस पर सब कुछ डाल दिया गया। विदित हो कि सौरभ शर्मा के मामले में लोकायुक्त, आयकर और ईडी तीनों एजेंसियां जांच कर रही है। हालांकि अभी जांच एजेंसियों की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही क्योंकि सौरभ शर्मा उनकी गिरफ्त से दूर है।

### आईपीसी की धारा 306 का दुरुपयोग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

# आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलों में बरतें सावधानी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ पुलिस को सतर्क और संवेदनशील बनाने की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 के तहत केवल इस वजह से नहीं दर्ज किया जाना चाहिए कि मृतक के परिजन भावनात्मक रूप से टूटे हुए हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में पुलिस को बहुत अधिक सतर्क और संवेदनशील होने की जरूरत है, ताकि किसी निर्दोष के खिलाफ कोई गलत मुकदमा न चलाया जा सके। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि जांच एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति को बेबुनियाद आरोप के तहत परेशान न किया जाए।

#### सरकारी फंड का इस्तेमाल गरीबों के लिए किया जाए या साइकिल ट्रैक के लिए?

*एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या सरकारी खजाने से प्राप्त धन का उपयोग गरीबों के लिए आवास, स्वास्थ्य और शैक्षणिक सुविधाएं बनाने या देश में साइकिल ट्रैक बिछाने के लिए किया जाना चाहिए। देश भर में अलग-अलग साइकिल ट्रैक बनाने की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि देश में विकास एक समान नहीं है। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा कि हमें बताएं कि क्या राज्य के खजाने से धन का उपयोग गरीबों के लिए आवासीय और शैक्षणिक सुविधाएं बनाने पर किया जाना चाहिए या इसके लिए (अलग साइकिल ट्रैक बनाने पर)? आगे कहा गया कि सभी प्रमुख शहरों में गरीबों के लिए आवास सुविधाओं की गंभीर समस्या है।*

#### मप्र हाईकोर्ट के एक आदेश पर हुई थी सुनवाई

शीर्ष कोर्ट का यह फैसला मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर आया। याचिका में महेंद्र आवसे नामक व्यक्ति ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपों को खारिज करने की अपील की थी। मामले के अनुसार, मृतक व्यक्ति ने आत्महत्या करने से पहले एक नोट में लिखा कि आवसे द्वारा उसे परेशान किया जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलों में धारा 306 के तहत आरोप तभी लगाए जा सकते हैं, जब यह साबित हो कि आरोपी ने किसी तरह से आत्महत्या के लिए उकसाया था या उसकी परिस्थितियों को ऐसा बन दिया था कि आत्महत्या के लिए अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा था। कोर्ट ने कहा कि आवसे के खिलाफ आरोपों में कोई ठोस वजह नहीं दिख रही।

### नासिक-पुणे हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

# टेंपो और मिनी वैन की टक्कर, 9 की मौत

एजेंसी ⏭ पुणे

**फडणवीस ने किया मुआवजे का ऐलान**

**टेंपो ने वैन को पीछे से टक्कर मारी**



महाराष्ट्र में शुक्रवार सुबह भीषण सड़क हादसा हआ। हादसा पुणे के नारायणगांव के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक, यहां एक तेज रफ्तार टेंपो ने मिनी वैन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। पुणे ग्रामीण पुलिस एसपी पंकज देशमुख ने नौ लोगों की मौत की पुष्टि की है। यह दुर्घटना तब हुई, जब एक टेंपो ने पीछे से एक मिनी वैन को टक्कर मार दी, जो आगे वहां खड़ी एक बस से टकरा गई।

#### सीएम फडणवीस ने हादसे पर दुख जताया

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि 'पुणे-नासिक राजमार्ग पर नारायणगांव के पास हुए भीषण हादसे में नौ मजदूरों की मौत की दुखद घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। म

#### टेंपो का चालक मौके से भाग निकला

*मामले में पुणे ग्रामीण पुलिस के डीवाईएसपी रवींद्र चौधरी ने कहा कि चार महिलाओं, चार पुरुषों और एक पांच वर्षीय बच्चे सहित नौ लोगों की मौत हो गई है। 7 सदस्य घायल हैं और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। बस सड़क के किनारे खड़ी थी।*

### ठंडी हवाओं से कांपा प्रदेश

# भोपाल-इंदौर समेत कई जिलों में कोहरा, दिन में बढ़ी ठिठुरन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। हिमालय के पर्वन से आ रही बर्फीली हवाओं ने रात के साथ दिन में भी ठिठुरन बढ़ा दी है। शुक्रवार को सुबह भोपाल, इंदौर समेत अधिकतर जिलों में कोहरा छाया रहा। दिन भर बादलों की आवाजाही की वजह से धूप नहीं निकली। ऐसे में दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिससे अधिकतर जिलों में दिन का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। ऐसे में दिन में भी सर्दी का जोर बना हुआ है। शाजापुर-सागर में तापमान गिरने से सर्दी बढ़ गई।

### श्री जगन्नाथ मंदिर का नया नियम

# कर्मचारियों के लिए पान गुटखा खाने पर पाबंदी



एजेंसी ⏭ पुरी

ओडिशा के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रशासन ने अपने कर्मचारियों के लिए नए नियम लागू किए हैं। इनका उद्देश्य मंदिर के कामकाजको बेहतर बनाना और पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखना है। मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी ने हाल ही में इन नियमों की घोषणा की और बताया कि यह कदम मंदिर की पवित्रता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

### भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 की प्रदर्शनी में बोले पीएम मोदी

**भारत की ऑटो इंडस्ट्री लगभग 12% की दर से आगे बढ़ी**

# जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रहीं, उतनी कई देशों की आबादी नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**वर्ष 2024 में 16 लाख 80 हजार से ज्यादा ईवी बिके**



पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में छह दिवसीय 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री जबरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है। भारत की ऑटो इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12% की दर से आगे बढ़ी है। इतनी कई देशों की आबादी नहीं है, जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।


**शहरीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर मोबिलिटी ग्रोथ बढ़ाएंगे**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में मोबिलिटी के फ्यूचर को ड्राइव करने वाले कई फैक्टर्स हैं, जैसे भारत की सबसे बड़ी युवा आबादी, मिडिल क्लास का लगातार बढ़ता दायरा, तेजी से होता शहरीकरण, भारत में बन रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, 'मेक इन इंडिया' से अफॉर्डेबल व्हीकल, ये सारे फैक्टर्स भारत में ऑटो सेक्टर के ग्रोथ को पुश करने वाले हैं।



# नयी दिशा की ओर ग्रामीण विकास

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# स्वामित्व योजना

अंतर्गत

## 15.63 लाख भू-अधिकार पत्रों का वितरण एवं लाभार्थियों के साथ संवाद

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

एवं

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

द्वारा

## विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

18 जनवरी, 2025 | दोपहर 12:30 बजे | सिवनी, मध्यप्रदेश

- स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में 25 सितम्बर 2018 के पूर्व से रहने वाले व्यक्तियों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करती है।
- योजना से ग्रामीण आबादी को बैंक ऋण प्राप्त करने एवं संपत्ति का विक्रय करने में मिल रही सहायता से ग्रामीण परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो रहा है।



- सभी जिलों का ड्रोन सर्वेक्षण कार्य एवं 12 जिले- भोपाल, हरदा, डिंडौरी, सीहोर, बुरहानपुर, खरगोन, कटनी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, जबलपुर एवं श्योपुर में भू-अधिकार पत्र वितरण का कार्य पूर्ण हो चुका है।
- प्रदेश में अब तक 39.63 लाख भू-अधिकार पत्रों का वितरण किया जा चुका है।

D-11161/24

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी

# कर्तव्य पथ पर रिहर्सल से 4 दिन बंद रहेंगे ये रास्ते, एडवाइजरी जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यातायात पुलिस ने उत्तर दिल्ली से दक्षिण दिल्ली और दक्षिण दिल्ली से जाने वाले वाहन चालको को रिंग रोड, सराय काले खां, आइपी फ्लाईओवर, राजघाट, लाजपत राय मार्ग, मथुरा रोड, भैरों रोड, रिंग रोड, अरबिंदो मार्ग, सफदरजंग रोड, कमाल अत्तातुर्क मार्ग, कौटिल्य मार्ग का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

गणतंत्र दिवस की परेड का रिहर्सल शुक्रवार से कर्तव्य पथ पर शुरू हुई। इसे लेकर शुक्रवार से कई रास्तों पर यातायात प्रभावित रहेगा। यातायात पुलिस ने इसको लेकर एडवाइजरी जारी की है। जिसमें लोगों से 17 जनवरी से लेकर 21 जनवरी तक कुछ रास्तों पर नहीं जाने की सलाह दी है।

### खास बातें

- सभी राज्यों से 700 कलाकार बुलाए गए
- 17 जनवरी से लेकर 21 जनवरी तक कुछ रास्तें बंद रहेंगे
- सुबह 10 .15 से दोपहर 12 .30 तक पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा मार्ग



### पूरे कर्तव्य पथ पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

*ऐसा पहली बार हो रहा है कि अब पूरे कर्तव्यपथ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम(लोक नृत्य) होंगे। अभी तक वीआईपी के बैठने वाले स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होते थे। एक जगह पर देश के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी लोग नहीं देख पाते थे। पूरे कर्तव्यपथ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम करने के लिए देश के सभी राज्यों से 7000 कलाकार बुलाए गए हैं।*

### इन रास्तों पर रहेगी पाबंदी

दिल्ली पुलिस ने एडवाइजरी में बताया कि कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यातायात की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था 17, 18, 20 और 21 जनवरी तक लागू रहेगी। सुबह 10.15 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक कुछ मार्ग पर जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। जिसमें कर्तव्यपथ-रफी मार्ग क्रासिंग, कर्तव्यपथ-जनपथ क्रासिंग, कर्तव्यपथ मानसिंह रोड क्रासिंग और कर्तव्यपथ सी हेक्सागन शामिल है।

### इन रास्तों का करें इस्तेमाल

यातायात पुलिस ने उत्तर दिल्ली से दक्षिण दिल्ली और दक्षिण दिल्ली से जाने वाले वाहन चालको को रिंग रोड, सराय काले खां, आइपी फ्लाईओवर, राजघाट, लाजपत राय मार्ग, मथुरा रोड, भैरों रोड, रिंग रोड, अरबिंदो मार्ग, सफदरजंग रोड, कमाल अत्तातुर्क मार्ग, कौटिल्य मार्ग का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। पूर्व से दक्षिण-पश्चिम दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन चालकों को रिंग रोड से वंदे मातरम मार्ग से जाने की अपील की है। इसी तरह विनय मार्ग, शांति पथ या नई दिल्ली और उससे आगे जाने वाले वाहन चालकों को सरदार पटेल मार्ग, मदर टेरेसा क्रिसेंट, राउंड अबाउट आरएमएल, बाबा खड़क सिंह मार्ग या पार्क स्ट्रीट-मंदिर मार्ग से होते हुए उत्तर दिल्ली या नई दिल्ली की ओर से जाने की सलाह दी है।

### 72 हजार लोगों के आने की संभावना

मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस सूत्रों के अनुसार समारोह में शामिल होने के लिए कुल 77000 हजार लोगों के आने की संभावना है। हालांकि इनमें से 10 से 15 हजार लोग ही अपने वाहनों से आते हैं। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि मंत्रालय की ओर से पांच गुना ज्यादा पास व टिकट जारी कर दिए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### समुद्र में पलटी नाव, 40 पाकिस्तानियों की मौत



**इस्लामाबाद।** मोरक्को के पास समुद्र में एक प्रवासी नाव के पलटने से बड़ा हादसा हो गया। स्पेन पहुंचने की कोशिश कर रहे इस नाव में 80 प्रवासी सवार थे, जिनमें से 40 से अधिक पाकिस्तानी नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी पाकिस्तानी अधिकारियों और प्रवासी अधिकार समूह वॉकिंग बॉर्डर्स ने दी है। वॉकिंग बॉर्डर्स के मुताबिक हादसे में कुल 50 से ज्यादा प्रवासी डूब सकते हैं। इस नाव ने 2 जनवरी को मॉरिटानिया से अपनी यात्रा शुरू की थी, जिसमें 66 पाकिस्तानी नागरिक शामिल थे। मोरक्को के अधिकारियों ने एक दिन पहले इसी क्षेत्र से 36 लोगों को बचाया था।

### काफिले से टकराई नील गाय, बाल-बाल बचे फारूक



**दोसा।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के काफिले की गाड़ी का दौसा में दुर्घटनाग्रस्त होने से हादसा हो गया है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर भांडारेज के पास गाड़ी के नीलगाय से टकराने के कारण दिल्ली पुलिस की एस्कॉर्ट गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी के दुर्घटना होने पर एयरबैग खुलने से पुलिस जवानों की जान बच गई। इस मामले की सदर थाना पुलिस जांच में जुटी है। पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला फारूक शुक्रवार को जियारत के लिए अजमेर दरगाह जा रहे थे।

### विदेश मंत्रालय बोला- फंसे भारतीयों को वापस लाएंगे

# यूक्रेन-रूस जंग में 12 भारतीयों की मौत रूसी सेना की तरफ से लड़ रहे 16 लापता



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी दी किरूसी सेना के लिए यूक्रेन के खिलाफ लड़ रहे 12 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है जबकि 16 लोग अब भी लापता हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूस में मौजूद भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द छुड़ाने और वापस लाने की कोशिश की जा रही है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस की तरफ से जंग लड़ रहे अब तक 12 भारतीयों की यूक्रेन में मौत हो गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, अब तक 126 भारतीय नागरिकों के रूसी सेना में शामिल होने के मामले सामने आए हैं। इनमें से 96 लोग भारत लौट आए। रूस में अभी भी 18 भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, जिनमें से 16 की कोई जानकारी नहीं मिल रही है। हम इनकी स्वदेश वापसी के लिए काम कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन जंग 24 फरवरी 2022 से चल रही है। इस दौरान रूसी सेना पर आरोप लगे कि उसने जंग में भाड़े और दूसरे देशों के कई लोगों को जबरन भेज दिया है। इनमें कई भारतीय भी शामिल थे। ये नौकरी की तलाश में रूस गए थे, लेकिन वहां फंस गए।

### खास बातें

- अब तक 126 भारतीय रूसी सेना में शामिल हुए
- 96 लोग भारत लौट आए, 18 भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं
- जंग 24 फरवरी 2022 से चल रही है



### केरल के बिनील बाबू की जंग में हुई मौत

बिनील का शव वापस लाने की कोशिश में सरकार प्रवक्ता जायसवाल ने कहा कि बिनिल बाबू की मौत बेहद दुखद है। हमने उनके परिवार से बात की है। हम रूसी अधिकारियों के साथ संपर्क में है। हम जल्द से जल्द बिनिल बाबू के शव को लाने की कोशिश कर रहे हैं। बिनिल बाबू (32 साल) केरल के त्रिशूर जिले के वडक्कनचेरी के रहने वाले थे। वे कई महीने से वापस भारत लौटने के लिए गुहार लगा रहे थे। प्रवक्ता जायसवाल ने कहा कि एक और भारतीय जैन टी कूरियन घायल हुए हैं। वे बिनिल के रिश्तेदार हैं। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। भारतीय दूतावास उनके संपर्क में हैं। उनका स्वास्थ्य बेहतर होते ही उन्हें वापस भारत लाए जाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### काम की तलाश में रूस गए, जंग लड़ने भेज दिया

बिनील और कुरियन नौकरी की तलाश में रूस गए थे। वे जून 2024 में इस जंग में फंस गए। उन्हें यूक्रेनी इलाके में रूसी सैनिकों को खाना पहुंचाने और गड्ढा खोदने का काम दिया गया था। बाद में रूसी सेना ने उन दोनों को जंग में फ्रंटलाइन पर भेज दिया। बिनील बाबू के साले सनीश स्कारिया ने एक महीने पहले अपने घर फोन किया था और कहा था कि वे शायद उन्हें फिर से फोन न कर पाएं, क्योंकि वे जंग लड़ने यूक्रेनी इलाके में जा रहे हैं। बिनील बाबू रूस जाने से पहले बिजली मिस्री और कुरियन मैकेनिक का काम कर रहे थे। इन दोनों युवकों को एक रिश्तेदार ने पोलैंड में नौकरी दिलाने का वादा किया था, लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि उन्हें वास्तव में रूस का वीजा दिया गया था। उन्होंने वीजा और टिकट के लिए भारी रकम खर्च की थी। इसलिए उन्हें रूस जाना पड़ा। बिनील

### अच्छी सैलरी का लालच देकर फंसाया

सीबीआई ने 4 आरोपियों को किया था गिरफ्तार भारत की जांच एजेंसी सीबीआई ने अप्रैल 2024 में भारतीयों को धोखे से रूस-यूक्रेन जंग में भेजने के मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें से तीन लोग भारत के थे, जबकि एक रूस के रक्षा मंत्रालय में काम करने वाला ट्रांसलेटर था। ये सभी लोग एक नेटवर्क का हिस्सा थे, जिसमें सोशल मीडिया के जरिए भारतीय को नौकरी और अच्छी सैलरी का लालच देकर फंसाया जाता है।

### *दिया झांसा- 3 महीने की ट्रेनिंग के बाद मिलेगी 1 लाख की सैलरी*

*जांच एजेंसी ने बताया था कि वीजा कंसल्टेंसी कंपनियां उन लोगों को टारगेट करती हैं, जो विदेश में नौकरी करना चाहते हैं। इसके बाद इन्हें झांसा देने के लिए यूट्यूब वीडियो बनाए जाते हैं। इनमें दिखाया जाता है कि रूस में जंग का कोई असर नहीं है और सब सुरक्षित हैं। इसके बाद रूस की आर्मी में हेल्पर, क्लर्क और जंग में ढह चुकी इमारतों को खाली करने की जॉब में वेकेंसी दिखाई जाती है। वीडियो में बताया जाता है कि नौकरी लेने वाले लोगों को बॉर्डर पर जंग लड़ने नहीं जाना होगा। उन्हें 3 महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिस दौरान 40 हजार रुपए की सैलेरी मिलेगी। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद तनख्वाह 1 लाख रुपए हो जाएगी। 'रूसी आर्मी में भर्ती नहीं हुए तो 10 साल की सजा होगी' जब भारतीय झांसे में आकर रूस चले जाते हैं, तो उन्हें जबरदस्ती मिलिट्री ट्रेनिंग दी जाती है। उन्हें झूठे दस्तावेज दिखाए जाते हैं, जिस पर लिखा होता है कि अगर वे रूसी आर्मी में भर्ती नहीं हुए तो उन्हें 10 साल जेल की सजा हो जाएगी।*

### दोनों देश व्यापार-निवेश बढ़ाने को राजी

## सीतारमण सिंगापुर के राष्ट्रपति से मिलीं, कई अहम मुद्दों पर की चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को नई दिल्ली में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और सिंगापुर के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। बैठक में सिंगापुर के परिवहन और वित्त मंत्री ची. होंग टाट भी शामिल थे।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि इस बातचीत में फिनटेक, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर उद्योग और कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जोर दिया गया। दोनों देशों ने व्यापार और निवेश को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और भविष्य में इन संबंधों को और गहरा करने पर सहमति जताई। मुलाकात के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उन्हें सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मिलकर बेहद खुशी हुई। भारत, सिंगापुर के साथ अपने रणनीतिक साझेदारी संबंधों को बहुत महत्व देता है। राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम की यह यात्रा भारत और सिंगापुर के बीच आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### सिंगापुर भारत का 6वां सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर

## देश को 2023-24 में सिंगापुर से मिला सबसे ज्यादा एफडीआई

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर



पिछले कुछ वर्षों में भारत-सिंगापुर सहयोग गहरा हुआ है। सितंबर 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान भारत-सिंगापुर संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। भारत और सिंगापुर बीच मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, जिन्होंने उन्नत विनिर्माण, कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा, स्थिरता, और शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में हमारे विस्तारित सहयोग को एक मजबूत आधार प्रदान किया है। सिंगापुर भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और इंडो-पैसिफिक विजन का एक प्रमुख स्तंभ है। वित्त वर्ष 2023-24 में सिंगापुर भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत था। दोनों देशों के मध्य राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के लिए, कई स्मारक कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है।


चिट्ठी में लिखे भारत यात्रा और आध्यात्मिक अनुभव

## एप्पल के संह संस्थापक स्टीव जाब्स का एक पत्र 19 साल पहले लिखा गया 4.32 करोड़ में बिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मशहूर टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स का 19 साल की उम्र में लिखा गया एक पत्र हाल ही में नीलामी में $500,312 (करीब 4.32 करोड़ रुपए) में बिका है। यह पत्र जॉब्स ने अपने बचपन के दोस्त टिम ब्राउन को लिखा था, जिसमें उन्होंने भारत आकर कुंभ मेले में शामिल होने की अपनी योजना का जिक्र किया था। इस पत्र को उन्होंने अपने जन्मदिन से ठीक पहले लिखा था। जॉब्स ने कहा, "मैं भारत में कुंभ मेले में जाने की इच्छा रखता हूं, जो अप्रैल में शुरू हो रहा है।

### जीवन को गहराई से प्रभावित किया



स्टीव जॉब्स की भारत यात्रा ने उनके जीवन को गहराई से प्रभावित किया। वह उत्तराखंड के नीम करोली बाबा के आश्रम पहुंचे, लेकिन बाबा के निधन के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद जॉब्स ने कई महीने कैंची धाम में बिताए, भारतीय संस्कृति और आध्यात्म में डूबे रहे।

### कुंभ मेले से जुड़ी विरासत

इस साल प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। यह 12 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाला महोत्सव है, जिसमें लाखों श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान कर अपने पापों से मुक्ति और आध्यात्मिक पुण्य अर्जित करने का विश्वास रखते हैं। स्टीव जॉब्स की विधवा लॉरेन पॉवेल जॉब्स ने इस बार कुंभ मेले में आकर भारत से उनकी गहरी आध्यात्मिक जुड़ाव को सम्मानित किया। उनके आध्यात्मिक गुरु स्वामी कैलाशानंद गिरी ने उन्हें कमला नाम दिया है। लॉरेन ने मेले के दौरान ध्यान, क्रिया योग और प्राणायाम को अपनाया है और गंगा स्नान करने की योजना बनाई।

### बंधकों की रिहाई और युद्ध विराम

## समझौते को मंजूरी देने इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने बैठक की

एजेंसी ▶▶ येरूशलम



इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को यह तय करने के लिए बैठक की कि क्या उस समझौते को मंजूरी दे दी जाए, जिससे गाजा में आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों की रिहाई हो सके और 15 महीने से चल रहे युद्ध को रोका जा सके। अगर कैबिनेट ने मंजूरी दे दी, तो युद्धविराम लागू होने से पहले समझौते को अंतिम मंजूरी के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा। वहीं, मिस्त्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलअत्ती ने गुरुवार को आह्वान किया कि इजराइल और हमास गाजा में युद्धविराम की योजना को बिना किसी देरी के लागू करें।

इससे इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर समझौते को स्वीकार करने का दबाव बढ़ गया है। शुक्रवार की बैठक से पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा पहले कहा गया था कि समझौते को अंतिम रूप देने में अंतिम समय में कुछ अड़चनें आईं।

रिपोर्ट में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

## भारत से कनाडा पढ़ने गए 20 हजार छात्र कॉलेज से 'गायब'

एजेंसी ▶▶ ओटावा

भारत-कनाडा तनाव के बीच 'इमिग्रेशन, रिफ्यूजी एंड सिटीजनशिप कनाडा' आईआरसीसी के हवाले से एक रिपोर्ट पेश की गई है जो चौंकाने वाली है। दरअसल इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कनाडा पहुंचे लगभग 20 हजार भारतीय छात्र कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से 'लापता' हैं। वो अपने कॉलेज या विश्वविद्यालयों में नो-शो' के रूप में चिह्नित किए गए हैं। यानी उन्हें वहां लंबे वक्त से नहीं देखा गया। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि ये छात्र आखिर कहां गए?

### आव्रजन विभाग साल दो बार रिपोर्ट मांगता है



कनाडा में 2014 में इंटरनेशनल स्टूडेंट कम्प्लायंस रिजाइम लागू किया गया था, जिसका मकसद फर्जी छात्रों की पहचान करना और संदिग्ध स्कूलों को चिन्हित करना था। आव्रजन विभाग साल में दो बार कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से छात्रों की उपस्थिति की रिपोर्ट मांगता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अपने स्टडी परमिट का पालन कर रहे हैं।

### मनी लांड्रिंग व अवैध तस्करी के मामले की जांच जारी

भारतीय छात्रों की अनुपस्थिति के मामले ने भारत के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का ध्यान भी आकर्षित किया है, जो कनाडा से अमेरिका में भारतीयों की तस्करी के एक मनी लॉडिंग मामले की जांच कर रहा है। यह जांच गुजरात के डिंगुचा गांव के एक भारतीय परिवार की मौत के बाद शुरू हुई थी, जो कनाडा-अमेरिका सीमा को अवैध रूप से पार करने की कोशिश में अत्यधिक ठंड से मारे गए थे।

### मौसम विभाग ने दी 23 तक बारिश और बर्फबारी की चेतावनी

# हिमपात से आफत, कश्मीर के कई संपर्क मार्ग बंद, रेल सेवा प्रभावित

एजेंसी ▶▶ जम्मू

प्रदेश के कई हिस्सों में वीरवार को मौसम का मिजाज बदला। बारिश और बर्फबारी हुई। कश्मीर में एहतियात के तौर पर गुरेज-बांदीपोरा सहित कई मार्गों पर यातायात बंद किया गया है। बर्फ गिरने से बनिहाल-बड़गाम रेलखंड पर ट्रेन सेवा स्थगित की गई है। धुंध और खराब मौसम से कटड़ा-सांझीछत चॉपर सेवा बाधित रही। ताजा बर्फबारी से जिला राजोरी और पुंछ को शोपियां (कश्मीर) से जोड़ने वाला मुगल रोड के आगामी खुलने के आसार कम हैं। कश्मीर में रेल सेवा बहाल करने के लिए पटरियों से बर्फ हटाई जा रही है। घाटी के कई पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी होने के साथ मैदानी इलाकों में बारिश हुई है। पहलगाम और सोनमर्ग के पर्यटक रिसॉर्ट, जोजिला पास, बडगाम, गुरेज, बांदीपोरा, गांदरबल के ऊपरी इलाकों और अन्य स्थानों पर सुबह से ही बर्फबारी हो रही है।



### भूस्खलन और पत्थर गिरने की संभावना जताई

आगामी मौसम को देखते हुए गुरेज-बांदीपोरा, मुगल रोड और सिंथन टॉप सड़कों सहित अन्य कई मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बंद की गई है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल है। यात्रियों को ओवरटेक से बचने की सलाह दी गई है। दिन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने को कहा गया है। भूस्खलन या पत्थर गिरने के जोखिम के कारण रामबन और बनिहाल के बीच अनावश्यक रूप से न रुकने की सलाह दी गई है। वहीं, बीआरओ से हरी झंडी मिलने के बाद श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात की अनुमति दी जाएगी। भद्रवाह-चंबा मार्ग, मुगल रोड और सिंथन रोड पहले से बंद हैं। करनाह-कुपवाड़ा मार्ग बहाल है।

### हिमपात से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हिमपात से स्थानीय लोग और पर्यटकों तो खुश दिखे, लेकिन इससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारी हिमपात के कारण नवयुग सुरंग में बर्फ हटाने का काम बाधित हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे मौसम में सुधार होने और सड़क साफ होने तक गैरजरूरी यात्रा न करें। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पटरियों पर भारी बर्फ जमा होने के कारण बनिहाल-बारामूला खंड पर ट्रेन सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं। पटरियों से बर्फ हटाने के प्रयास जारी हैं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी से हवाई अड्डे पर विमान परिचालन स्थगित हो जाने के कारण श्रीनगर से आने-जाने वाली उड़ानों पर भी असर पड़ा है। अधिकारियों ने बताया, "खराब मौसम के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे पर सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

## इमरान खान को भ्रष्टाचार केस में 14 साल की जेल, बुशरा को 7 साल की कैद

*दोनों पर राष्ट्रीय खजाने से 50 अरब रुपए का नुकसान का आरोप*

एजेंसी ▶▶ कराची



पाकिस्तान की एक कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के मामले में सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक इमरान को 14 और बुशरा को 7 साल की सजा मिली है। दोनों पर राष्ट्रीय खजाने को 50 अरब पाकिस्तानी रूपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे थे।

दोनों ने बुशरा बीबी के अल-कादिर ट्रस्ट के लिए पाकिस्तान सरकार की अरबों रुपए की जमीन सस्ते में बेच दिया था। इस मामले में इमरान को 9 मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पूरे मुल्क में फौज के कई अहम ठिकानों पर हमले हुए थे। पाकिस्तान के नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो ने अल-कादिर ट्रस्ट केस में दिसंबर 2023 में इमरान खान (72), बुशरा बीबी (50), और अन्य 6 व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया था। हालांकि जब इमरान के खिलाफ ये केस दर्ज हुआ, उससे पहले से ही वे तोशाखाना केस में अडियाला जेल में बंद थे।

## प्रयागराज के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने जारी किया बड़ा आदेश और चेतावनी भी

# महाकुंभ में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए 28 फरवरी तक निषेधाज्ञा रहेगी लागू, व्यवधान किया तो होगी कड़ी कार्रवाई

आने वाले दिनों में विभिन्न धर्मों/संप्रदायों के त्योहार जैसे महाकुंभ 2025/अमृत स्नान, जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म दिवस, गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, संत रविदास जयंती, माघी पूर्णिमा, वेलेंटाइन डे, शब- ई-बारात, महाशिवरात्रि, अन्य त्योहार और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। एसीपी ने कहा कि जिले में उक्त त्योहारों के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाये रखने की नितांत आवश्यकता है



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने शुक्रवार को 28 फरवरी तक पूरे जिले में निषेधाज्ञा आदेश पारित किया गया है। घोषणा में कहा गया है कि आने वाले दिनों में विभिन्न धर्मों/संप्रदायों के त्योहार जैसे महाकुंभ 2025/अमृत स्नान, जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म दिवस, गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, संत रविदास जयंती, माघी पूर्णिमा, वेलेंटाइन डे, शब- ई-बारात, महाशिवरात्रि, अन्य त्योहार और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। एसीपी ने कहा कि जिले में उक्त त्योहारों के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाने की नितांत आवश्यकता है। विभिन्न धर्मों/संप्रदायों के त्योहारों तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को सुरक्षित संपन्न कराने असामाजिक तत्वों के सभी प्रयासों को रोकना आवश्यक है। स्थिति की नजाकत को देखते हुए दूसरे पक्ष/पक्षों को सुने अथवा नोटिस दिए बिना पारित एकतरफा आदेश के लिए पर्याप्त कारण प्रस्तुत किया गया है।

### आदेश की विशिष्टताएं

1. कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का आयोजन, जुलूस, शोभायात्रा, अनशन, धरना, प्रदर्शन आदि नहीं करेगा।
2. कोई भी व्यक्ति/संगठन/व्यक्तियों का समूह धरना स्थल (पत्थर चर्च के पास) के अलावा कहीं भी धरना-प्रदर्शन नहीं करेगा।
3. सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कहीं भी ड्रोन का प्रयोग नहीं करेगा। केवल पुलिस एवं प्रशासनिक कार्यों में प्रयुक्त ड्रोन ही इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।
4. कोई भी व्यक्ति लाठी, डंडा (विकलांग/बुजुर्ग तथा सिख समुदाय के कृपाण धारण करने वालों को छोड़कर), कुल्हाड़ी, डंडा एवं किसी भी प्रकार का घातक हथियार या आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। केवल पुलिस एवं प्रशासनिक कर्मचारी एवं अधिकारी ही इस प्रतिबन्ध से मुक्त रहेंगे।
5. कोई भी व्यक्ति, किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कोई भड़काऊ भाषण नहीं देगा




### शांति व्यवस्था बनाना हमारी प्राथमिकता

एसीपी ने कहा कि विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर मुझे विश्वास है कि असामाजिक तत्वों द्वारा कानून में व्यवधान पैदा करने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जिले की सांप्रदायिक संवेदनशीलता को देखते हुए एवं जिले में उक्त त्योहारों के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनए रखने की नितांत आवश्यकता है।



## महाकुंभ में नागा संन्यासियों ने किया हंगामा, फाड़े बैनर पोस्टर

महाकुंभ मेले के दौरान एक बड़ा विवाद सामने आया है, जब कुछ युवाओं ने महाकुंभ को अंधविश्वास बताने वाले पोस्टर और बैनर लगाकर स्टॉल लगाया। इससे नाराज होकर नागा संन्यासियों ने मौके पर पहुंचकर स्टॉल में तोड़फोड़ की और पोस्टरों को आग के हवाले कर दिया। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

### भड़के साधु, टिकैत भी परेशान

नागा संन्यासियों ने स्टॉल में तोड़फोड़ की। उन्होंने सनातन विरोधी साहित्य और पोस्टरों को भी आग के हवाले कर दिया। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि इस प्रकार के तत्वों को यहां से निकाल देना चाहिए।

सीएम सैनी का ऐलान

### हरियाणा के गरीब बुजुर्गों को अपने खर्चे पर महाकुंभ भेजेगी सरकार



हरियाणा सरकार ने महाकुंभ को लेकर बड़ा फैसला किया है। सरकार ने राज्य के गरीब परिवारों के बुजुर्गों को महाकुंभ के दर्शन कराने का फैसला किया है। उन्हें मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत प्रयागराज ले जाया जाएगा यानी सरकारी खर्च पर वे महाकुंभ में स्नान कर पाएंगे।

रवि किशन ने लगाई डुबकी

### सब देखें सनातन संस्कृति का महाकुंभ



महाकुंभ में आस्था का जनसैलाब देखते ही बन रहा है। मां गंगा के तट पर सनातन धर्मियों का जमावड़ा है। शुक्रवार को गोरखपुर के सांसद, भाजपा नेता व बॉलीवुड एक्टर रवि किशन ने प्रयागराज के त्रिवेणी घाट पर स्नान किया। उन्होंने साधु संतों आशीर्वाद भी लिया। रवि किशन ने महाकुंभ की तैयारी की जमकर तारीफ की। रवि किशन ने कहा कि अखिलेश यादव को भी यहां आकर आस्था की डुबकी लगानी चाहिए। उन्हें सनातन संस्कृति के बारे में और अच्छा ज्ञान मिलेगा।

अभय सिंह ने खोले राज

### आईआईटी बाबा ने श्मशान में खाईं हड्डियां



आईआईटी बाबा अभय सिंह महाकुंभ 2025 में काफी ज्यादा वायरल हो रहे हैं। अब बाबा ने बताया कि उन्होंने अघोर साधना की है। साथ ही, उनके साथ भविष्य में क्या-क्या होगा, इसके बारे में भी बताया था। अघोरी ने आईआईटी बाबा को हड्डी भी खिलाई थी।

### 6 दिन में 7 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान

पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान नए रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है। 11 जनवरी से 16 जनवरी के बीच 7 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। गुरुवार को 30 लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान लाभ लिया।

## खबर संक्षेप

### आग से बचने तीसरी मंजिल से कूद गया




**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में आधी रात फ्लैट में आग लगने पर बचने के लिए प्रापर्टी डीलर ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। नीचे गिरकर चोट लगने पर उसकी मौत हो गई। पत्नी-बेटा बाल बाल बच गए। पालतू डॉग की भी मौत हो गई। अग्निकांड की सूचना पर दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### आरजी कर अस्पताल मामले में फैसला आज



**कोलकाता।** यहां के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में बहुप्रतीक्षित फैसला शनिवार को सुनाया जाएगा। सियालदह कोर्ट के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बन दास की अदालत ने सुनवाई पूरी कर ली थी। शनिवार को फैसला सुनाएंगे।

### 1.5 एकड़ में बनेगा मनमोहन का स्मारक



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में दिल्ली में एक स्मारक बनेगा। सरकार ने राष्ट्रीय स्मृति परिसर में 1.5 एकड़ जमीन इसके लिए रखी है। यह जगह पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि के पास है। सिंह के परिवार को यह सूचना दे दी गई है। सरकार ने परिवार से ट्रस्ट बनाने का अनुरोध किया है।

### आंध्र में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत



**चित्तूर।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर के पास एक भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं 22 अन्य घायल हो गए। ये दर्दनाक सड़क हादसा चित्तूर-ताचूरू हाइवे पर तब हुआ, जब एक प्राइवेट ट्रैवल्स की बस तिरुपति से तिरुचिरापल्ली जा रही थी। बस ने खड़े हुए ट्रक से बचने का प्रयास किया, लेकिन ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नड्डा ने जारी किया संकल्प पत्र

# महिलाओं को हर महीने 2,500 रु., सिलेंडर पर 500 रु. सब्सिडी, योजनाएं बंद नहीं होंगी

### भाजपा संकल्प पत्र तीन चरणों में लागू करेगी, यह इसका पहला हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**भ्रष्टाचार से दिल्ली को करेंगे मुक्त**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी कर दिया है। उन्होंने दिल्ली वासियों से वादा कि दिल्ली में जन कल्याण की चल रहीं वर्तमान योजनाएं भाजपा सरकार बनने के बाद भी जारी रहेंगी। योजनाओं से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत और उनमें सुधार किया जाएगा। उनको भ्रष्टाचार मुक्त भी किया जाएगा। भाजपा अपना संकल्प पत्र तीन चरणों में लागू करेगी। यह इसका पहला हिस्सा है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 रुपए देने का वादा किया है। इसके अलावा गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर में 500 रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। दिल्ली में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान भारत योजना को लागू किया जाएगा, योजना के तहत दिल्ली सरकार अलग से 5,00,000 का बीमा करेगी जबकि 5 लाख का बीमा केंद्र सरकार देगी।



### संकल्प पत्र की बड़ी घोषणाएं

- महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 दिए जाएंगे
- गरीब परिवारों को होली और दिवाली पर एक सिलेंडर मुक्त दिया जाएगा
- गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपए दिए जाएंगे
- 70 साल से अधिक आयु के लोगों को 10 लाख का बीमा कवर दिया जाएगा
- 60 से 70 साल के लोगों की पेंशन में 500 रुपए की बढ़ोतरी की जाएगी।
- 70 साल से अधिक उम्र के लोगों और दिव्यांग व विधवा महिलाओं को 3,000 पेंशन दी जाएगी

### मोहल्ला क्लीनिक में फर्जीवाड़ की जांच होगी

नड्डा ने दिल्ली की आप सरकार के मोहल्ला क्लीनिक को फर्जी स्वास्थ्य सेवा करार दिया। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक में फर्जीवाड़ा हुआ है और 300 करोड़ का घोटाला हुआ है। भाजपा सरकार बनने पर इस संबंध में जांच की जाएगी। आप की संजीवनी योजना पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि वह यह योजना अपनी सरकार बचाने के लिए लाई है।

केजरीवाल का पलटवार

### मेरी गारंटी पर भाजपा लड़ना चाह रही चुनाव



दिल्ली चुनाव से पहले भाजप ने शुक्रवार को पार्टी का संकल्प पत्र पेश किया। इसमें पार्टी ने कई बड़ी घोषणाएं की। स पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा मेरी ही गारंटी पर चुनाव लड़ना चाहती है। जो घोषणाएं वह कर रहे हैं, वह तो हम पहले ही दे रहे हैं। आपने नया क्या कर दिया है।

**पीएम को लिखा पत्र: मेट्रो किराए में छात्रों को 50 फीसदी सब्सिडी दें**

केजरीवाल ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए मेट्रो किराए में 50 फीसदी सब्सिडी देने की मांग की है।



### आप के दो पार्षद भाजपा में शामिल

दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच आम आदमी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। आप पार्टी के दो पार्षदों ने शुक्रवार को भाजपा ज्वाइन कर ली है। आप पार्षद रविंद्र सोलंकी और नरेंद्र गिरसा ने भाजपा का पटका पहनकर पार्टी ज्वाइन कर ली है। इस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोनों का स्वागत किया।

### दिल्ली चुनावः अजित ने जारी की 30 कैंडिडेट की लिस्ट



दिल्ली विधानसभा चुनाव में अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने यहां 30 उम्मीदवार उतारे हैं और अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला किया है। एनसीपी ने नई दिल्ली, कालकालजी और करावल नगर जैसी सीटों पर भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं। नई दिल्ली सीट से विश्वनाथ अग्रवाल, कालकाजी से जमील और करावल नगर सीट से संजय मिश्रा को मैदान में टिकट दिया गया है।

## हाईकोर्ट के आदेश पर 'सुप्रीम' रोक

# दिल्ली में 'आयुष्मान भारत' फिलहाल नहीं होगी लागू



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक आदेश में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फिलहाल लागू करने पर रोक लगा दी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार के बीच एक समझौता करने का निर्देश दिया था। इस समझौते के तहत प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य ढांचा मिशन को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लागू किया जाना था। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आदेश दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। दिल्ली की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि राज्य सूची की शक्तियां सीमित हैं, लेकिन उच्च न्यायालय ने सरकार की शक्तियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में फिर से परिभाषित किया है।

### रवि और स्टालिन को दी चेतावनी

#### अगली सुनवाई तक मामला सुलझा लें

तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल आरएन रवि के बीच कुलपतियों की नियुक्ति पर जारी विवाद कड़ी टिप्पणी की। न्यायमूर्ति एसबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अगली सुनवाई तक अगर यह मामला सुलझ जाता है तो ठीक है। नहीं तो हम इसे सुलझा लेंगे। राज्यपाल और तमिलनाडु सरकार के बीच विधेयकों को मंजूरी देने का मामला पिछले लंबे अटका पड़ा है। राज्यपाल रवि ने मद्रास विश्वविद्यालय, भारथिअर विश्वविद्यालय और तमिलनाडु शिक्षक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय के कुलपतियों के नामों को तय करने के लिए एक समिति का गठन किया था।

### सीजेआई ने किया एक और बदलाव

#### नई कमेटी में ज. नागरत्ना व बांसुरी शामिल

सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट में एक और बदलाव किया है। उन्होंने शीर्ष अदालत में जेंडर सेंसिटाइजेशन एंड इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी का पुनर्गठन किया है। 11 सदस्यों वाली इस समिति में जस्टिस बीवी नागरत्ना को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्रार की ओएसडी सुजाता सिंह सदस्य सचिव होंगी। इस पैनल में जस्टिस नोंगमईकापम कोटिस्वर सिंह और वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी, लिज़ मैथ्यू और बांसुरी स्वराज को सदस्य बनाया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने की क्यूएस सर्वे की सराहना

# भारत नौकरियों के लिए टॉप मार्केट बन रहा

### सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने जरूरी कौशल प्रदान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**इसे बढ़ावा देने को सरकार सक्रियता बढ़ा रही**

क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स इंडेक्स की रिपोर्ट में भारत को भविष्य की मांग वाली नौकरियों, जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , डिजिटल और ग्रीन टेक्नोलॉजी के लिए प्रमुख बाजार बताया गया है। पीएम ने इस उपलब्धि पर कहा कि सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने सक्रिय रूप से काम कर रही है। पीएम ने 'एक्स'पर लिखा, पिछले एक दशक में, हमारी सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जरूरी कौशल प्रदान करने पर काम किया है।



### नवाचार और उद्यमशीलता का केंद्र बना

हमने भारत को नवाचार और उद्यमशीलता का केंद्र बनाने के लिए तकनीक का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स इंडेक्स की यह रिपोर्ट हमें आगे की दिशा में प्रेरित करती है और युवाओं को सशक्त बनाने के हमारे प्रयासों को मजबूती देती है।

**कौशल विकास की पहलें आईं काम :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और कौशल विकास की पहलें इन रैंकिंग्स में दिखाई देने लगी हैं। क्यूएस क्वाक्वारेली साइमंड्स वैश्विक उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए विश्लेषण और जानकारी प्रदान करता है, जो शैक्षिक उपलब्धियों, अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता और करियर विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

### फ्यूचर ऑफ वर्क श्रेणी में भारत ने दूसरा स्थान हासिल किया

रिपोर्ट में 'फ्यूचर ऑफ वर्क' श्रेणी में भारत ने 99.1 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जिसमें वह केवल अमेरिका से पीछे है। रिपोर्ट ने भारत की वेंचर कैपिटल निवेश को आकर्षित करने और एआई को कार्यबल में शामिल करने की तैयारी की भी प्रशंसा की। केपनी के एग्जीक्यूटिव डाइरेक्टर डॉ. अश्विन फर्नांडिस ने भारत की प्रगति की सराहना की।

## आधी रात एम्स के बाहर पहुंचे राहुल

# मरीजों और परिजनों का जाना हाल लोगों की समस्याएं-शिकायतें सुनी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी गुरुवार देर रात दिल्ली के एम्स अस्पताल के बाहर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के के आसपास सड़कों, फुटपाथों और सबवे पर डेरा डाले कई मरीजों और उनके परिवारों से मुलाकात की। राहुल ने केंद्र और दिल्ली सरकार पर उनके प्रति असंवेदनशीलता दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों की समस्याओं और शिकायतों के बारे में जानकारी ली।

### केंद्र और राज्य सरकार पर साधा निशाना

गांधी ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि बीमारी का बोझ, ठिठुराने वाली सर्दी और सरकारी असंवेदनशीलता। आज मैं एम्स के बाहर मरीजों और उनके परिवारों से मिला, जो दूर-दराज से इलाज की आस में आए हैं। राहुल ने कहा कि इलाज की राह में वे सड़कों, फुटपाथों और सबवे पर सोने को मजबूर हैं-ठंडी जमीन, भूख, और असुविधाओं के बीच भी बस उम्मीद की एक लौ जलाए बैठे हैं। केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों, जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से नाकाम रहे हैं।

वेयर हाउस कर्मी व सर्वेयर का ऑडियो हुआ वायरल

# धान खरीदी में फिर बड़ा घोटाला होने की संभावना...

## ऑडियो में शुभम नाम का व्यक्ति सरेआम मांग रहा है पैसे

हरिभूमि, जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश के बावजूद धान खरीदी में भारी अनियमिताएं देखने को मिल रही हैं आए दिन हो रही कार्रवाई के बाद भी अनियमिताएं हैं कि रोकने का नाम नहीं ले रही हैं ऐसा लगता है जैसे अधिकारी कर्मचारियों में किसी प्रकार का कोई प्रशासनिक कार्रवाई का खौफ नहीं रह गया हो। ऐसा ही एक मामला उसे समय उजागर हुआ जब सोशल मर एक ऑडियो वायरल होता है जिसमें शुभम नामक व्यक्ति सरेआम वेयरहाउस कमी के साथ पैसे की डील करता हुआ सुनाई दे रहा है मामला शाहपुरा अंतर्गत अरिहंत वेयरहाउस का बताया जा रहा है।

गौरतलाप है कि सोशल मीडिया पर एक ऑडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें शुभम नामक व्यक्ति अपने आप को धान खरीदी का सर्वे शर्मा बता रहा है यही नहीं ऑडियो में और गली क्लोज करते हुए कह रहा है कि मेरे रहते यहां पर कोई नहीं आ सकता है एक रुपए प्रति कुंटल धान की खरीद से पैसे की मांग की जा रही है वहीं वेयरहाउस कर्मी अरिहंत वेयरहाउस को अपने बड़े भाई का वेयरहाउस बता रहा है साथ में वह कहता है कि हम 10000 अपने खाते में बुला लेते हैं जो आपको दे देंगे जबकि शुभम नामक व्यक्ति कहता है कि मुझे रिजेक्शन चाहिए पैसे नहीं अगर रिजेक्शन नहीं दिया तो 1 प्रति कुंतल के हिसाब से जितनी भी खरीदी हुई उतना पैसा मुझे चाहिए

### विभाग में मचा हड़कंप -

एक वेयरहाउस संचालक के करीबी और सर्वेयर के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर हुई बातचीत का एक ऑडियो वायरल हो गया है। दोनों के बीच हो रही बातचीत



अरिहंत वेयरहाउस का नाम सामने आया है जिसमें रखे एक स्टेक नॉन एफ ए क्यू धान की खरीदी किये जाने को लेकर 20 हजार रुपए के लेनदेन की बातचीत हो रही है। वेयरहाउस संचालक का करीबी सर्वेयर से 10000 में सेटलमेंट करने की सौदेबाजी करता हुआ सुनाई दे रहा है। लेकिन सर्वेयर 20 हजार रुपए लेने पर ही अड़ा रहा। इस बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद से ही प्रशासनिक गलियारों में भी हड़कंप मचा है।

### वायरल ऑडियो की हो रही है जांच

वायरल ऑडियो में अरिहंत वेयरहाउस का नाम सामने आने के बाद खाद्य विभाग के दो अधिकारियों को इसकी जांच का जिम्मा सौंपा है। सहायक जिला आपूर्ति नियंत्रक संजय खरे ने बताया कि गठित टीम के द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है और बातचीत में जिन दो लोगों हर्षित और शुभम के नाम सामने आए हैं उनके बारे में भी पता लगाया जा रहा है जल्दी ही जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट कलेक्टर दीपक सक्सेना को सौंपी जाएगी और जो भी तथ्य आएंगे उस आधार पर कलेक्टर के निर्देश पर कार्यवाही की जाएगी हालांकि उन्होंने कहा को फिलहाल इस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन इस बात पड़ताल की जा रही है की ये कहां का है और कब का है।

# जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने में एयर इंडिया असमर्थ

## हाई कोर्ट में पेश किया जवाब, सुनवाई 19 फरवरी को

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के मामले पर एयर इंडिया की ओर से अपना जवाब पेश किया गया। कंपनी की ओर से कहा गया कि विस्तृत सर्वे करने के बाद वो जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने में असमर्थ है। हाई कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होना है। एयर इंडिया की ओर से जवाब अधिवक्ता अल्हाद नरसिंह कुलकर्णी ने प्रस्तुत किया है।



नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की ओर से जनहित याचिका दायर की गई है। जिसमें कहा गया है कि जबलपुर में अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट हैं। पूर्व में जबलपुर से मुम्बई, पुणे, कोलकाता, बेंगलुरू आदि शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती थी। जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर तथा भोपाल के सामान थी। फ्लाईट के लगातार बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में जबलपुर से औसतन 15 फ्लाइट संचालित होती थीं। वर्तमान में घटकर इनकी संख्या पांच हो गई है। इससे जबलपुर का विकास अवरुद्ध हो रहा है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान इंडिगो विमान कंपनी ने अपना जवाब पेश कर दिया था। पिछली सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने एयर इंडिया एक्सप्रेस को अनावेदक बनाते हुए नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा गया था। उक्त नोटिस के परिप्रेक्ष्य में कंपनी द्वारा पेश जवाब में कहा गया है कि उनके द्वारा देश के 45 हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन होता है। भारत के जिन 73 एयरपोट्स से उनकी कंपनी द्वारा उड़ाने नहीं भरती, उसमें जबलपुर भी शामिल है। विभिन्न एयरपोट्स से फ्लाईट्स का संचालन लाभ-हानि की दृष्टि से तय होता है।

## पुलिस कप्तान ने देर रात 10 थाना प्रभारियों के प्रभार बदले

**जबलपुर।** पुलिस कप्तान ने संपत उपाध्याय ने गुरुवार की देर रात 10 थाना प्रभारियों के थाने बदल दिए। इसमें शहर के बीचों बीच कोतवाली थाने में माढ़ोताल से विपिन ताम्रकार को पदस्थ किया गया है वहीं गढ़ा से नीलेश दोहरे को माढ़ोताल थाने की कमान सौंपी गई है। एसपी संपत उपाध्याय ने कोतवाली थाना प्रभारी भुवन देशमुख को क्राइम ब्रांच भेजा है। इसके साथ ही, बेलखेड़ा थाना प्रभारी सरोजनी टोप्पो को खमरिया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, क्राइम ब्रांच में तैनात अर्चना जाट को खितौला थाना प्रभारी बनाया गया है। गोरखपुर थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा को गढ़ा थाना भेजा गया है। गोरखपुर थाने में पुलिस लाईन में तैनात नितिन कमल को गोरखपुर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खमरिया थाना प्रभारी गजवती पुसाम को बेलखेड़ा थाना भेजा गया है। वहीं पुलिस लाइन में तैनात जीपी राजपूत और अनिल पटेल को क्राइम ब्रांच की जिम्मेदारी दी गई है।



# सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, नाथूराम गौंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सक्सेना ने सभी विभागों के सीएम हेल्प लाइन में लंबित प्रकरणों की एक-एक समीक्षा कर निर्देश दिये कि सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें और जिले की रैंकिंग सुधारे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग के सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों के निराकरण के लिये अभियान चलायें। कलेक्टर सक्सेना ने समीक्षा में महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर निगम, पंचायत व ग्रामीण विकास तथा राजस्व से जुड़े अधिकारियों से कहा कि प्रकरणों का निराकरण कर प्रतिदिन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति से उन्हें अवगत करायें।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक


अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, नाथूराम गौंड सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने मुख्य रूप से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा बटांकन, फार्मर रजिस्ट्री, आरओआर आधार लिंकिंग की तहसीलवार प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही राजस्व महाभियान की प्रगति पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि कार्यालयीन कार्य सुविधा की दृष्टि से तहसील कार्यालय में कुछ पटवारियों को दायित्व दिया जाये, जिससे इस दिशा में प्रगति तेजी से हो सके। उन्होंने रांझी में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने के प्रकरण पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिये। साथ ही कहा कि जहां-जहां ज्यादा शिकायतें आ रही हैं वहां शिकायत आने के कारणों की जांच भी की जाये। बैठक के दौरान तहसीलवार आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा भी की गई। राजस्व अधिकारियों से अन्य मुद्दों पर चर्चा के दौरान कहा कि धान उपार्जन पर निगरानी रखें, कहीं भी गड़बड़ी की स्थिति न बने, लापरवाही व गड़बड़ी करने वालों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

# 6 माह से 19 साल के बच्चें ब्लड कैंसर की चपेट में आ रहे

## स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में इलाज के बाद हाईरिस्क से बाहर आए कई बच्चे

जबलपुर।

बच्चों में 6 माह से लेकर 19 साल तक के बच्चों में ब्लड कैंसर के मामलें सामने आ रहे है। स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। ज्यादातर बच्चों में ब्ल्ड कैंसर के लक्षण पाए गए। अच्छी बात यह रही कि हाईरिस्क में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (एससीआई) में इलाज के लिए पहुंचे बच्चें हाईरिस्क से बाहर आए और गंभीर खतरे से उनका बचाव संभव हो पाया। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले एक साल के दरम्यिान 180 कैंसर पीड़ित बच्चे अस्पताल में भर्ती हुए, जिनमें 92 यानि 51 प्रतिशत बच्चों ने ब्लड कैंसर डायग्नोस किया गया, जबकि शेष बच्चों



अन्य तरह के कैंसरों की पहचान हुई। बताया गया है कि कुछ बच्चों में एडवांस डिजीज के केस देखने को मिले, जिसमें न्यूरोब्लास्टोमा ट्यूमर प्रमुख है। स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में न सिर्फ महाकोशल, बल्कि मध्य भारत के तमाम जिलों से कैंसर के मरीज उपचार कराने पहुंचते हैं। यहां उन्हें जबलपुर में निःशुल्क उपचार मिल रहा है।

### गंभीर स्थिति में पहुंच रहे अधिकांश बच्चें

कई जगहों पर इलाज कराने के बाद इंस्टीट्यूट में पहुंचने वालें बच्चें गंभीर स्थिति में यहां आते हैं। इसके पूर्व न तो उनकी बीमारी डायग्नोस हो पाती है और न ही उपचार हो पाता हैं। बच्चों के पालक स्थानीय डॉक्टरों या अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचते हैं केस बिगड़ने के बाद वे स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट का रुख करते है। अनेक मामलों में देरी की संभावना प्रबल होती है। एससीआई की ओपीडी में हर दिन 300 से अधिक मरीज उपचार को आते हैं। इनमें बड़ी उम्र के कई मामले में स्टेज एक या दो का कैंसर के लक्षण जांच में सामने आते हैं। इस स्टेज में मरीज को ठीक करना ज्यादा आसान होता है।

### ब्लड कैंसर की नहीं होती कोई स्टेज

पिछले एक साल में कैंसर से पीड़ित करीब 180 बच्चें एससीआई में इलाज के लिए परिजनों के साथ पहुंचे, इनमें 92 बच्चों में से ब्लड कैंसर डायग्नोस हुआ। जबकि अन्य बच्चों में ब्रेन ट्यूमर व अन्य तरह के कैंसर की पहचान हुई। चिकित्सकों के मुताबिक ब्लड कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसकी कोई स्टेज नहीं होती। यह हाई रिस्क या फिर रिस्क से बाहर होना प्रमुख है।

## कमिश्नर वर्मा ने परियोजना अधिकारी को किया निलंबित

**जबलपुर।** कमिश्नर अभय वर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग डिंडौरी की परियोजना अधिकारी प्रेरणा मर्सकोले को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में उल्लेख किया गया कि डिंडौरी की आंगनवाडी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने सुमर्सकोले के खिलाफ लिखित और ऑडियो-वीडियो माध्यम से शिकायत की थी। जिला स्तरीय जांच समिति द्वारा की गई जांच में यह पाया गया कि प्रेरणा मर्सकोले ने 43,500 रुपये की राशि अनाधिकृत रूप से वसूल की। कार्यकर्ताओं के बयान से यह स्पष्ट हुआ कि मर्सकोले ने दवाब डालकर और वेतन काटने की धमकी देकर राशि वसूली। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, जब कार्यकर्ताओं ने नोटिस का जवाब दिया तो उन्हें अलग कर दिया गया, और लिपिक द्वारा जबाव तैयार कर राशि वसूली गई। इसके अलावा, कार्यकर्ताओं के आरोपों के आधार पर जांच में यह भी सामने आया कि मर्सकोले ने अवैध तरीके से राशि वसूली और शासन के नियमों का उल्लंघन किया। इस गंभीर वित्तीय अनियमितता और आचरण नियमों के उल्लंघन के कारण कमिश्नर वर्मा ने उन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत निलंबित कर दिया।

## देश के 63 एयरपोर्ट में जबलपुर 28 वें नम्बर पर

लुक और सुविधाओं से फ्लायर्स असंतुष्ट

**जबलपुर।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने देशभर के 63 प्रमुख एयरपोट्र्स का ग्राहक संतुष्टि सर्वे कराया। इस सर्वे में विभिन्न एयरपोट्र्स के ग्राहक अनुभव और सुविधाओं पर प्रतिक्रिया ली गई। सर्वे के परिणामों में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है कि जबलपुर एयरपोर्ट के यात्री यानी फ्लायिस एयरपोर्ट की सुविधाओं और लुक से खासे असंतुष्ट हैं। इस असंतुष्टि के कारण जबलपुर एयरपोर्ट को सर्वे में 28वां स्थान प्राप्त हुआ है, जो दर्शाता है कि यात्रियों की नजर से यहां की सेवाओं में काफी सुधार की आवश्यकता है।

### दो राउंड में हुआ सर्वे

यह सर्वे 2024-25 के दौरान दो राउंड में आयोजित किया गया। पहले राउंड में जनवरी से जून तक का डेटा लिया गया, जबकि दूसरे राउंड की प्रक्रिया जुलाई से दिसंबर तक चली। सर्वे के दौरान दोनों राउंड के सूचकांकों का अंतर निकाला गया, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि दूसरे राउंड में एयरपोट्र्स ने अपनी सेवाओं में कितना सुधार किया है।

### जबलपुर एयरपोर्ट पर सुधार की उम्मीद

जबलपुर एयरपोर्ट को पहले राउंड में 4.35 का स्कोर मिला था, जबकि दूसरे राउंड में यह स्कोर बढ़कर 4.72 हो गया। इस प्रकार, जबलपुर एयरपोर्ट ने .37 अंक का सुधार किया है, हालांकि यह सुधार इतना अधिक नहीं है कि यह एयरपोर्ट को संतुष्ट करने के मामले में उच्च स्थान दिलवा सके।

### सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता

यात्रियों का कहना है कि जबलपुर एयरपोर्ट पर न केवल सुविधाओं की कमी है, बल्कि यहां का वातावरण और इन्फ्रास्ट्रक्चर भी थोड़ा पुराना लगता है। एयरपोर्ट पर पर्याप्त बैठने की व्यवस्था नहीं है, और यात्री आसानी से अपनी फ्लाइट्स की जानकारी नहीं प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, एयरपोर्ट के लुक में भी आधुनिकता की कमी महसूस की जाती है। ऐसे में, अगर प्रशासन और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण एयरपोर्ट की सुविधाओं में सुधार करने के लिए ठोस कदम उठाते हैं, तो भविष्य में इसे और बेहतर स्थान प्राप्त हो सकता है।

### खजुराहो एयरपोर्ट ने किया प्रदेश का नाम रोशन

प्रदेश के खजुराहो एयरपोर्ट ने 8वां स्थान प्राप्त किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष भी प्रदेश का नंबर 1 एयरपोर्ट बना हुआ है। खजुराहो एयरपोर्ट के उच्च स्थान को वहां की बेहतर सुविधाओं और यात्री अनुभव का परिणाम माना जा सकता है। वहीं, प्रदेश की राजधानी भोपाल का एयरपोर्ट 15वें स्थान पर और ग्वालियर एयरपोर्ट 10वें स्थान पर रहा। वहीं देशभर में सबसे अच्छा प्रदर्शन कांगड़ा एयरपोर्ट ने किया, जो पहले स्थान पर रहा। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः देहरादून और उदयपुर एयरपोट्र्स रहे।

## समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता पर कार्यशाला

# थाने आने वाले पीड़ितों के प्रति संवेदनशील बनें: पुलिस महानिरीक्षक

**जबलपुर।** पुलिस कन्ट्रोलरूम जबलपुर में ''समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता'' विषय पर एक दिवसीय जोन स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन अनिल सिंह कुशवाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्यायभी उपस्थित थे।

कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) प्रदीप कुमार शेण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक गढ़ा देवेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुआकांक्षा उपाध्याय, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संतोष कुमार शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक जिला कटनी प्रभात शुक्ला सहित जोन जबलपुर के सहायक उप निरीक्षक से लेकर उप पुलिस अधीक्षक स्तर के 38 अधिकारी उपस्थित थे।

पुलिस महानिरीक्षक अनिल सिंह कुशवाह ने कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को नए नियमों और कानूनों से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि जब कोई व्यक्ति थाने में आता है, तो वह किसी न किसी प्रकार से पीड़ित होता है और उसकी अपेक्षाएं होती हैं कि कानूनी प्रावधानों के तहत त्वरित कार्यवाही की जाए। पुलिस



अधिकारियों का दायित्व है कि वे पीड़ित व्यक्ति की समस्या को शांति और संवेदनशीलता से सुनकर विधिसम्मत कार्रवाई करें और उसे राहत पहुंचाएं।

कुशवाह ने अधिकारियों से अपने फील्ड अनुभवों को साझा करने और आपस में विचार-विमर्श करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से प्राप्त जानकारी को अधिकारियों को अपने थानों में शेयर करना चाहिए, ताकि पूरी पुलिस टीम को लाभ मिल सके।

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के प्रावधानों पर चर्चा की जाएगी, साथ ही एससी/एसटी (पीओए) के अपराधों में आईटी एक्ट का महत्व, साक्ष्य संकलन, और अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मध्य प्रदेश शासन की योजनाओं पर भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वे पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने में सकारात्मक प्रयास करें और किसी भी प्रकार के अपराध पर त्वरित न्यायसंगत कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, सभी साक्ष्यों को एकत्रित करना चाहिए, और विधि विशेषज्ञों की राय लेकर समय पर चालान पेश करना चाहिए। उनका मानना है कि पुलिस अधिकारियों की संवेदनशीलता से ही पीड़ित पक्ष को संतुष्टि मिल सकती है।

इस कार्यशाला के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

## अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती

# प्रतियोगिता का खिताब हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप ने जीता

हरिभूमि जबलपुर।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता का खिताब हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप 24 अंक हासिल कर जीत लिया। प्रतियोगिता में हरियाणा के पहलवानों ने तीन स्वर्ण पदक, दो रजत पदक व तीन कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में उपविजेता पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) की टीम व तृतीय स्थान पर हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत मण्डल की टीम रही। दोनों टीमों ने 19-19 अंक हासिल किए लेकिन पंजाब द्वारा पदक तालिका में अधिक स्वर्ण पदक जीतने के कारण पंजाब को उपविजेता घोषित किया गया। मेजबान एमपी पावर ने प्रतियोगिता में एक रजत व तीन कांस्य पदक जीते। विजेता व उपविजेता टीम को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता कार्पोरेट अफेयर्स अतुल जोशी, प्रतियोगिता के आब्जर्बर बिहार पावर के संजीव कुमार ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान की।



### मेजबान एमपी पावर के चार पहलवानों को मिले पदक

प्रतियोगिता में एमपी पावर के चार पहलवानों को एक रजत व तीन को कांस्य पदक मिले। एमपी पावर के संतोष द्विवेदी 92 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पहुंचे लेकिन स्वर्ण पदक जीत नहीं पाए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### मूक बधिर पहलवान को विशेष पुरस्कार

प्रतियोगिता में प्रतिभागी राजस्थान टीम के दिव्यांग पहलवान (मूक बधिर) सुनील कुमार को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के रैफरी अर्जुन यादव, विश्वामित्र अवार्डी विनय प्रजापति, देवेन्द्र उपाध्याय, चंदन चक्रवर्ती, जितेन्द्र राजपूत, मनीष सोनकर व राकेश यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया और उनकी उत्कृष्ट रैफरीशिप की सराहना प्रतियोगिता की सभी प्रतिभागी टीमों द्वारा की गई। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के निवृतमान कार्यालय प्रभारी एनबी क्षत्रीय को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समापन समारोह का संचालन जयवंत वामन खारपाटे ने किया।



## ट्रांसको प्रीमियर लीग में वारियर्स ने अपना मुकाबला जीता

**जबलपुर।** एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में अंतर विभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत स्थानीय पांडुताल स्टेडियम में खेली जा रही "ट्रांसको प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025" में मैन आफ द मैच इकबाल खान की करिश्माई बैटिंग तथा 3 जबरदस्त कैच की बदौलत वॉरियर्स ने अपना मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। पहले खेलते हुए राइडर्स टीम अमीन के 24 रन की मदद से 71 रन बनाने में सफल रही। इकबाल खान ने जबरदस्त क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश करते हुए तीन आकर्षक कैच लपके।

जवाब में कप्तान इकबाल खान के तेजी से बने दमदार रनों की बदौलत वारियर्स ने 8 वें ओवर में ही तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। दूसरे मैच में स्ट्राइकर्स ने सुपर किंग्स को 10 विकेट से हराया। पहले खेलते हुए सुपरकिंग्स 10 ओवर में 50 रन का मामूली स्कोर खड़ा कर सके। हालांकि मयंक जैन ने संघर्ष पूर्ण 27 रन बनाए। योगेश ने 4 विकेट लिए। जबाब में जीत के लिए आवश्यक रन स्ट्राइकर्स ने पांचवे ओवर में ही बिना विकेट खोकर बना लिए। प्रवीण ने चौके छक्कों की बरसात करते हुए धमाकेदार 45 रन बनाए।

महिला वर्ग के मैच में पावर स्मैशर्स ने पावर एंजिल्स को 08 विकेट से हराया। पहले खेलते हुए पावर एंजिल्स ने 9 ओवर में 04 विकेट खोकर 44 रन का स्कोर खड़ा किया। मोनिका ने संघर्ष पूर्ण 12 रन बनाए। जबाव में अन्नू के 22 रन की बदौलत पावर स्मैशर्स ने दो विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। आज सभी वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले जायेगें।

## संकल्प में विकल्प नहीं होता : शैवी दुबे

# मिस्पा मिशन स्कूल के वार्षिकोत्सव में दो सौ बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सिहोरा।** नगर के मिस्पा मिशन स्कुल के वार्षिकोत्सव में करीब 200 छात्र छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति वाले ग्रुप डांस,लोक नृत्य,साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता वाले शानदार नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आयोजन मिस्पा मिशन स्कुल की छात्रा एंव उत्तरप्रदेश एंव बिहार लोकसेवा आयोग में चयनित शैवी दुबे के मुख्य आतिथ्य,श्रीमती संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता पार्षद कल्पना पांडे, रीता शुक्ला, ज्योति चक्रवर्ती,बेबी पाल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।




अतिथियों का स्वागत संचालक वीं स दी वर्गीस,प्राचार्य राजेश पंजाबी ने किया। बच्चों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि जब हम कोई संकल्प लेकर आगे बढ़ते हैं तो रास्ते में बहुत सी कठिनाइयां आती हैं अधिकांश लोग उस समय विकल्प चुनकर संकल्प से विचलित हो जाते हैं जबकि संकल्प का कोई विकल्प हो ही नहीं सकता। जो आगे बढ़ते हैं उनको एक न एक दिन कामयाबी जरुर मिलती है। अभिभावकों से निवेदन करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने बच्चों के ऊपर शादी करने का दबाव न बनायें बल्कि अच्छी शिक्षा के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। क्योंकि शिक्षा ही वह ब्रम्हास्त्र है जो विश्व की दिशा बदल सकता है। आयोजन में विद्यालय से पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 160 विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा की बैठक

# कांग्रेस संगठन को रिचार्ज की जरुरत : रजनीश सिंह



**सिहोरा।** जनता के बीच हमारी उपस्थिति सत्ताधारी दल से कम होने के कारण हम विपक्ष में हैं कांग्रेस संगठन को रिचार्ज की आवश्यकता है उक्ताशय के उद्गार विधायक रजनीश सिंह प्रभारी जबलपुर ग्रामीण ने सिहोरा रेस्ट हाउस में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिहारी पटेल के संयोजन में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में व्यक्त की। जबलपुर जिला ग्रामीण की सह प्रभारी सुनीता पटेल पूर्व विधायक गाडरवारा,पूर्व विधायक नित्य निरंजन खम्परिया,ग्रामीण अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी डॉक्टर नीलेश जैन की उपस्थिति में आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सिंह ने कहा कि संचार क्रांति के जनक राजीव गांधी द्वारा उपलब्ध कराए गए संचार माध्यम का उपयोग कर सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता ऐसी अनेक योजना की वाहवाही लूट लेते हैं जो शुरू ही नहीं होती। भाजपा के इतिहास से नवयुवकों को अवगत कराने एवं सत्ताधारी दल की कथनी एवं करनी को स्पष्ट करने जनता के बीच जाने की आवश्यकता है। सत्ताधारी दल की विदाई के लिए संगठन को मजबूत करना नितांत आवश्यक है जिसके लिए पंचायत वार्ड बूथ मोहल्ला स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लेना होगा।

न केवल बाबा साहेब आंबेडकर बल्कि गांधी की विरासत पर भी हमला बोला जा रहा है।जिसका पुरजोर विरोध करने 27 जनवरी को बाबासाहेब आंबेडकर की जन्मस्थली मध्य प्रदेश के महू में जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम अंतर्गत विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। समस्त कार्यकर्ताओं से उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है। इस अवसर पर रुकमणी गोटिया,जितेंद्र श्रीवास्तव,प्रदेश सचिव राजेश चौबे, गणेश दाहिया,गिरधर सरावगी,घनश्याम बढ़गैया, मुकुल खम्परिया,पवन सोनी,दौलत राम तंतुवाय, लाल बहादुर पाठक,गुल्लू खान,मंसूर मंसूरी सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## युवा शक्ति भारत की भाग्य विधाता : बरकडे

**सिहोरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई सिहोरा द्वारा शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आनन्दमयी सार्थक विद्यार्थी जीवन पर संगोष्ठी का आयोजन विधायक संतोष बरकडे के मुख्य आतिथ्य,अभाविप महाकौशल प्रांत के प्रांत मंत्री माखन शर्मा,मध्य क्षेत्र की क्षेत्रीय छात्रा प्रमुख कुमारी वसुंधरा सिंह, नरसिंहपुर विभाग की विभाग छात्रा प्रमुख राशी जैन की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि कहा कि भारत एक युवा देश है और युवा ही रहेगा क्योंकि इस देश में युवा शक्ति ही भारत की भाग्य विधाता है। खेल के माध्यम से युवाओं का स्वास्थ्य जीवन बन सकता है। प्रांत मंत्री ने कहा कि जिस दिन से भारत का युवा शिक्षा, खेल, चिकित्सा, ज्ञान, विज्ञान,तकनीकी, साहित्य आदि क्षेत्रों के माध्यम से इस देश की उन्नति के लिए योगदान देगा। क्षेत्रीय छात्रा प्रमुख ने कहा कि अभाविप आनंदमय सार्थक छात्र जीवन के अंतर्गत प्रयासरत है। आभार जिला संयोजक आनन्द श्रीवास ने व्यक्त किया।




## बड़े-बड़े गड्ढे दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

**मझौली।** नगर परिषद मझौली सुहोजनी तिराहा इंद्राणा रोड तिराहा पर रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे एवं भरा हुआ पानी एक बड़े हादसे को निमंत्रण दे रहा हैए जबकि इस रोड पर बड़े एवं स्कूल के वाहन पूरे दिन दौड़ते रहते हैं। इस रोड पर दोनों और नाली निर्माण कार्य नहीं किया गया है जिस कारण पूरे रोड पर पानी फैला रहता है इस कारण यहां पर आने-जाने वाले राहगीरों को रोड के गड्ढे नजर नहीं आते जिस कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। शासन प्रशासन नगर परिषद मझौली के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



## अजाक्स के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**मझौली।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन अजाक्स के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन सहायक संचालक शिक्षा मझौली अतुल चौधरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अजाक्स जिला महासचिव राधिका प्रसाद दहिया, संरक्षक बलवीर सिंह ठाकुर, हिमाचल सिंह ठाकुर, मोहन प्रसाद मरावी सहित अजाक्स के तहसील अध्यक्ष देवराज, ब्लॉक अध्यक्ष विजय दहिया, वीरेंद्र झरिया सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी अजक्स के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आधा दर्जन ग्रामों में आबकारी विभाग की कार्रवाई

**सिहोरा।** आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार मदिरा के अवैध निर्माण,विक्रय,संग्रहण एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु विशेष अभियान के तहत कलेक्टर के निर्देशन,सहायक आबकारी आयुक्त के मार्गदर्शन में वृत्त सिहोरा के गोसलपुर क्षेत्र अंतर्गत रिठौरी, अलगोड़ा, रमखिरिया, कटरा, जुझारी व धमकी में अवैध मदिरा निर्माण एवं संग्रहण की सूचना पर दबिश दी गई जहाँ से कुल 25 लीटर हाथ भट्टी शराब, 85 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं लगभग 750 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया । कार्यवाही में जप्त मदिरा एवं लाहन का अनुमानित मूल्य 84700 रु है सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क,(च )के तहत कुल 05 प्रकरण दर्ज किये गये। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्वेता सिंह तिवारी एवं आबकारी मुख्य आरक्षक नेकलाल बागरी,संत लाल मरावी,फूल सिंह ऐंटिआ,अशोक सिंह बघेल, अमिता केशरवानी एवं ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहें।



## असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। कंट्रोल रुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 3 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 52 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 8 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 9 गैरम्यादी, 42 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है।

**श्री सीताराम पटेल-** अमखेरा बस्ती नं. 1 गोहलपुर निवासी श्री सीताराम पटेल (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज रंगरी-** मदनमहल एलआईसी के पास निवासी श्री मनोज रंगरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ज्ञान सिंह ठाकुर-** ट्युलिप अपार्टमेंट गंगासागर रोड निवासी श्री ज्ञान सिंह ठाकुर (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनीता रैकवार-** बाबा टोला सिंधी कैंप निवासी श्री सुदीप रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता रैकवार (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लक्ष्मण प्रसाद पटेल-** परसवाड़ा शांति नगर निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद पटेल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विद्या दुबे-** बंबा देवी आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री बद्री प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या दुबे (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तारा बाई कुरील-** छापाखाना पेंटीनाका सदर निवासी




श्री लक्ष्मण कुरील की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई कुरील (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुजन कोल-** कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री सुजन कोल (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरिनाथ मेहता-** जगदम्बा कॉलोनी स्टेट बैंक कॉलोनी के पास निवासी श्री हरिनाथ मेहता (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मट्टो बाई चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री सुख लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती मट्टो बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लक्ष्मण विश्वकर्मा-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सोहन लाल विश्वकर्मा के पुत्र श्री लक्ष्मण विश्वकर्मा (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजीत जाट-** पूर्वी बेलबाग कंजर मोहल्ला निवासी श्री दुरजे जाट के पुत्र श्री अजीत जाट (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तारा ठाकुर-** टैगोर नगर महादेव प्राइड के पास निवासी श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती तारा ठाकुर (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज मिश्रा-** वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री मनोज मिश्रा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।


**श्री मनेंद्र बोहरे-** ग्राम टिकरी पनागर निवासी श्री मनेंद्र बोहरे (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बुद्धू दास बैरागी-** ग्वारीघाट निवासी श्री बुद्धू दास बैरागी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मनोहर राव बालोकर-** अम्बिका विहार रामपुर निवासी श्री मनोहर राव बालोकर (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आशीष वाजपेयी-** गली नं. 18, ग्रीन सिटी निवासी श्री राजेंद्र कुमार वाजपेयी के पुत्र श्री आशीष वाजपेयी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती रामकली देवी शिवहरे-** पुरानी बस्ती सुहागी निवासी श्री सुंदर लाल शिवहरे की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली देवी शिवहरे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।






# बिना किसी गारंटी के आधार कार्ड से मिलेगा 10 हजार का लोन, किस्तों में चुकाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कई बार ऐसी स्थिति आ जाती है, जब आपको अचानक पैसों की जरूरत होती है और इस समय पर कोई दोस्त-रिश्तेदार आपकी मदद नहीं कर सकता। अगर आप भी किसी ऐसी परिस्थिति में फंस गए हैं तो आधार कार्ड की मदद से आपको 10,000 रुपए का लोन तुरंत मिल जाएगा।

- लोन में आधार कार्ड के अलावा कोई और डाक्यूमेंट नहीं देना होता

इस लोन की सबसे बड़ी खासियत ये है कि आपको इसे एक साथ नहीं चुकाना होगा, इसे अपनी सुविधा के अनुसार किस्तों में चुकाया जा सकता है। साथ ही 10 हजार रुपए के इस लोन के लिए कोई गारंटी भी नहीं देनी होगी।

## नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी और फिनटेक प्लेटफॉर्म से ले सकते हैं

### क्रेडिट स्कोर अच्छा होना चाहिए

पर्सनल लोन सरकारी बैंक बहुत कम देती हैं। अगर आपका क्रेडिट स्कोर अच्छा है और आप लोन अप्लाई करते समय पैन कार्ड का यूज करते हैं तो प्राइवेट बैंक आसानी से पर्सनल लोन दे देती हैं। वहीं आपके पास पैन कार्ड नहीं है तो आप आधार कार्ड की मदद से एनबीएफसी (नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी) और फिनटेक प्लेटफॉर्म से पर्सनल लोन ले सकते हैं।




### 21 से 60 साल की उम्र के लोग कर सकते है अप्लाई

आधार कार्ड की मदद से पर्सनल लोन के लिए 21 से 60 साल की उम्र के लोग अप्लाई कर सकते हैं। इसमें केवल वहीं लोग अप्लाई कर सकते हैं जो नौकरीपेशा हैं या फिर उनका खुदका कोई बिजनेस है। इसके साथ ही आपके पास एक एक्टिव बैंक अकाउंट भी होना चाहिए।

### आधार कार्ड लोन

आधार कार्ड पर जो 10 हजार रुपए का लोन मिलता है, उसे पर्सनल लोन कहा जाता है। अमूमन पर्सनल लोन में आधार कार्ड के अलावा कोई और डॉक्यूमेंट नहीं मांगा जाता है। इसमें केवल पहचान के लिए आधार कार्ड मांगा जाता है और आपके अकाउंट में तुरंत 10 हजार रुपए का अमाउंट ट्रांसफर कर दिया जाता है। अगर आप साथ में पैन कार्ड का भी इस्तेमाल करते हैं तो आपको ज्यादा अमाउंट का भी लोन मिल सकता है।

### लोन के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना होगा

अगर आपको इमरजेंसी में पैसों की जरूरत है तो आप आधार कार्ड की मदद से इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं, जिसमें आपको नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी और फिनटेक प्लेटफॉर्म के ऐप या ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना होगा। जहां आधार कार्ड और जरूरी डिटेल देकर आप आसानी से पर्सनल लोन ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### रिलायंस रिटेल का मुनाफा 10% बढ़कर 3458 करोड़



**नई दिल्ली।** अरबपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड (आरआरवीएल) का दिसंबर में समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का सकल राजस्व 8.75 प्रतिशत बढ़कर 90,333 करोड़ रुपये हो गया है।

### एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ चार फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली ।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही में चार प्रतिशत बढ़कर 6,304 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने पिछले साल की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 6,071 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। बैंक की कुल आय बढ़कर 36,926 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 33,516 करोड़ रुपये थी।

### डॉलर के मुकाबले रुपए एक पैसा टूटकर बंद




**मुंबई।** अंतर्बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को एक पैसे की गिरावट के साथ 86.62 पर बंद हुआ। विदेशी कोष की भारी निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से भी घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा।

### विप्रो को 24% का लाभ देगा अंतरिम डिविडेंट




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 24.4 प्रतिशत बढ़कर करीब 3,354 करोड़ रुपये रहा। शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का परिचालन राजस्व 0.5 प्रतिशत बढ़कर करीब 22,319 करोड़ रुपये रहा।

### एलटीआई माइंडट्री को 7.14% का शुद्ध मुनाफा




**नई दिल्ली।** आईटी समाधान प्रदाता एलटीआई-माइंडट्री ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 7.14 प्रतिशत घटकर 1,085.4 करोड़ रुपये रह गया है। मुंबई स्थित इस कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 1,168.9 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था।

### अशोक चंद्रा ने पीएनबी के एमडी का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** अशोक चंद्रा ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाल लिया। वहीं, बिनोद कुमार ने इंडियन बैंक के सीईओ और एमडी का कार्यभार संभाल लिया। इन दोनों की नियुक्तियों के बारे में सरकार ने अधिसूचना जारी की है। केनरा बैंक के पूर्व कार्यकारी निदेशक चंद्रा ने पीएनबी के एमडी और सीईओ के रूप में अतुल कुमार गोयल का स्थान लिया है।



## उद्घाटन पर पीएम मोदी ने कहा, भारत से जुड़ा है वाहन क्षेत्र का भविष्य

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का आगाज मारुति, हुंडई ने पेश किए अपने ईवी मॉडल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वाहन क्षेत्र का भविष्य भारत से जुड़ा है। पिछले एक साल में 2.5 करोड़ वाहनों की बिक्री और चार साल में 36 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इस बात की पुष्टि करता है।

प्रधानमंत्री ने यहां भारत मंडपम में वैश्विक वाहन प्रदर्शनी 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' 2025 का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारत वाहन क्षेत्र में आगे बढ़ने और भविष्य संवारने को इच्छुक निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। इस साल पांच दिन चलने वाली प्रदर्शनी तीन स्थानों राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम तथा यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में आयोजित की जा रही है।

### एक ही छत के नीचे सभी गाड़ियां

प्रदर्शनी में वाहन, कल-पुर्जों और प्रौद्योगिकियों से जुड़े 100 से अधिक नए उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद है। वाहनों की यह प्रदर्शनी 17 से 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के वाहनों के साथ-साथ गाड़ियों से जुड़ी हर वस्तु देखने को मिलेगी।

*दिल्ली के भारत मंडप और यशोभूमि में शुक्रवार से शुरू हुए ऑटो एक्सपो में इस वर्ष 40 से अधिक विदेशी कंपनियां भाग ले रही है। एक्सपो के पहले दिन मारुति, हुंडई, सुजुकी, हीरो मोटर कॉर्प सहित कई कंपनियों ने अपने नए मॉडल प्रदर्शित किए। मारुति और हुंडई ने अपने बहुप्रतिक्षित इलेक्ट्रिक मॉडल आज पेश किए।*



### खास बातें

- पिछले एक साल में ढाई करोड़ वाहनों की बिक्री की
- चार साल में 36 अरब डॉलर का एफडीआई आया
- 100 से अधिक नए उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद

***डेढ़ लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई :*** *'मेक इन इंडिया' पहल को पीएलआई (उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन) योजना से भी बढ़ावा मिला। इससे इस क्षेत्र में 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद मिली है। इस योजना से वाहन क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप से 1.5 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं।*



**एमजी मोटर ने दो नए मॉडलों उतारे :** वाहन विनिर्माता जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए इलेक्ट्रिक मॉडल के साथ किफायती लक्जरी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में कदम रखने की घोषणा की।



***सुजुकी पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर, दो अन्य मॉडल किए पेश :*** *दोपहिया वाहन विनिर्माता सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लि. (एसएमआईपीएल) ने अपने पहले इलेक्ट्रिक स्कूटर ई-एक्सेस' समेत तीन मॉडलों को पेश किया।*

### हीरो मोटोकॉर्प ने चार नए उत्पाद पेश किए



देश की अग्रणी दोपहिया विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प ने प्रीमियम मोटरसाइकिल और स्कूटर खंडों में कुल चार नए उत्पादों को पेश किया। हीरो मोटोकॉर्प ने एक्सट्रीम 250आर बाइक को पेश करने के साथ पहली बार 250 सीसी खंड में कदम रखा।

### मारुति की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा पेश




मारुति सुजुकी इंडिया ने अपनी पहली बैटरी इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा शुक्रवार को पेश की। कंपनी की इसे 100 से अधिक देशों में निर्यात करने की योजना है। सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि इलेक्ट्रिक एसयूवी को यूरोप और जापान सहित विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात किया जाएगा। सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन की मारुति सुजुकी इंडिया में करीब 58 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी इस मॉडल के लिए भारत को वैश्विक उत्पादन केंद्र बनाने की योजना भी बना रही है। सुजुकी ने कहा, ' हम आने वाले कुछ महीनों में मारुति सुजुकी के गुजरात संयंत्र में ई-विटारा का उत्पादन शुरू करने की योजना बना रहे हैं। ई-विटारा में दो बैटरी विकल्प 49 केडब्ल्यूएच और 61 केडब्ल्यूएच हैं। यह एक बार चार्ज करने पर करीब 500 किलोमीटर तक चल सकती है।

### हुंडई ने पेश की क्रेटा इलेक्ट्रिक



वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया ने पहले दिन अपनी लोकप्रिय एसयूवी क्रेटा का इलेक्ट्रिक संस्करण पेश किया। क्रेटा इलेक्ट्रिक की कीमत 17.99 लाख रुपए से शुरू होती है। इस अवसर पर हुंडई मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक उन्सू किम ने कहा, 'हमारी अगले सात वर्षों में पूरे भारत में 600 सार्वजनिक फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है। इनमें से 50 से अधिक स्टेशन पहले ही प्रमुख शहरों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थापित किए जा चुके हैं।' इसके साथ ही किम ने कहा कि ग्राहक मायहुंडई ऐप के जरिये देश भर में 10,000 से अधिक ईवी चार्जिंग पॉइंट तक पहुंच हासिल कर सकते हैं। क्रेटा इलेक्ट्रिक को लेकर उन्होंने भरोसा जताया कि यह मॉडल भारतीय ईवी उद्योग में नए मानक स्थापित करेगा। किम ने कहा, यह मॉडल महज एक एसयूवी से कहीं बढ़कर है। यह अभिनव प्रौद्योगिकी, बेजोड़ सुरक्षा, बेजोड़ आराम और शानदार प्रदर्शन के साथ एक टिकाऊ ड्राइविंग अनुभव भी प्रदान करता है।

## चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2024 में पांच प्रतिशत रही

- रफ्तार पिछले साल की तुलना में धीमी रही
- वृद्धि अक्टूबर-दिसंबर में 5 .4 प्रतिशत रही

एजेंसी ⏭ हांगकांग

चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2024 में पांच प्रतिशत रही। यह पिछले साल की तुलना में धीमी है, लेकिन चीन के लगभग पांच प्रतिशत वृद्धि के लक्ष्य के अनुरूप है।

आर्थिक वृद्धि को मजबूत निर्यात और हाल के प्रोत्साहन उपायों से मदद मिली है। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि तिमाही आधार पर आर्थिक वृद्धि दर अक्टूबर-दिसंबर में 5.4 प्रतिशत रही। चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2023 में 5.2 प्रतिशत रही थी। निर्यात में तेजी का कारण नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी वस्तुओं पर शुल्क बढ़ोतरी की आशंका है।



***दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था :*** *दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कमजोर उपभोक्ता खर्च और इसके परिणामस्वरूप अपस्फीति यानी कम कीमतों के दबाव से जूझ रही है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद देश का पुररूद्धार प्रभावित हुआ है। अर्थव्यवस्था को गति देने वाला संपति क्षेत्र फिलहाल नरमी के चपेट में है, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।*

## विक्रम सोलर को मिला सौर मॉड्यूल का ऑर्डर




**नई दिल्ली।** नवकीणीय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी विक्रम सोलर को एक गीगावाट सौर मॉड्यूल की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि इस अनुबंध के तहत विक्रम सोलर ऑर्डर को पूरा करने के लिए अपने उन्नत हाइपरसोल एन-टाइप टॉपकॉन ग्लास-टू-ग्लास मॉड्यूल (580डब्ल्यूपी और उससे अधिक) की आपूर्ति करेगी। मॉड्यूल को बेहतर दक्षता प्रदान करने के लिए डिजायन किया गया है। यह उन्हें बड़े पैमाने पर सौर प्रतिष्ठानों के लिए आदर्श बनाता है। जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड की अक्षय ऊर्जा पहल के हिस्से के रूप में मॉड्यूल को कर्नाटक, गुजरात और राजस्थान में लगाया जाएगा।


## 90 हजार करदाताओं ने गलत दावे वापस लिए




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बड़ी संख्या में गलत रिफंड के दावों का पता लगाया है। सार्वजनक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी क्षेत्र दोनों से 90,000 वेतनभोगी व्यक्तियों ने कर से बचने के लिए 31 दिसंबर, 2024 तक कुल 1,070 करोड़ रुपये की छूट के गलत दावे वापस लिए हैं। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। आयकर विभाग द्वारा किए गए विभिन्न खोज और जब्ती और सर्वेक्षण कार्यों के दौरान, यह संज्ञान में आया है कि विभिन्न व्यक्ति अपने आईटीआर में आयकर कानून की धारा 80सी, 80डी, 80ई, 80जी, 80जीजीबी, 80जीजीसी के तहत गलत कटौती का दावा कर रहे हैं, जिससे सरकार को मिलने वाले कर में कमी आ रही है।

## शेयर बाजार में तीन दिनों की तेजी थमी, सेंसेक्स 423 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- आईटी, बैंक और वित्तीय कंपनियों के शेयरों पर रहा बिकवाली दबाव

वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों में बिकवाली होने से बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लग गया। बीएसई सेंसेक्स 423 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 108 अंक की गिरावट रही।

विश्लेषकों ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों, बैंकों और वित्तीय शेयरों में बिकवाली के दबाव के अलावा विदेशी कोषों की निकासी का सिलसिला जारी रहने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। उतार-चढ़ाव से भरे सत्र में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 423.49 अंक गिरकर 76,619.33 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 779.53 अंक तक गिरकर 76,263.29 पर आ गया था। इसी तरह निफ्टी भी 108.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत गिरकर 23,203.20 पर आ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बाजार तीन दिनों तक तेज रहने के बाद फिर से गिरावट में रहा। आईटी एवं बैंक शेयरों में आई कमजोरी सूचकांक को नीचे लेकर आ गई। हालांकि रिलायंस. आईटीसी और एलएंडटी जैसे शेयरों में आई मजबूती ने गिरावट को थामने का काम किया।/" सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इन्फोसिस में करीब छह प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। देश की दूसरी बड़ी आईटी सेवा कंपनी इन्फोसिस लिमिटेड के नतीजे निवेशकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। हालांकि कंपनी ने मांग बढ़ने से तीसरी तिमाही के शुद्ध लाभ में 11.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसी तरह एक्सिस बैंक के शेयर भी तिमाही नतीजों की घोषणा के बाद चार प्रतिशत तक गिर गए।

### रिलायंस जोमैटो में रही तेजी

इसके उलट, पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शुद्ध लाभ में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के बाद उसके शेयर में 2.50 प्रतिशत की तेजी रही। सबसे अधिक तेजी जोमैटो के शेयरों में देखी गई। इसके अलावा नेस्ले, एशियन पेंट्स और पावर ग्रिड के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

## हैवेल्स के शुद्ध मुनाफे में 3.5 प्रतिशत की गिरावट




**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल सामान बनाने वाली कंपनी हैवेल्स इंडिया लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 3.45 प्रतिशत घटकर 277.96 करोड़ रुपये रह गया। पिछले साल समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 287.91 करोड़ रुपये रहा था। हैवेल्स इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि हालांकि, उसकी परिचालन आय दिसंबर तिमाही में 10.76 प्रतिशत बढ़कर 4,888.98 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 4,413.86 करोड़ रुपये थी।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.71 अरब डॉलर घटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 8.71 अरब डॉलर घटकर 625.87 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि इससे पिछले सप्ताह में यह 5.69 अरब डॉलर घटकर 634.58 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.47 अरब डॉलर घटकर 536.01 अरब डॉलर रह गईं।

- भंडार 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 625 .87 अरब डॉलर रहा

### स्वर्ण भंडार में रही वृद्धि

समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 79.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 67.88 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 17.78 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 40 लाख डॉलर घटकर 4.19 अरब डॉलर रह गया।

## एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

# अगले दो साल में 1,000 कंपनियां लाएंगी आईपीओ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगले दो वित्त वर्षों (2025-27) में कुल 1,000 कंपनियां अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकती हैं। एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया (एआईबीआई) ने शुक्रवार को यह कहा। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम की यह उल्लेखनीय संख्या आर्थिक वृद्धि, अनुकूल बाजार स्थितियों और नियामक ढांचे में सुधार से प्रेरित होगी। निवेश बैंकरों के शीर्ष निकाय ने कहा कि इसके अलावा, अगले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025-26) में आईपीओ और योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के माध्यम से धन जुटाने की कुल राशि तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।

- तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान




### पिछले आठ साल में 851 कंपनियों ने लाया आईपीओ

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय पूंजी बाजार बहुत तेजी से बढ़ रहा है। पिछले छह वित्त वर्षों में अब तक 851 कंपनियों ने आईपीओ लाकर सामूहिक रूप से 4.58 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इनमें 281 बड़ी कंपनियां जबकि छोटी एवं मझोली कंपनियों (एसएमई) की संख्या 570 रही।

### भारत ने अमेरिका यूरोप को पीछे छोड़ा

एआईबीआई के चेयरमैन महावीर लूणावत ने कहा, "भारत ने 2024 में आईपीओ मात्रा के मामले में वैश्विक स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल करके एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। 335 आईपीओ के साथ भारत ने सफलतापूर्वक अमेरिका और यूरोप दोनों को पीछे छोड़ दिया, जिसमें अमेरिका और यूरोप की तुलना में सूचीबद्ध आईपीओ की संख्या अधिक है।"

### वित्त वर्ष 2023-24 में 67,955 करोड़ जुटाए

वित्त वर्ष 2023-24 में आईपीओ के जरिए कुल 67,955 करोड़ रुपये जुटाए गए। इसमें बड़ी कंपनियों ने 61,860 करोड़ रुपये और एसएमई ने 6,095 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसके अलावा, 61 क्यूआईपी (पात्र संस्थागत नियोजन) के जरिए करीब 68,972 करोड़ रुपये जुटाए गए।

**पिछले दो वर्षों से गतिविधियां बढ़ी**

*लूणावत ने कहा, "पिछले दो वित्त वर्षों से आईपीओ के माध्यम से पूंजी जुटाने की गतिविधियां बढ़ रही हैं और 2026 में भी इसमें वृद्धि जारी रहेगी। अगले वित्त वर्ष यानी वित्त वर्ष 2025-26 में आईपीओ और क्यूआईपी के माध्यम से कुल तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाने की उम्मीद है।"*

## चिंतन

# पुलिस जांच तंत्र में तत्काल सुधार जरूरी

पुलिस तंत्र को अपनी कार्यप्रणाली में सतत सुधार करते रहना चाहिए। कानूनों के क्रियान्वयन में जहां उसे संवेदनशील बनने की जरूरत है, वहीं जांच में अत्याधुनिक तकनीकों व तरीकों को अपनाने की आवश्यकता है। पूर्वधारणा के आधार पर या शिकायतकर्ता के आरोपों की गहन जांच किए बिना अपराध के लिए किसी को आरोपी बना देने की मानसिकता से बाहर निकलने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। शीर्ष अदालत ने पुलिस को संवेदनशील बनने की नसीहत के साथ चेतावनी दी है कि किसी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा केवल मृतक के व्यथित परिवार के सदस्यों की भावनाओं को शांत करने के लिए यांत्रिक ढंग से नहीं लगाई जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा है आरोपियों को जांच प्रक्रिया के दौरान ऐसी स्थिति के दुरुपयोग का शिकार न होना पड़े, जिसे साबित नहीं किया जा सके। पीठ ने दो टूक कहा, 'ऐसा लगता है कि पुलिस भादंसं की धारा 306 का लापरवाही से और बहुत आसानी से इस्तेमाल करती है। वैसे जहां मूल आधार हो, उन वास्तविक मामलों में शामिल व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।' दरअसल, सुप्रीम कोर्ट आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले की सुनवाई कर रहा था, इस दौरान कोर्ट ने पुलिस की जांच प्रणाली में खामियों को उजागर किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधीनस्थ अदालत को भी 'बहुत सावधानी और सतर्कता' बरतनी चाहिए तथा भले ही किसी मामले में जांच एजेंसियां धारा 306 के तत्वों के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा दिखा रही हों, अधीनस्थ अदालत को यांत्रिक रूप से आरोप तय करके 'सुरक्षित खेल खेलने की प्रवृत्ति' नहीं अपनानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी मामले को भादंसं की धारा 306 के दायरे में लाने के लिए आत्महत्या का मामला होना चाहिए और यह भी तथ्य होना चाहिए कि उक्त अपराध के लिए कथित तौर पर उकसाने वाले व्यक्ति ने आत्महत्या के लिए उकसाने या आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए कोई निश्चित कार्य करके सक्रिय भूमिका निभाई होगी। यह तो बानगी है। अनेक ऐसे मामले आए दिन प्रकाश में आते रहते हैं, जिसमें पुलिस कानून के गलत इस्तेमाल करते हुए दिखती है। कभी जांच की जटिलता से बचने के लिए, कभी दबाव में, कभी आपसी खुंदक में, कभी अपनी वाहवाही के लिए पुलिस आरोपों की जांच में या तो शीघ्रता बरतती है, या पूर्वधारणा का सहारा लेती है या फिर आरोपित को ही दोषी मानकर कार्रवाई करने लगती है। इसीलिए देश में पुलिस सुधार को लेकर मांग उठती रही है। पुलिस सुधार को लेकर सर्वोच्च न्यायालय निर्देश दे चुका है। शीर्ष अदालत ने स्वायत्तता, जवाबदेही और लोकोन्मुखता के बिंदुओं पर पुलिस तंत्र में सुधार की बात कही थी। पुलिस की स्वायत्तता को मजबूत कर उसे बाह्य दबावों से मुक्त रखने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि डीजीपी, आईजी, एसपी, एसएचओ की दो वर्ष की निश्चित तैनाती मिलनी चाहिए। राज्यों को नए सिरे से लोकोन्मुख पुलिस अधिनियम बनाने का निर्देश दिया था। पुलिस सुधारों को लोकतंत्र व सामाजिक कल्याण से जोड़कर ही इनके वास्तविक उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सकती है। मौजूदा सरकार को पुलिस सुधार को लागू करने की तरफ आगे बढ़ना चाहिए।



## सामरिक शक्ति
योगेश कुमार गोयल


# समुद्र में दुश्मनों के लिए अदृश्य खतरा है आईएनएस सूरत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 जनवरी को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में जिन तीन युद्धपोतों को भारतीय नौसेना में कमीशन किया, उनमें सबसे महत्वपूर्ण है 'आईएनएस सूरत'। यह युद्धपोत न केवल भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की शक्ति और सामरिक क्षमताओं को भी प्रदर्शित करेगा। इसकी उन्नत तकनीक, स्वदेशी निर्माण और तेज निर्माण प्रक्रिया इसे विशेष बनाते हैं। आईएनएस सूरत का निर्माण और संचालन भारतीय नौसेना के लिए एक ऐसा नया युग लेकर आया है, जो भविष्य में देश की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। वास्तव में आईएनएस सूरत केवल एक युद्धपोत नहीं है बल्कि भारतीय नौसेना के भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक है, साथ ही भारत के आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वय का प्रतीक भी है। इसके सफल संचालन से भारतीय नौसेना अन्य आधुनिक युद्धपोतों और प्रणालियों के विकास की ओर अग्रसर होगी। आईएनएस सूरत को पर्यावरणीय मानकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें इको-फ्रेंडली प्रौद्योगिकियों और ईंधन दक्षता को प्राथमिकता दी गई है। यह युद्धपोत न केवल ताकतवर है बल्कि समुद्री पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदार है। आईएनएस सूरत स्वदेशी रूप से निर्मित फ्रंटलाइन युद्धपोत और गाइडेड मिसाइल विध्वंसक जहाज है, जिसे अत्याधुनिक तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से लैस किया गया है। इस युद्धपोत को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह दुश्मन के रडार से बचकर उस पर सटीक हमला भी कर सके।

इसके उन्नत स्टील्थ फीचर्स और उन्नत रडार सिस्टम इसे समुद्र में एक अद्वितीय ताकत बनाते हैं। आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोतों में चौथा और परियोजना-15बी के तहत निर्मित विध्वंसक पोतों की श्रृंखला का अंतिम पोत है। इस युद्धपोत का नाम गुजरात के सूरत शहर के नाम पर रखा गया है, जो अपने व्यापार और औद्योगिक समृद्धि के लिए प्रसिद्ध है। आईएनएस सूरत में सतह से हवा में मार करने वाले दो वर्टिकल लांचर हैं, जिनसे एक बार में 16 ब्रह्मोस मिसाइलें दागी जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें रॉकेट लांचर और टॉरपीडो लांचर भी हैं, जो दुश्मन की पनडुब्बियों को नष्ट करने में सक्षम हैं। संयुक्त गैस और गैस प्रणोदन प्रणाली से संचालित यह युद्धपोत चार गैस टर्बाइनों से लैस है। समुद्री परीक्षणों के दौरान इसने 30 नॉट्स (लगभग 56 किलोमीटर प्रतिघंटा) की गति प्राप्त की। उन्नत सेंसर और रडार सिस्टम से लैस यह युद्धपोत किसी भी मौसम में, दिन और रात, दुश्मनों की गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम है। इस पर चेतक, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच), सी किंग और एमएच-60आर हेलीकॉप्टर संचालित किए जा सकते हैं। इसमें इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम और अत्याधुनिक नेविगेशन सिस्टम लगाया गया है, जो समुद्र में सटीक मार्गदर्शन सुनिश्चित करता है। आईएनएस सूरत का समुद्री परीक्षण 15 जून 2024 को शुरू हुआ था और 25 नवंबर 2024 को समाप्त हुआ। छह महीने से भी कम अवधि में इसने सभी परीक्षण पास कर लिए, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। परीक्षणों के दौरान इसने विभिन्न परिचालन स्थितियों में अपनी क्षमता और विश्वसनीयता को साबित किया। परीक्षणों के दौरान आईएनएस सूरत ने समुद्री सुरक्षा, दुश्मन पनडुब्बियों के खिलाफ ऑपरेशन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों तथा हथियारों की लांचिंग का सफल प्रदर्शन किया। इसमें 30 नॉट्स की गति प्राप्त करने और अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संचालन क्षमता का परीक्षण किया गया। यह युद्धपोत सतह से सतह पर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमला कर सकता है। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें इसे दुश्मन के विमानों और ड्रोन के खिलाफ भी सक्षम बनाती हैं। आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि और 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह भारत की समुद्री शक्ति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला एक ऐसा अत्याधुनिक युद्धपोत है, जो समुद्र में दुश्मनों के लिए एक अदृश्य खतरा है। यह भारत के समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारतीय महासागरीय क्षेत्र में चीन और अन्य देशों की बढ़ती गतिविधियों के बीच आईएनएस सूरत का निर्माण भारत की रणनीतिक जरूरतों को पूरा करता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के लिए सामरिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

(लेखक सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रवासी भारतीयों से सहयोग की अपेक्षा



## निवेश
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां भारत के प्रवासी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोबल में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुतः विदेशों में भारत के प्रवासी भारत के राजदूत हैं और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में अब भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं।

इस सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी यह कहते हुए दिखाई दिए कि नए वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए यह जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े। गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया, जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्र शासित क्षेत्रों में रहा है तथा यह एफडीआई का यह अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार एक बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्त्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्त्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस ने कुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान है। इसके अलावा बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निःसंदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर




अनुमानों से अधिक 8.2 फीसदी रही है और इस चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती है। भारत में तेजी से विदेशी निवेश आकर्षित होने के कई कारण हैं। भारत विश्व अर्थव्यवस्था में नई शक्ति प्राप्त कर रहा है। चार वैश्विक रूझान जनसांख्यिकी, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन व डीग्लोबलाइजेशन न्यू इंडिया के पक्ष में हैं। भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है। जिन सुधारों से विदेशी निवेशक आकर्षित हुए हैं, उनमें मेक इन इंडिया पहल, आर्थिक उदार नीतियां, जीएसटी, प्रतिस्पर्धी श्रमिक लागत और रणनीतिक प्रोत्साहन, कई सेक्टर में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति, स्टार्टअप फंडिंग के लिए एंजेल टैक्स खत्म होना, विदेशी कंपनियों के लिए कारपोरेट टैक्स में कमी प्रमुख हैं। देश में प्रतिभाशाली नई पीढ़ी की कौशल दक्षता, आउटसोर्सिंग और देश में बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की चमकीली क्रयशक्ति के कारण विदेशी निवेश भारत की ओर तेजी से बढ़ने लगा है। कानून के कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और एफडीआई के लिए नए रास्ते जैसे अभूतपूर्व कदमों से देश की ओर विदेशी निवेश का प्रवाह तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रवासी भारतीय इस बात से वाकिफ हुए हैं कि वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक एक शानदार मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई नहीं दिख रहा है। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है और अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। निश्चित रूप से देश का बढ़ता मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बना है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनिया भर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं।

इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही हैं। हम उम्मीद करें कि एफडीआई के लिए भारत को पसंदीदा देश बनाए जाने की बहुआयामी संभावनाओं को साकार करने के लिए सरकार और अधिक प्रयास करेगी। नए वर्ष 2025 में भारत की विशाल कौशल प्रशिक्षित युवा आबादी नवाचार, तकनीकी और डिजिटल नवोन्मेषों के साथ भारत को दुनिया के विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढ़ाएगी। वर्ष 2025 में प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से अधिक एफडीआई प्राप्त होने, भारत की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन, नीतिगत सुधारों, उत्पादों के कारोबार के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, श्रमिकों के नए दौर के अनुरूप शिक्षण प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों से भारत दुनिया के पहले पांच सबसे पसंदीदा एफडीआई वाले देशों के ऊंचे क्रम पर रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। इससे देश को 2047 तक विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ने में भी मदद मिलेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'




संकलित
## दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया :

***गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई।***
***गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।***

राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया।

# अर्जुन को अपनी विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी के एक शिवलिंग की पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी।

- संदीप पटेल, धमतरी

## ट्रेंड

### 'इमर्जेन्सी' के लिए बधाई



'इमर्जेन्सी' जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर फिल्म बनाने के लिए सांसद कंगना रनौत एवं इस फिल्म की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। 'इमर्जेन्सी' के दौर की यादों को इस फिल्म के द्वारा पुनः जीवित करने का प्रयास सराहनीय है।

-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### विरोधी भी तारीफ करते हैं



बीजेपी ने सरेआम में स्वीकार किया कि दिल्ली में केजरीवाल की ढेरों कल्याणकारी योजनाएं चल रहीं हैं जिसका लाभ बीजेपी वालों के परिवारों को भी मिल रहा है। हमें राजनीति करनी नहीं आती, काम करना आता है। और काम ऐसा करते हैं कि हमारे विरोधी भी उसकी तारीफ़ करते हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### सम्मानित महसूस किया



राष्ट्रपति से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार पाकर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह सम्मान मुझे और भी अधिक मेहनत करने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित करता है।

-मनु भाकर, ओलंपिक शूटर

### इस पल को जाने मत दो




यदि आप यह व्यक्त नहीं करने जा रहे हैं कि आप आज वास्तव में कैसा महसूस कर रहे हैं, तो कब? कोई कल नहीं, कोई बीता हुआ कल नहीं.. केवल कुछ ऐसा है जिसे हम 'अभी' कहते हैं इस पल। इसे जाने मत दो..।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# दिवंगत नवलनी के तीनों वकील जेल में डाले गए



रूस के दिवंगत विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का प्रतिनिधित्व कर चुके तीन वकीलों को रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की दमनात्मक कार्रवाई के तहत जेल में डाल दिया गया है। मॉस्को से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पेतुस्की शहर की एक अदालत ने नवलनी के वकील रहे वादिम कोबजेव, इगोर सेरगुनिन और एलेक्सी लिपस्टर को साढ़े तीन से पांच साल तक की कैद की सजा सुनायी। उन्हें चरमपंथी संगठनों के साथ संबंध रखने के आरोपों में अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था। नवलनी के नेटवर्क को प्रशासन चरमपंथी गतिविधियां मानता था। इस मामले को व्यापक रूप से विपक्ष पर दबाव बढ़ाने के एक तरीके के रूप में देखा जा रहा है ताकि बचाव पक्ष के वकीलों को राजनीतिक मामले लेने से हतोत्साहित किया जा सके। नवलनी चरमपंथ सहित कई आपराधिक मामलों में 19 साल की जेल की सजा काट रहे थे। फरवरी 2023 में एक रूसी जेल में उनकी मृत्यु हो गई। स्वतंत्र रूसी अखबार 'नोवाया गजेटा' ने खबर दी है कि कोबजेव ने 10 जून को अदालत में अपने बयान में कहा, ''नवलनी के विचारों को अन्य लोगों तक पहुंचाने को लेकर हमपर मुकदमा चलाया जा रहा है।''

## ऑफ बीट

# ब्यूटी पार्लर में बाल धुलवाने से बीपीएसएस का खतरा



थकान मिटाने, 'फील गुड' करने और बालों की चमक बढ़ाने के लिए लोग अक्सर हेयर स्पा का सहारा लेते हैं। हालांकि, ब्यूटी पार्लर या सैलून में हेयर स्पा की प्रक्रिया के बाद बालों की धुलाई 'ब्यूटी पार्लर स्ट्रोक सिंड्रोम' (बीपीएसएस) नाम की एक गंभीर दुर्लभ स्वास्थ्य जटिलता का कारण बन सकती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों की धुलाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'बैकवॉश बेसिन' पर एक विशेष कोण पर सिर टिकाकर बैठने या लेटने से न सिर्फ गर्दन में दर्द और चोट की समस्या उभर सकती है, बल्कि कुछ मामलों में व्यक्ति के स्ट्रोक का भी शिकार होने का खतरा रहता है। अमेरिकी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. माइकल वेनट्रॉब ने 1993 में पहली बार बीपीएसएस की पहचान की थी। उन्होंने पाया था कि स्ट्रोक से जुड़े गंभीर लक्षणों से जूझ रहे उनके कुछ मरीजों में ब्यूटी पार्लर या सैलून में बालों में शैंपू कराने के बाद ये समस्याएं उभरी थीं। स्ट्रोक एक तरह का मस्तिष्काघात है, जो मस्तिष्क में खून का प्रवाह घटने पर होता है। यह आमतौर पर मस्तिष्क में प्रमुख रक्त वाहिका में खून का थक्का जमने या उसके फटने के कारण होता है, जिससे कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, ग्लूकोज व अन्य पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं और वे दम तोड़ देती हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का काम जारी

# शहडोल रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव से क्षेत्र में बढ़ेंगी औद्योगिक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश को आगे बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक स्तर पर गतिविधियां जारी हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लक्ष्य पर संकल्पित भाव के साथ कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में आरंभ की गई शहडोल रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में क्षेत्रीय अगली कड़ी के रूप में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार पर उद्योग समूह और निवेशकों के साथ संवाद होगा। शहडोल संभाग के तीनों जिलों शहडोल, अनूपपुर और उमरिया के लिए प्राप्त हुए नए निवेश के प्रस्ताव उत्साहवर्धक हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन, स्वास्थ्य, खनन, भारी उद्योग, लघु एवं मध्यम उद्योग सहित सभी सेक्टर में निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। पिछली इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में जो एमओयू हुए थे, उन पर सभी आवश्यक कार्रवाई कर ली गई है। यह सुखद है कि इस आरआईसी में उन उद्योगों के अंतर्गत उद्योगों के भूमिपूजन और लोकार्पण भी आज किए जा रहे हैं। इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के साथ ही युवाओं को रोजगार के भी पर्याप्त अवसर प्राप्त होंगे।

### शहडोल, अनूपपुर और उमरिया के लिए प्राप्त निवेश प्रस्ताव उत्साहवर्धक

### रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे



### कोयला, ऊर्जा और इस्पात के क्षेत्र में दिए गए निवेश प्रस्ताव

शहडोल रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव में शामिल 40 से अधिक उद्योगपतियों ने निवेश के कई प्रस्ताव दिए। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मप्र की औद्योगिक संवर्धन नीति की प्रशंसा की। टोरेन्ट पॉवर लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट नवीन कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश की निवेश नीति उद्योगों के अनुकूल है। निवेश की दृष्टि से आदर्श राज्य है। यहां तय समय-सीमा में निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी जा रही है। प्रदेश में पर्याप्त बिजली पानी और अधोसंरचना की सुविधाएं उपलब्ध हैं। टोरेन्ट पॉवर लिमिटेड प्रदेश में आधुनिक तकनीक पर आधारित थर्मल पॉवर प्लांट लगाने जा रहा है। इससे 1 हजार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी निवेश की इच्छा जताई।

### हर संभाग में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव साहसी कदम

रिलायंस एनर्जी के रवि कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर संभाग में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन कर साहसी कदम उठाया है। यह छोटे और बड़े दोनों निवेशकों के लिए बड़ा असरदार रहा है। रिलायंस ने शहडोल से नेचुरल गैस पर आधारित उद्योग 20 वर्ष पहले स्थापित किया था, इसमें 6 हजार करोड़ का निवेश कर शहडोल से फूलपुर उत्तरप्रदेश तक 250 किलोमीटर तक गैसपाइप लाइन बिछाई है। यह पूरा क्षेत्र गैस आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए सबसे अनुकूल क्षेत्र है।
सरदा एनर्जी रायपुर के उद्योगपति कमल किशोर शारदा ने कहा कि हम शहडोल क्षेत्र में कोयले पर आधारित स्टील प्लांट लगाने जा रहे हैं। साथ ही नवकरणीय ऊर्जा एवं थर्मल पॉवर में भी हम निवेश करेंगे। उद्योगों की स्थापना से इस पूरे क्षेत्र में खुशहाली आएगी। हम क्षेत्र के किशानों को हाईब्रिड बीज उत्पादन का प्रशिक्षण देकर क्षेत्र की खेती को भी बेहतर करने का प्रयास करेंगे। उद्योगपति नरेन्द्र गोयल ने कहा कि हम शहडोल क्षेत्र में 3 हजार करोड़ का निवेश करके सरिया बनाएंगे। हमनें यहां कोल ब्लाक लिया है, जिसमें शीघ्र उत्खनन होगा। कार्यक्रम में अन्य उद्योगपतियों ने भी निवेश के आकर्षक प्रस्ताव दिए।

## निवेशकों को सभी तरह का सहयोग देगी मप्र सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए शहडोल में आयोजित आरआईसी में विभिन्न उद्योगपतियों और उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा की। खनन के क्षेत्र में कार्य कर रही शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स के सीएमडी कमल किशोर शारदा ने ग्रीनफील्ड परियोजना के तहत एकीकृत स्टील प्लांट स्थापित करने की जानकारी दी। इसके लिए लगभग 500 एकड़ भूमि आवंटन किए जाने की बात मुख्यमंत्री के सामने रखी। मुख्यमंत्री को प्रदेश में निवेशकों को बेहतर माहौल तैयार करने के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्वस्त किया कि निवेशकों को सभी तरह का सहयोग सरकार देगी। प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर में निवेश की असीम संभावनाओं को देखते हुए टॉरेंट पॉवर के वाइस प्रेसिडेंट नवीन सिंह ने 18 हजार करोड़ रुपए के निवेश से 800 मेगावाट के ताप विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने बताया कि इससे लगभग 7 हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार रिलायंस ग्रुप बिजनेस हेड (कोल बेस्ड मीथेन) रवि कुमार प्रेक्की ने बातचीत के क्रम में मीथेन गैस निष्कर्षण के लिए अपनी आगामी कार्य योजना के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशक भरोसे के साथ निवेश करें, सरकार की ओर से हर संभव मदद की जाएगी।



### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन को भेंट की शॉल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वन-टू-वन चर्चा में गंगा खनिज डायरेक्टर अशोक कुमार चतुर्वेदी ने ऊर्जा, खनन के क्षेत्र में प्रस्तावित परियोजनाओं एवं प्रदेश में भविष्य की निवेश गतिविधियों के संबंध में बताया। बजरंग पॉवर एवं इस्पात के एमडी नरेंद्र गोयल ने खनन क्षेत्र में निवेश करने की रुचि दर्शाई। इसमें स्टील कॉम्प्लेक्स स्थापित कर इसके माध्यम से 15 सौ से अधिक रोजगार सृजन होने की जानकारी दी। गोयल ने प्रदेश में निवेशकों को सकारात्मक और निवेश प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री को शॉल भेंट की।

## सीएम ने उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की

मुख्यमंत्री ने डीडीटीसी एक्जिम के सीएमडी उमाशंकर अग्रवाल से चर्चा की। अग्रवाल ने टैक्सटाइल इंडस्ट्री में एकीकृत टैक्सटाइल मिल स्थापित किए जाने पर योजना से अवगत कराया। इस परियोजना से लगभग 5 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। उक्त परियोजना के क्रियान्वयन में शासन से प्राप्त होने वाली समस्त अनुमति के सरलीकरण पर चर्चा की। वन-टू-वन चर्चा में ओरिएंट पेपर मिल के एमडी एवं सीईओ अनंत अग्रवाल ने प्रदेश में प्रस्तावित परियोजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री से बातचीत कर पेपर निर्माण इकाई के विस्तारीकरण और उसके आधुनिकीकरण के बारे में अवगत कराया। इसी तरह खनन सेक्टर के क्षेत्र में निवेश करने की इच्छा महावीर कोल रिसोर्सेस के डायरेक्टर अनुराग जैन, आरके ग्रुप के सीईओ राजेंद्र कुमार शुक्ला एवं जेएमएस माइनिंग के डायरेक्टर कल्याण कुमार हजरा ने मुख्यमंत्री से जाहिर की।

### खेलों के प्रोत्साहन के लिए आभार माना

मुख्यमंत्री का खेल जगत में प्रदेश का नाम रोशन करने वाली क्रिकेटर पूजा वस्त्रकार ने प्रदेश में खेल कूद को बढ़ावा देने और खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए आभार व्यक्त किया। वन-टू-वन चर्चा के क्रम में खाद्य प्र-संस्करण सेक्टर की ग्रेनोक्सी के फाउंडर शुभम तिवारी ने वर्तमान में संचालित मिलेट प्र-संस्करण इकाई के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कंपनी मोटे अनाज का निर्यात करने विदेशों से ऑर्डर प्राप्त हो रहे हैं। ग्रीनवुड सोलर सोल्यूशन के सीईओ अनिकेत लाड ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए सोलर पैनल निर्माण प्लांट स्थापित किए जाने की कार्य योजना रखी।

## शहडोल संभाग और समूचा विंध्य क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से समृद्धः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इस कॉन्क्लेव में देशभर से उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और क्षेत्र के विकास में अपनी सहभागिता की इच्छा व्यक्त की। शहडोल संभाग और समूचा विंध्य क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। यहां मां नर्मदा का आशीर्वाद है, कोयले का अपार भंडार है और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसरों का विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री की नेतृत्व क्षमता और उनके विजन के कारण इस क्षेत्र में अब औद्योगिक क्रांति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में औद्योगिक निवेश से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। शहडोल संभाग में उद्योगों के लिए पर्याप्त मात्रा में जल, जमीन, जंगल और जन हैं। यहां के परिश्रमी लोग उद्योग को ऊंचाई तक ले जाने में सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरा प्रदेश औद्योगिक निवेश की राह पर तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

### उद्योगपतियों ने अपने विचार साझा किए

रमणीक पॉवर बालाघाट के उद्योगपति हर्ष त्रिवेदी ने कहा कि हमने मप्र में 50 करोड़ रुपए के निवेश से उद्यम शुरू किया था, जिसे प्रदेश की उद्योग हितैषी नीति से हमने 350 करोड़ के निवेश तक पहुंचाया है। हम अब यहां 500 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। मप्र में अच्छी सड़कें, रेलमार्ग और अन्य सुविधाएं उद्योगपतियों को निवेश के लिए आकर्षित कर रही हैं। प्रदेश जहां कभी बिजली की कमी थी, अब वह दूसरे राज्यों को बिजली दे रहा है। यहां बड़ी संख्या में प्रशिक्षित श्रमिक और तकनीशियन हैं। मप्र शीघ्र ही देश के अग्रणी राज्यों में शुमार होगा।

### सेक्टोरल सत्र में एमएसएमई और स्टार्टअप, पर्यटन और खनन क्षेत्र के उद्योगपतियों से हुआ संवाद

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में आयोजित 3 सेक्टोरल सत्र में एमएसएमई और स्टार्ट-अप, पर्यटन और खनन क्षेत्र में अवसरों पर उद्योगपतियों से संवाद किया। उद्योगपतियों को एमएसएमई, पर्यटन और खनन क्षेत्र में निवेश की संभावना और राज्य शासन की ओर से दी जाने वाली सहूलियतों की जानकारी दी गई।*

## एक वर्ष में आईटी क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश

मप्र स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष वशिष्ठ ने डेस्टिनेशन मप्र द होम टू इमर्जिंग टेक हब्स इन इंडिया पर राज्य में आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम सेक्टर क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाओं पर प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश को देश का आईटी हब बनाने के लिए राज्य में जीवंत तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र, उद्यमशीलता संस्कृति, सरकारी की नीतियां, तकनीकी रूप से कुशल कार्यबल, व्यवसाय में न्यूनतम जोखिम, बुनियादी ढांचा, बेहतर कनेक्टिविटी, ईज ऑफ लिविंग और कार्य जीवन संतुलन बेहतर हैं।
उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में आईटी क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ है, जिसमें 15 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। निवेश प्रस्ताव में जैसे एलटी माइंड ट्री, कॉग्निजेंट और हेक्सावेयर जैसी बड़ी कंपनिया शामिल हैं। एमडी वशिष्ठ ने बताया कि नवीन एवीजीसी-एक्सआर (ऐनिमेशन, वीजुअल इफेक्ट्स, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियालिटी) नीति, जीसीसी नीति के ड्राफ्ट तैयार किया गया है, जो लागू करने के अंतिम चरण में है।

### देश की 50 से अधिक बड़ी आईटी, आईटीईएस इकाइयां मप्र में स्थापित

वशिष्ठ ने राज्य के उन्नत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 2 हजार से अधिक आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम इकाइयां कार्यरत हैं, जिनमें एमपीएसईडीसी में पंजीकृत 650 इकाइयां हैं, जिन्हें राज्य की नीतियों का लाभ मिला है। इन इकाइयों का टर्न ओवर 10 हजार करोड़ रुपए प्रतिवर्ष से अधिक है। देश की 50 से अधिक बड़ी आईटी एवं आईटीईएस इकाइयां मप्र में स्थापित हैं। प्रदेश से हर वर्ष 500 मिलियन डॉलर का निर्यात आईटी से जुड़ी कंपनियों के माध्यम से होता है। राज्य में 5 आईटी स्पेशल इकोनॉमिक जोन हैं। राज्य सरकार की ओर से 15 आईटी पार्क बनाए गए हैं, जिनसे डेढ़ लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

| इकाई का नाम | सेक्टर प्रस्तावित | निवेश स्थान | निवेश ( करोड़ में) | रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| टोरेंट पावर लिमिटेड | ऊर्जा | शहडोल संभाग | 18000 | 7000 |
| बजरंग पावर और इस्पात | खनन | उमरिया | 3300 | 1500 |
| सेलेक्ट बिल्डर्स | नवीनीकरण ऊर्जा | शहडोल | 2500 | 1500 |
| शारदा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड | खनन | शहडोल | 2500 | 3500 |
| ऑरो कोल प्रा.लि. | खनन | अनूपपुर | 1500 | 1100 |
| जेएमएस माइनिंग | खनन | शहडोल, अनूपपुर और उमरिया | 350 | 525 |
| एसएम प्रिमल | सीमेंट, ऐथेनॉल एवं राईस मिल | अनूपपुर | 300 | 3000 |
| डीडीटीसी एक्जिम लिमिटेड | टैक्सटाइल | | 1200 | 5000 |
| प्रकाश इंडस्ट्रीज लि. | खनन | उमरिया | 250 | |
| वायएनए इंडस्ट्री | नवीनीकरण ऊर्जा | शहडोल संभाग | 200 | 1500 |
| आरके ग्रुप | ऊर्जा | शहडोल, अनूपपुर और उमरिया | 110 | 350 |
| महावीर कोल रिसोर्सेज प्रा.लि. | खनन | कटनी, सिंगरौली और अनूपपुर | 100 | 100 |
| रमणीक पावर | ऊर्जा | शहडोल | 500 | 1200 |
| एमएसएमई इकाइयों के विभिन्न सेक्टरों के 48 निवेश प्रस्ताव | | शहडोल संभाग | 1710 | 4650 |
| कुल | | | 32,520 करोड़ | 30,925 लोगों को मिलेगा रोजगार |

## खनिज संपदा में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्यः प्रमुख सचिव उमराव

*प्रमुख सचिव खनिज उमाकांत उमराव ने राज्य में खनन और खनिज क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाओं पर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग में राज्य देश में प्रथम है। मप्र खनिज संपदा के मामले में देश में अग्रणी राज्य है। यह खनन एवं खनिज आधारित उद्योगों के लिए अत्यधिक संभावनाएं प्रदान करता है। मप्र में विविधतापूर्ण खनिज पूरे राज्य में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। प्रमुख सचिव उमराव ने कहा कि शहडोल संभाग में खनिज की अधिक उपलब्धता के कारण इसे माइनिंग संभाग कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में कोल बेड मीथेन की प्रचुर उपलब्धता है। राज्य में देश के कुल भंडार का 36 प्रतिशत कोल बेड मीथेन के भंडार है। कोल बेड मीथेन के उत्पादन में राज्य का देश में दूसरा स्थान है। प्रमुख सचिव उमराव ने कहा कि राज्य सरकार ने खनिज उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत पहल की हैं। इनमें प्लांट और मशीनरी में निवेश पर 40% तक की पूंजी सब्सिडी और 100 करोड़ रुपए से अधिक की मेगा परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन शामिल हैं। राज्य में प्रतिवर्ष 1 लाख से अधिक के कुशल टेक्निकल एड मैनेजमेंट स्नातक निकलते हैं। उन्होंने बताया कि देश के टॉप शिक्षा संस्थान मप्र में है। विद्युत ऊर्जा में राज्य 25 हजार मेगावाट से अधिक ऊर्जा के साथ सरप्लस राज्य है। उद्योगों के लिए पानी और श्रम शक्ति की प्रचुरता है।*

### पर्यटन के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैंः मुखर्जी

मप्र में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश करने की उद्योगपतियों के पास अपार संभावनाएं हैं। मप्र में कई वाटर फॉल है। नर्मदा केन-बेतवा, चंबल सहित अन्य महत्वपूर्ण नदियां है। इसके साथ ही 24 सैंक्च्युअरी, 12 नेशनल पार्क, 9 टाइगर रिजर्व है, 14 यूनेस्को की साइट और 2 ज्योतिर्लिंग है। आवागमन के लिए मध्यप्रदेश में 7 एयरपोर्ट है। अपर प्रबंध संचालक, मप्र पर्यटन बोर्ड बिदिशा मुखर्जी ने उद्योगपतियों को टूरिज्म पॉलिसी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उद्योगपति होटल, होम-स्टे, म्यूजियम, क्रूज सहित अन्य क्षेत्र में निवेश कर सकते हैं। मप्र में एक हजार हेक्टेयर से अधिक जमीन उपलब्ध है। मप्र के साथ ही शहडोल जिले में भी पर्यटन के क्षेत्र में निवेश करने अपार संभावनाएं है। उन्होंने शहडोल में पर्यटन बोर्ड के किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।

### उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुड़बाका के जंगल में हुई मुठभेड़

# मारे गए नक्सलियों में 12 के शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुड़बाका के जंगल में गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। सुरक्षाबल के जवानों ने मुठभेड़ में मारे गए 12 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। यह संख्या और भी बढ़ सकती है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं।

गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दक्षिण बीजापुर के जंगल में सुबह करीब नौ बजे गोलीबारी शुरू हो गई। अभी सर्च ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि नक्सली बड़ी बैठक ले रहे थे। इसमें छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना कैडर के हार्ड कोर नक्सली बैठक में शामिल थे। इनामी नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर है। पुलिस ने सूचना के आधार पर ये एनकाउंटर किया है। घना जंगल होने की वजह से नक्सली भाग नहीं पाये।



### सभी जवान सुरक्षित

*मुठभेड़ में मारे गये 12 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। सभी जवान सुरक्षित बताये जा रहे हैं। इस एनकाउंटर में कुल कितने नक्सली मारे गए हैं। यह जवानों के वापस लौटने के बाद ही पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगा। शुक्रवार सुबह से ही फोर्स फिर से सर्चिंग पर पहुंच गई। तीन जिलों के लगभग 1500 से ज्यादा जवानों ने इलाके को घेर रखा है।*

### पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुना

# किरण सिंहदेव ही बने रहेंगे छत्तीसगढ़ के भाजपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वर्तमान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ही प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें दोबारा निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना। क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष के लिये किसी भी दावेदार का नाम सामने नहीं आया था। ऐसे में किरणसिंह देव ही निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्हें दूसरा कार्यकाल दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने उनके नाम का एलान किया।

वहीं छत्तीसगढ़ से 17 लोगों का नाम राष्ट्रीय परिषद के लिये आया है, जो बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में जायेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के लिये कुल तीन नामांकन पत्र सामने आये थे। हालांकि ये तीनों नामांकन अलग-अलग नेताओं के नहीं, बल्कि एक ही नेता यानी किरण सिंहदेव के ही थे। दूसरी ओर इस मामले में कांग्रेस का कहना है कि ये प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव नहीं बल्कि नौटंकी हो रही है।

**राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने किया नाम का ऐलान**




**प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के बनाए गए थे 60 लाख सदस्य**

*प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद किरणसिंहदेव ने कहा कि हमने टारगेट के मुताबिक, प्रदेश में 60 लाख बीजेपी मेंबर बनाये। लोकसभा, विधानसभा, उपचुनाव की तरह ही हमें नगरीय निकाय चुनाव 2025 में भी जीत का परचम बनाये रखना है। असली लड़ाई नगरीय निकाय चुनाव है। बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि आज का दिन प्रदेश के लिये बेहद खास है, क्योंकि पूरे देश में सबसे पहले छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हुआ है। अब कई साथी नयी भूमिका में आने वाले हैं। विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तरह ही पंचायत चुनाव में भी जीत का परचम लहराना है। पंचायत से लेकर संसद तक जीत का क्रम बरकरार रखना है। दूसरी ओर भाजपा त्रि-स्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव समिति की बैठक भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर डूमरतराई में हो रही है। बैठक में पंचायत प्रभारी सौरभ सिंह और नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामु रोहरा,रामजी भारती, भरत वर्मा आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद हैं।*

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों की जीआईएस कटौती राशि बढ़ाई जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश के कर्मचारियों की समूह बीमा योजना के अन्तर्गत क्लास थ्री कर्मचारियों का 200 रुपये प्रतिमाह काटा जा रहा है जो की न्यूनतम राशि है जिसके तहत कर्मचारियों का बीमा सिर्फ दो लाख रुपये होता है जो कि आज के इस मंहगाई के दौर में बहुत कम है। अतः कर्मचारियों की समूह बीमा राशि प्रतिमाह बढ़ाकर 1000रू की जाना चाहिए। क्योंकि जितनी न्यूनतम राशि कर्मचारियों की काटी जाएगी उतनी ही न्यूनतम राशि का बीमा हो पाएगा, परंतु यदि 1000 रुपये प्रतिमाह काटे जाते हैं तो कर्मचारियों का दस लाख का बीमा किया जा सकता है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरे, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, शहीर मुमताज़, दिनेष गौंड़, सुधीर अवधिया, एनोस विक्टर, दीपेश जैन, मनमोहन चौधरी, सुनील झारिया, उमेष सिंह ठाकुर, गोपीषाह, रऊफ खान, आर.पी. खनाल, निलेष खरे आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है की कर्मचारियों की जीआईएस कटौती राशि बढ़ाई जाए।

### नगर निगम के बेड़े में एडवांस पॉट-पेंच रिपेयरिंग मशीन शामिल

**जबलपुर।** नगर निगम के बेड़े में दो अत्याधुनिक पॉट-पेंच रिपेयरिंग मशीनों का समावेश किया गया है, जो शहर की सड़कों के पेंच रिपेयरिंग कार्यों में गति लाएंगी और साथ ही श्रम एवं समय दोनों की बचत करेंगी। इसके अलावा, आई.डी.बी.आई. बैंक द्वारा नगर निगम जबलपुर को 12 सीएनजी से चलने वाले टिपर वाहन भी प्रदान किए गए हैं, जो स्वच्छता कार्यों में उपयोग किए जाएंगे।

19 जनवरी 2025 को अपराह्न 12 बजे नगर निगम मुख्यालय परिसर से इन सभी वाहनों को महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष श्री रिकुंज विज, मेयर इन काउंसिल के सदस्य श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती रजनी कैलाश साहू और निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि इन एडवांस पॉट-पेंच रिपेयरिंग मशीनों का निर्माण 18 टन जीवीडब्ल्यू के ट्रक चेचिस पर किया गया है। इन मशीनों की खासियत यह है कि यह एक साथ सड़क के गड्ढों और पेंचों को एयर प्रेशर से साफ कर इमल्शन की कोटिंग करने के बाद इमल्शन (आर.एस.-1 या आर.एस.-2 ग्रेड) और एग्रीगेट (6 से 12 एम.एम. साइज) को मिक्स कर पेंच रिपेयरिंग का काम करती हैं।

## लोक निर्माण विभाग के संकल्प से प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार : मंत्री राकेश सिंह

**1570 अभियंताओं ने संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में लिया भाग**

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर में आयोजित लोक निर्माण विभाग के प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित किया। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी संभागों में एक साथ आयोजित किया गया था, जिसमें 1570 अभियंताओं ने हिस्सा लिया। इन प्रशिक्षण कार्यशालाओं में सड़क, भवन और पुल निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण, परियोजना प्रबंधन, नवाचार, और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया।मंत्री राकेश सिंह ने प्रशिक्षण सत्र में कहा कि प्रदेश की सड़कों, पुलों और भवनों का निर्माण केवल भौतिक कार्य नहीं है, बल्कि ये संरचनाएं समाज और राष्ट्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उन्होंने अभियंताओं से आग्रह किया कि वे हर निर्माण को आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आदर्श मानकर करें और निर्माण प्रक्रिया में सस्टेनेबिलिटी, रीसाइक्लिंग और री-यूज को प्राथमिकता दें।सिंह ने ₹गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही₹ को विभाग का मुख्य मंत्रा बताया और कहा कि विभाग आगामी दिनों में निविदा शर्तों में सकारात्मक बदलाव करेगा, ताकि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने लोकपथ मोबाइल एप का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एप न केवल सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाता है, बल्कि जनता को विभागीय कार्यों में भी भागीदार बनाता है।उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के पास प्राकृतिक संपदा, सांस्कृतिक धरोहर और मेहनती अभियंताओं का अद्वितीय संगम है, और यह समय है जब हम मिलकर 'विकसित मध्यप्रदेश से विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करें। सिंह ने अभियंताओं से यह भी कहा कि वे अपने कार्य को सिर्फ पेशेवर दृष्टिकोण से न देखें, बल्कि इसे समाज और प्रदेश के प्रति अपनी जिम्मेदारी के रूप में समझें।सिंह ने इंजीनियरों के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे CRRI, IIM और IIT के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना की भी जानकारी दी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अभियंताओं को नवीनतम तकनीकों और मापदंडों से अवगत कराना है।कार्यशाला को संबोधित करते हुए विशेषज्ञ प्रशांत पोल ने कहा कि मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में लोक निर्माण विभाग के कार्यों में गुणवत्ता सुधार के लिए एक अहम कदम उठाया गया है।



## वृहत महाकाली धाम में 21 को सुंदरकांड, 22 को भंडारे का आयोजन

**रामलला प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूर्ण होने पर हो रहे कार्यक्रम**

**जबलपुर।**

अयोध्या में भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के 22 जनवरी को एक साल पूरे होने पर नगर में विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में श्री वृहत महाकाली उत्सव समिति काली धाम गढ़ा फाटक द्वारा 21 जनवरी मंगलवार को मंदिर प्रांगण में रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। पाठ के समापन के उपरांत अगले दिन 22 जनवरी बुधवार को दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महाकाली समिति द्वारा उत्सव की तैयारियां धूमधाम से की जा रही है। इस अवसर मंदिर में साज सज्जा की जाएगी। दीप प्रज्जवलित कर दीप उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही मंदिर प्रागंण में पूजन अर्चन भी होगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने और प्रसादी ग्रहण करने की अपील समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रद्धालुओं से की है।





## एपीएन महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट का चयन विकसित भारत प्रतियोगिता के लिए हुआ

**जबलपुर।** एपी नर्मदा महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट रिशिता पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही मुहिम विकसित भारत यंग डायलॉग 2025 में भाग लिया, जिसके चार चरणों में लगातार चयनित होकर राजधानी दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री से मुखातिब होने का मौका मिला। इससे पूर्व रिशिता पटेल द्वारा भोपाल में तृतीय चरण के चयन के उपरांत राज्य खेल मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ मुलाकात कर प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के निवास स्थान पर रिशिता पटेल एवं समस्त चयनित टीम ने भोज किया एवं वार्तालाप की। 09 जनवरी 2025 से 12 जनवरी तक दिल्ली के भारत मंडपम में रिशिता पटेल को अपनी प्रजेंटेशन देने एवं देश के प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। इस सम्पूर्ण चरणों में महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. दिव्या पाराशर उनके साथ रहीं। दिल्ली जाने से पूर्व 1-एमपी बटालियन के कमांडिंग अफसर कर्नल विवेक भटारा ने रिशिता को बधाई दी। रिशिता पटेल की इस सफलता के लिए महाविद्यालय के चेयरमेन चमन श्रीवास्तव ने आगामी 26 जनवरी को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। रिशिता की इस सफलता के लिए महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, प्राचार्य डॉ. सोनल खरे ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

## मृतकों के आश्रितों को नहीं मिल रहा अनुकंपा नियुक्ति का लाभ

**जबलपुर।** अजाक्स संघ एवं नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के द्वारा लम्बे समय से लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के संबंध में महापौर, निगमाध्यक्ष, निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन में अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा के द्वारा बताया गया कि स्थापना विभाग की लापरवाही के कारण मृतकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किये जाने के प्रकरण काफी समय से लंबित हैं, जिन पर आज दिनांक तक मृतकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ प्रदान नहीं किया गया है। अजाक्स संघ के द्वारा महापौर, निगमाध्यक्ष, निगमायुक्त से अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों पर जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुये मृतकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने हेतु मांग की गई।

## लखनऊ से आए प्रशिक्षु अधिकारियों को रेलवे ने दी ट्रेनिंग

**रेलवे की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा**

**जबलपुर।**

जबलपुर मंडल कार्यालय के सभागार में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के नेतृत्व में आईआरआईटीएम लखनऊ से आए हुए 12 प्रशिक्षु अधिकारियों की जबलपुर मंडल में तीन दिनों की फील्ड ट्रेनिंग के लिए आए जिनको मंडल के उच्च अधिकारियों के द्वारा ट्रेनिंग दी गई जिसमें मंडल रेल प्रबंधक ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को रेलवे की जानकारी देते हुए फील्ड ट्रेनिंग के साथ-साथ अधिकारियों की कार्यप्रणाली एवं इंडियन रेलवे के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसी के साथ ही सभी 12 प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंडल रेल प्रबंधक को अपना परिचय देते हुए उच्च अधिकारियों से कुछ प्रश्नों के बारे में जानकारी हासिल की एवं सभी उच्च अधिकारियों जैसे अपर मंडल रेल प्रबंधक सीनियर डीसीएम एवं सीनियर डीपीओ के साथ ही उच्च अधिकारियों ने अपने विचारों को साझा करते हुए, इंडियन रेलवे के वाणिज्य, परिचालन, कार्मिक, लेखा, इंजीनियरिंग विभाग एवं रेलवे के विभिन्न पदों के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी को साझा किया साथ ही साथ नये अधिकारियों की रेलवे के प्रति क्या जिम्मेदारियां रहती हैं इसकी जानकारी साझा की गई। इस ट्रेनिंग में मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने रेलवे की जानकारी प्रदान करते हुए रेलवे ट्रैक के साथ ही बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारियां सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को दी । इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, सीनियर डीसीएम डॉक्टर मधुर वर्मा, सीनियर डीपीओ सुबोध विश्वकर्मा, सीनियर डीसीएम 2 शशांक गुप्ता, सीनियर डीएफएम रजनीकांत साहू एवं डीओएम रवि प्रकाश वर्मा भी उपस्थित थे।




## गायत्री परिवार का आत्मीयता विस्तार सम्मेलन




**जबलपुर।**

गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा अपने परिजनों को जितना प्यार बनता है वह शायद ही कोई और बांट सके। किसी प्यार में सरकार से आज करोड़ों लोग गायत्री परिवार से जुड़ते हुए चले जा रहे हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए गायत्री शक्तिपीठ, जबलपुर द्वारा अपने यहां वार्षिक मिलन कार्यक्रम के रूप में सभी परिजनों को एकत्रित कर आत्मीयता विस्तार सम्मेलन मैं हर उम्र के लोगों का ध्यान रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीराम वन, लम्हेटाघाट में खेलकूद महोत्सव के क्रम में जहां बच्चों ने टॉफी चम्मच- जलेबी दौड़ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं युवा एवं वरिष्ठ महिलाओं ने कुर्सी दौड़, भाइयों ने कबड्डी के क्रम में अपने कौशल का प्रदर्शन किया ! कार्यक्रम में 60 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ परिजनों ने रस्सा खींच प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जो पूरे कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र बना। मशाल मैराथन में सभी वर्ग के भाई बहनों ने भाग लेकर 32 एकड़ के पूरे श्रीराम वन का चक्कर पूरा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती सावित्री केशव प्रसाद मालवीय द्वारा मशाल पूजन कर किया गया। कार्यक्रम संचालन प्रेमशंकर तिवारी ने किया, खेलकूद प्रतियोगिता संचालन श्रीमती वंदना राजपूत, श्रीमती निशा शर्मा, सुश्री पूनम सोनी द्वारा किया गया। मुख्य ट्रस्टी बी.बी. शर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया । मां भगवती के भंडारे में उपस्थित परिजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।



## नशा रोकने कलेक्टर वाट्सएप नंबर जारी करें, मांग

**जबलपुर।** मानव अधिकार संगठन ने आज जबलपुर कलेक्टर को एक पत्र दिया, जिसमें मांग की गई कि नशा को रोकने कलेक्टर एक वॉट्सअप नंबर शुरू करें, जो कलेक्टर के अंडर में हो जिसमें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाए, अपराधी स्मेक, गांजा, कोकीन, सुलोचन, शराब और किसी भी प्रकार के नशे का व्यापार करे तो उनकी शिकायत इस नंबर पर की जा सके और शिकायतकर्ता की सुरक्षा कलेक्टर रखें। ज्ञापन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन, एड. आशीष त्रिपाठी, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, एड. रोशन मंध्यानी, कमरुल इस्लाम ख़ान, एड. विवेक शुक्ला, डॉ. आशीष डेंग्रा, डॉ. दिगंत पाठक, डॉ. अभिजीत जैन, एड. सुमेश शुक्ला सहित अन्य उपस्थित हुए।

## कार्यों को आनंद के साथ करने से कम होता है तनाव : हेमंत सिंह, सीईओ जेएटीसीसी

**जबलपुर विकासखंड में शासकीय कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम का आयोजन**

**जबलपुर।** जनपद पंचायत जबलपुर में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम लोक शिक्षण संभाग के संयुक्त संचालक प्राचीस जैन, कटनी के मास्टर ट्रेनर राजेंद्र असाटी, जबलपुर जिले की समन्वयक दीप्ति ठाकुर के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया एवं अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व पत्रिका देकर किया गया। राज्य आनंद संस्थान की परिकल्पना को एक वीडियो के माध्यम से बताया। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दीप्ति ठाकुर के द्वारा जीवन का लेखा-जोखा सत्र लेकर बताया गया कि जीवन में परोपकार करने से प्रकृति के द्वारा भी हमें चार गुना परोपकार पुनः प्राप्त होता है और किसी को दुखी करने से हमें भी दुख प्राप्त होता है, तो क्यों न हम माफी मांग कर दुख को समाप्त करें। राजेंद्र असाटी के द्वारा चिंता का दायरा, प्रभाव का दायरा सत्र बताया गया कि हमें किसी भी समस्या पर चिंता नहीं चिंतन करना है और समय रहते उसे समस्या को दूर करने का प्रयास करना है। मास्टर ट्रेनर रेनू मिश्रा के द्वारा मेरे रिश्ते में समझाया गया कि हर रिश्तों की खूबसूरती की निरंतरता के लिए जरूरी है उन रिश्तों की कद्र करना और मनीषा खरे के द्वारा आनंद की ओर सत्र के माध्यम से बताया गया कि हम अपने जीवन के उद्देश्य को समझें और कैसे जीवन को जिएं। सारिका अग्रवाल, रेनू मिश्रा, अनीता यादव, प्रतिभा दुबे, सुनीता शर्मा के द्वारा स्वयं की जीवन के अनुभव साझा किए गए कि कैसे अल्पविराम से उनके जीवन में परिवर्तन आए। इस कार्यक्रम में 60 प्रतिभागियों के द्वारा सहभागिता दी गई। चाय स्वल्पाहार एवं खाने की व्यवस्था की गई। सभी प्रतिभागियों को फोल्डर पेन नोटपैड और सर्टिफिकेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम अभिषेक सिंह ने सराहना की कि हर विभाग में कार्यक्रम किए जाने चाहिए। सभी प्रतिभागियों ने फीडबैक के द्वारा कार्यक्रम की प्रशंसा की। आनंद विभाग के सहायक नोडल अधिकारी हेमंत सिंह एवं जनपद पंचायत जबलपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद पांडे के द्वारा सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में मनोज सोनी, शिवम पटेल की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सुषमा सरफ़रे के द्वारा किया गया।




## गंगा, जमुना, सरस्वती, मां नर्मदा की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया

**जबलपुर।** गृहस्त जीवन, संपूर्ण जीवन की आधारशिला है, आज कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ एवं कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई समाज द्वारा अमृत महाकुंभ, कलश पूजन, मां नर्मदा की महाआरती का आयोजन किया गया। घनश्यामदास गुप्ता द्वारा समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए गंगा पूजन, नर्मदा पूजन का महत्व बताया गया। अनादि काल से नर्मदा स्तुति अनेक साधु, संतों और महात्माओं द्वारा की गई, समाज संस्कृति को सनातन से जोड़ता है, समाज के हर वर्ग को एक समान भाव के साथ मां नर्मदा की स्वच्छता का भी ध्यान देना चाहिए। यह अमृत काल भारतीय संस्कृति को संपूर्ण विश्व में अपने दर्शन करा रहा है। आज प्रयागराज संपूर्ण विश्व के लिए केवल दर्शन शास्त्री ही नहीं संस्कृति का दर्शन है सारा विश्व हमारी संस्कृति से प्रभावित होकर सनातन को सर्वोपरि मान रहा है नतमस्तक भी हो रहा है हिंदू संस्कृति संपूर्ण विश्व के लिए शोध का विषय है, अनेक धर्म स्वावलंबी हिंदू संस्कृति को अपना रहे हैं यह हमारे लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन संस्कृति को संपूर्ण विश्व को दर्शन करना विजय गुप्ता, धनंजय बाजपेई, सुधीर गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, दिनेश प्रीत, रावेंद्र तिवारी, यदुवंश मिश्रा, नर्मदा गुप्ता, प्रहलाद गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये।



## भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने भाजपा नगर अध्यक्ष का किया स्वागत

**जबलपुर।** भाजपा के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर को भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर ने 15/01/2025 को पदाधिकारियों के साथ भाजपा संभागीय कार्यालय पहुँचकर भाजपा महानगर निर्वाचित होने पर भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर हार्दिक शुभकामनाएं एवं ढेरों बधाई दी। दीपक नाहर ने कहा कि निश्चित ही आपके नेतृत्व में भाजपा महानगर संगठन नए आयाम स्थापित करेगा। स्वागत के दौरान भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के महानगर सह संयोजक अनंत पाण्डेय, मंडल उपाध्यक्ष जीवन दुबे, निखिल ठाकुर, मृदुल दुबे एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **GEETA** is legally Mother of **No 6499920W** Rank **SEP/ASH** Name **BALDEV PRASAD DWIVEDI** presently, residing at **VILL-TIWANI, PO- TIWANI, TEH- MANAGWAN, DIST-REWA (MP)-486112** I, have changed of my name and date of birth from name **GEETA** and date of birth **04/06/1967** (name and date of birth as per my **SON**, Army service records) to name **GEETA DEVI DUBEY** and date of birth **01/01/1968** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD AND PAN CARD** vide affidavit dated **16/01/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

**CORRECT NAME-GEETA DEVI DUBEY**
**INCORRECT NAME-GEETA**
**CORRECT DATE OF BIRTH- 01/01/1968**
**INCORRECT DATE OF BIRTH- 04/06/1967**

# खत्म नहीं हो रही सीमेंट कंपनियों की मनमानी, बढ़ा मकान बनाने का खर्च

विक्रेताओं ने कहा सीमेंट के दाम में 10 दिन में प्रति बोरी 20 रु. तक हुआ इजाफा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सीमेंट कंपनियों की मनमानी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। बिना किसी ठोस कारण कंपनियों ने 10 दिनों में 20रुपए प्रति बोरी तक बढ़ा दी है। कंपनियों की ओर से इस संबंध में सभी डीलरों और सप्लायरों को एसएमएस भी भेजा गया है। कीमत में बढ़ोतरी के बाद थोक में सीमेंट 350 से 355 रुपए है तो फुटकर में 360 से 365 रुपए में मिल रही है। कीमत बढ़ने के बाद लोगों के मकान बनाने का खर्चा भी बढ़ गया है। सप्लायरों का कहना है कि फैक्ट्री से ही सीमेंट महंगा मिल रहा है। ऐसे में कम कीमत में कैसे बेच सकते हैं।

बाजार में कम से कम 60 बोरी सीमेंट लेने पर प्रति बोरी कीमत 350 से 355 रुपए तक देय है। जबकि एक से पांच बोरी लेने पर 360 से 365 रुपए से भी ज्यादा वसूले जा रहे है। क्योंकि हर बोरी में लोडिंग-अनलोडिंग चार्ज भी जोड़ा जा रहा है। भोपाल लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ के अध्यक्ष बलदेव खेमानी के अनुसार अप्रैल 2024 के बाद सीमेंट कंपनियों ने प्रति बोरी कीमत 50 रुपए तक बढ़ाई थी। उस समय एक बोरी सीमेंट की कीमत 350 रुपए तक पहुंच गई थी। इस मामले में जबरदस्त विवाद के बाद कंपनियों ने कीमत कुछ कम की, हालांकि इसके बाद भी ट्रांसपोर्टिंग शुल्क बढ़ने का हवाला देकर हर थोड़ दिन के अंतराल में कीमतें बढ़ाई जा रही हैं।



### *ट्रांसपोर्टेशन का खर्च कम किया, फिर भी कीमत बढ़ाई*

*ट्रांसपोर्टेशन एसोसिएशन का दावा है कि सीमेंट कंपनियों ने ट्रांसपोर्टेशन का किराया 15 फीसदी तक कम कर दिया है। इसके बावजूद सीमेंट की कीमत बढ़ाई जा रही है। नियमानुसार ट्रांसपोर्टेशन का खर्चा कम होने पर सीमेंट की कीमत घटाई जानी थी, लेकिन कंपनी वालों ने बेखौफ होकर कीमत बढ़ा दी।*

# मंडी प्रशासन की टीम ने हटाया करोंद कृषि उपज मंडी प्रांगण में अतिक्रमण

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के प्रबंध संचालक के निर्देश पर करोंद स्थित पंडित लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी के सब्जी यॉर्ड से जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन के सहयोग से संयुक्त रूप से मंडी प्रशासन की टीम ने अतिक्रमण हटाया। मालूम हो कि मंडी प्रांगण में निर्मित नीलामी शेडों में और मंडी प्रांगण में कव्हर्ड शेडों, रिक्त प्लाटों पर अवैध रूप से कतिपय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर फल-सब्जी का व्यापार किया जा रहा था। सहायक निरीक्षक असलम खान, जीवन सिंह राजपूत ने बताया कि फल -सब्जी शेड को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान दोनों शैडो में अवैधानिक रूप से लगाए गए बांस बल्लियों को हटाया गया। साथ ही मंडी की सड़कों पर अतिक्रमण कर लगाई गई दुकानों को भी हटवाया गया। यहां पिछले कई दिनों से लगातार अतिक्रमण की शिकायतें मंडी अधिकारियों को मिल रही थी।

## *मध्यप्रदेश में 4 हजार केंद्रों पर होगी गेहूं खरीदी*

*भोपाल। गेहूं खरीदी के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन 20 जनवरी से शुरू होगा। इस बार राज्य में 4,000 उपार्जन केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 3,800 थी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी को दी। केंद्रीय मंत्री जोशी ने राज्यों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के प्रति जागरूकता बढ़ाने और किसानों को गेहूं खरीदी के बाद शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने पंजीयन प्रक्रिया को जल्द शुरू करने और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति पर जोर दिया। मंत्री राजपूत ने बताया कि इस वर्ष उपार्जन केंद्रों पर गेहूं की गुणवत्ता सुधारने के लिए मेकेनाइज्ड क्लीनिंग मशीनें लगाने की योजना है। इससे खराब गुणवत्ता वाले गेहूं की खरीदी पर रोक लग सकेगी। मंत्री ने गेहूं और चावल के द्वितीय त्रैमासिक प्रावधानित अनुदान और फोर्टिफाइड राइस जैसी योजनाओं के लिए लंबित राशि शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया।*

# 160000 साल बाद पहली बार धरती से दिखाई देने जा रहा दुर्लभ धूमकेतु

**वॉशिंगटन।** खगोलविदों और अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वाले एक ऐसी घटना का गवाह बनने वाले हैं, जो 160,000 वर्षों में पहली बार होने जा रही है। आने वाले दिनों में दुनिया भर के आसमान में एक चमकीला धूमकेतु दिखाई दे सकता है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इस बारे में जानकारी दी है। नासा ने संभावना जताई है कि धूमकेतु C2024 G3 (एटलस) इतना चमकीला होगा कि उसे नंगी आंखों से देखा जा सकेगा।



सोमवार को धूमकेतु सूर्य के सबसे करीब स्थित बिंदु पेरिहेलियन पर था। इस बिंदु से निर्धारण होता है तो वह कितना चमकीला दिखाई देता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सोमवार रात से दिखाई दे सकता है। हालांकि, यह किस जगह पर सटीक दिखाई देगा, अभी तक इस बारे में स्पष्ट पता नहीं है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इसे दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे अच्छी तरह से देखा जा सकता है। इस बीच नासा के अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से ली गई धूमकेतु की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। उन्होंने लिखा, 'किसी धूमकेतु को कक्षा से देखना पूरी तरह से आश्चर्यजनक है। एटलस C2024-G3 हमसे हाथ मिलाने आया है।' किंग्स कॉलेज में ब्रह्मांड विज्ञान के शोधकर्ता डॉ. श्याम बालाजी ने कहा कि यह काफी चमकीला होने की उम्मीद है, लेकिन धूमकेतु की चमक के बारे में भविष्यवाणियां बेहद अनिश्चित हैं। कई धूमकेतुओं की चमक शुरू में की गई भविष्यवाणी से कम दिखाई देती है।

### *दक्षिणी गोलार्द्ध में साफ आएगा नजर*

*विशेषज्ञों का कहना है कि यह शुक्र ग्रह की तरह चमकीला हो सकता है। धूमकेतु को पिछले साल नासा के एस्टेरॉयड अलर्ट सिस्टम से देखा गया था। एक्सपर्ट का कहना है कि वर्तमान गणना से संकेत मिलता है कि यह सूर्य से लगभग 1.33 करोड़ किलोमीटर की दूरी से होकर गुजरेगा। सभी धूमकेतुओं की तरह इसकी चमक अप्रत्याशित हो सकती है। जो लोग दक्षिणी गोलार्द्ध में रहते हैं, उन्होंने सूर्योदय से पहले पूर्वी क्षितिज को ओर देखना चाहिए।*

फरवरी में दो दिन देशभर के बैंकों में ठप रहेगा कामकाज

# बैंक अधिकारियों के संघ एआईबीओसी ने किया देशव्यापी हड़ताल का ऐलान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पांच दिवसीय कार्य सप्ताह और सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर बैंक अधिकारियों के संगठन एआईबीओसी ने अगले माह यानी 24-25 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है।

इसके अलावा यूनियन ने प्रदर्शन समीक्षा और पीएलआई पर वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के हालिया निर्देशों को तत्काल वापस लेने की मांग की है, जो नौकरी की सुरक्षा को खतरा पहुंचाते हैं और कर्मचारियों के बीच विभाजन पैदा करते हैं। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने कहा कि कार्यकारी समिति ने दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का प्रस्ताव रखा है, जो संभवतः 24-25 फरवरी, 2025 के लिए निर्धारित है। परिसंघ ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में कर्मचारी-अधिकारी निदेशकों के पदों को भरने तथा आईबीए के साथ लंबित शेष मुद्दों के समाधान पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा एआईबीओसी ने कहाकि अगर जरूरत पड़ी तो और भी सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। इस महीने हड़ताल का नोटिस मिलने के बाद आंदोलन कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। यूनियन ने आरोप लगाया कि डीएफएस द्वारा नीतिगत मामलों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सूक्ष्म प्रबंधन से संबंधित बोर्डों की स्वायत्तता कमजोर हो रही है।

## *हफ्ते भर में सेंसेक्स में 700 अंक से ज्यादा की गिरावट, निवेशकों के 2.5 लाख करोड़ डूबे*

*नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजारों के लिए लगातार दूसरा हफ्ता मुश्किल भरा रहा। इस सप्ताह (13 जनवरी-17 जनवरी) तीन ट्रेडिंग सेशन में तेजी के बावजूद दोनों प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 1 फीसदी गिर गए। सेंसेक्स के लिए यह हफ्ता दबाव भरा रहा और इंडेक्स 760 अंक टूट गया। पिछले हफ्ते शुक्रवार को सेंसेक्स 77,378 के स्तर पर बंद हुआ था जबकि इस हफ्ते यह 76,619 पर क्लोज हुआ। इस हिसाब से पिछले पांच ट्रेडिंग सेशन में सेंसेक्स में 740 अंक की गिरावट आई है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 (निफ्टी50) इस वीक (13 जनवरी-17 जनवरी) 228 अंक गिरकर बंद हुआ। पिछले सप्ताह निफ़्टी 23,431 के स्तर पर बंद हुआ था। जबकि इस हफ्ते यह 23,203 पर बंद हुआ, जो 228 अंक की गिरावट दर्शाता है। इस सप्ताह बाजार में आई गिरावट से निवेशकों को 245,044 करोड़ रुपए की चपत लगी है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप शुक्रवार (10 जनवरी) को 431,16,659 करोड़ रुपये था। इस शुक्रवार (17 जनवरी) को यह घटकर 428,71,615 करोड़ रुपए रह गया। इस हिसाब से कंपनियों का मार्केट कैप 2.45 लाख करोड़ रुपए घटा है।*

बीबीसी देगी 2024 की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार

# 'मनु-स्मृति' प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक 2024 की दोहरी पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और भारत की स्टार महिला बल्लेबाज स्मृति मंधाना को गुरुवार को बीबीसी की 2024 की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया।

मनु ने पेरिस में महिला और मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल में दो कांस्य पदक जीता और आजादी के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।





स्मृति के बल्ले ने भी 2024 में खूब रन उगले और वह पिछले साल सभी प्रारूपों में मिलाकर सर्वाधिक रन बनाने वाली महिला बल्लेबाजों शामिल रहीं। मनु और स्मृति को इन पुरस्कारों के लिए लगातार दो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय निशानेबाजी अवनी लेखरा, स्टार गोल्फर अदिति अशोक और स्टार पहलवान विनेश फोगाट से चुनौती मिलेगी।

### 17 फरवरी को होगी घोषणा

इन पुरस्कारों के नामित खिलाड़ियों के लिए बीबीसी की भारतीय भाषा की वेबसाइटों और बीबीसी न्यूज स्पोर्ट वेबसाइट के जरिए 31 जनवरी तक वोटिंग की जा सकती है। विजेता खिलाड़ी की घोषणा 17 फरवरी को की जाएगी। इसके अलावा बीबीसी की साल की उभरती हुई खिलाड़ी, बीबीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ पैरा खिलाड़ी और बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी दिया जाएगा।



# रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी लॉन्च

**जबलपुर।** स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 5 पेश किए। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी दो इनोवेटिव मॉडलों रियलमी 14 प्रो 5जी और रियलमी 14 प्रो$ 5जी के साथ इन दोनों स्मार्टफोंस को डेनिश डिज़ाईन स्टूडियो, वेल्योर डिज़ाईनर्स के सहयोग से बनाया गया है।

## राधारमण कॉलेज ऑफ फार्मेसी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 24 और 25 को

**भोपाल।** राधारमण कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 24 और 25 जनवरी को ₹नैनोटेक्नोलॉजी और सतत दवा विकासः अवसर और चुनौतियां₹ विषय पर एक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नैनोटेक्नोलॉजी के माध्यम से दवा विकास को अधिक प्रभावी, सुरक्षित और पर्यावरणीय रूप से अनुकूल बनाने के लिए नए अवसरों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना है।इस सम्मेलन का संयोजन राधारमण कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक, डॉ. एस.के. लारिया एवं प्रोफेसर डॉ. बृजेश सिरोही करेंगे। सम्मेलन स्कैन अनुसंधान प्रयोगशालाएं और जीपीएटी चर्चा केंद्र, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विशेषज्ञ और शोधकर्ता सतत दवा निर्माण, ग्रीन केमिस्ट्री, नैनोमटेरियल्स के उपयोग और व्यक्तिगत दवा निर्माण जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन में दवा निर्माण में आने वाली पर्यावरणीय चुनौतियों को कम करने के तरीकों पर भी गहन मंथन किया जाएगा।

## स्विगी सर्व्स की शुरुआत, रॉबिन हुड को बनाया पार्टनर

**नई दिल्ली।** ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने अपनी महत्वाकांक्षी पहल 'स्विगी सर्व्स' की शुरुआत का एलान किया। इस पहल का उद्देश्य कंपनी की वैल्यू चेन में खाने की बर्बादी को न्यूनतम करना और भूख की समस्या का निदान करना है। इस कैंपेन के तहत स्विगी ने रॉबिन हुड आर्मी (आरएचए) के साथ साझेदारी का एलान किया है। आरएचए वॉलंटियर्स द्वारा संचालित संगठन है। साथ मिलकर स्विगी और आरएचए का उद्देश्य स्विगी के पार्टनर रेस्टोरेंट्स से सरप्लस खाने को लेकर उसे जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित करना है। इस साझेदारी के माध्यम से दोनों संगठनों ने 2030 तक 5 करोड़ भोजन परोसने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

# यूटीआई छिंदवाड़ा में खोलेगा नया वित्तीय केंद्र

**छिंदवाड़ा।** देश की अग्रणी म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी (यूटीआई एएमसी) ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में ग्राउंड फ्लोर, पटेल आर्केड, दशहरा मैदान, सहस्त्र बाहु चौक, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा -480001, मध्य प्रदेश में अपने यूएफसी के उद्घाटन की घोषणा की है।कंपनी ने देश भर में वितरण और निवेशक तक अपनी पहुंच को मजबूत करने के लिए अपने केंद्रित विस्तार के हिस्से के रूप में 20 जनवरी 2025 को 33 नए यूटीआई फाइनेंशियल सेंटर (शाखाएं) खोलने की घोषणा की है। इस विस्तार का उद्देश्य वित्तीय निवेश संबंधी सुविधाओं में सुधार करना और निवेशकों को बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में मदद करना है। कार्यालयों का यह प्रसार देश भर मंए निवेशकों के साथ गहरे संबंध बनाने और अधिक समावेशी निवेश संस्कृति को बढ़ावा देने के यूटीआई एएमसी के चल रहे प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T./PWD-16/PRO/No-513 — // निविदा सूचना (द्वितीय)// — Dated - 17/01/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत टेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_396264_1 Date - 27.01.2025 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अंतर्गत टेढ़ी नीम क्षेत्र में स्थित बाल मुक्ति धाम में फेंसिंग कार्य (अन्य मद) | 04 माह 4.36 लाख | 2000/- 4363/- | 03/02/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री, (लोककर्म)
नगर निगम जबलपुर

## आवश्यकता


आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस-9899306231 (रायपुर/18/जनवरी 25)

## टॉवर

टावर - सरकारी मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं 9407780635, 8319401203\ (भोपाल/ 18/जनवरी


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## *शब्द पहेली - 5751*



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### *शब्द पहेली- 5750 का हल*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5762

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5761 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |



# हेमा मालिनी ने की 'महाकुंभ आरती' लॉन्च

**मुंबई।** अभिनेत्री हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा ने गुरुवार को महाकुंभ आरती, गंगा आरती और प्रार्थना भजन को लॉन्च किया। इन गीतों को अनूप जलोटा, हेमा मालिनी और विशाल अग्रवाल ने गाया है। इसके बोल कवि नारायण अग्रवाल जी 'दास नारायण' ने लिखे हैं। म्यूजिक लॉन्च के मौके पर अभिनेत्री हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा कवि नारायण अग्रवाल जी 'दास नारायण' और गायक विशाल अग्रवाल मौजूद रहें। इस दौरान सभी ने गीत को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने गीतों को पवित्र और श्रोताओं के साथ गहनता से जुड़ने में सहायक बताया।

लाइफ Style

# खुशी कपूर

## न्यू एज लव स्टोरी है 'लवयापा'

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्यार के महीने फरवरी में खुशी कपूर और जुनैद की खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज होने वाली है। हाल ही में इस फिल्म का एक रोमांटिक सॉन्ग 'रहना कोल' रिलीज हुआ है। इसमें खुशी और जुनैद का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है।

फिल्म 'लवयापा'एक न्यू एज लव स्टोरी है। कुछ दिन पहले इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसमें जेनरेशन जी (GEN Z) के नजरिए से प्यार की कहानी कही जा रही है। हाल ही में इस फिल्म का नया गाना 'रहना कोल' रिलीज हुआ। इसमें खुशी और जुनैद प्यार के रंग में रंगे हुए नजर आए। फिल्म 'लवयापा' का नया गाना 'रहना कोल' के बोल काफी अच्छे हैं। यह प्यार के अहसास को बड़ी ही खूबसूरती से बयां कर रहे हैं। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन डे पर यह गाना लव एंथम बन सकता है।

गाने में खुशी का ट्रेडिशनल लुक भी नजर आया। साथ ही जुनैद और खुशी के बीच की केमिस्ट्री भी अच्छी दिखी। फिल्म 'लवयापा' का सॉन्ग 'रहना कोल' को जुबिन नौटियाल और जहरा एस खान ने गाया है। दोनों की आवाज का जादू गाने में साफ महसूस होता है। वहीं, तनिष्क बागची ने इस गाने की कंपोजिशन तैयार की है। इस गाने की कोरियोग्राफी फराह खान ने की है। फिल्म 'लवयापा' 7 फरवरी को रिलीज होगी। यह वैलेंटाइन वीक रहेगा। ऐसे में श्रीदेवी की बेटी खुशी और आमिर खान के बेटे जुनैद की फिल्म को अच्छी ऑडियंस मिल सकती है।



हॉलीवुड मसाला



# बदलाव के सफर पर निकलीं

**लॉस एंजिल्स।** 'फैंटास्टिक फोर'फेम अभिनेत्री और हॉलीवुड स्टार जेसिका अल्बा ने अपने 16 साल की शादी के बाद अपने पति कैश वॉरेन से तलाक की घोषणा की है। 43 वर्षीय एक्ट्रेस, जो 'फैंटास्टिक फोर', 'सिन सिटी, 'इनटू द ब्लू' और 'अवेक' जैसी परियोजनाओं में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक बयान में यह खबर साझा की। अल्बा के इस फैसले ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं वर्षों से खुद की खोज और परिवर्तन की यात्रा पर हूं अकेले भी और कैश के साथ भी।



# अब घर बैठे देख सकेंगे कोल्डप्ले कॉन्सर्ट

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपने बेहतरीन म्यूजिक और गानों के लिए मशहूर कोल्डप्ले भारत में अपना कॉन्सर्ट करने वाला है। इसके टिकटों के लिए भी काफी मारामारी मची है। वहीं, टिकटों की कालाबाजारी और धोखाधड़ी की खबरें भी सामने आ रही हैं। खैर, जो लोग कॉन्सर्ट को अपने घर पर बैठकर देखने की इच्छा रखते हैं, उनके लिए गुड न्यूज है। कोल्डप्ले का प्रसारण डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा। डिज्नी प्लस हॉटस्टार कोल्डप्ले के साथ मिलकर भारत भर में दर्शकों के लिए उनके प्रतिष्ठित 'म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर कॉन्सर्ट'को लाइव प्रस्तुत किया जाएगा। कोल्डप्ले के प्रमुख गायक क्रिस मार्टिन ने भारत में शो करने को लेकर उत्साह जताया। उन्होंने कहा, 'भारत में हमारे सभी दोस्तों को नमस्ते। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 26 जनवरी को, अहमदाबाद से हमारा शो डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीमिंग होगा, इसलिए आप इसे भारत में कहीं से भी देख सकते हैं।



# इमरजेंसी को दर्शकों से मिली सराहना


**नई दिल्ली।** कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कंगना रनौत ने फिल्म 'इमरजेंसी' को डायरेक्ट भी किया और इसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका भी निभाई है। फिल्म की कहानी इंदिरा गांधी के कार्यकाल में लगी इमरजेंसी की घटना पर आधारित है। फिल्म 'इमरजेंसी' देखने के बाद कंगना रनौत की एक्टिंग, डायरेक्शन की तारीफ एक दर्शक करते हुए नजर आए। वह बोले कि जब इमरजेंसी लगी थी वह काफी छोटे थे। कंगना की एक्टिंग उनको हर फिल्म में पसंद आती है, इस फिल्म में वह उनकी एक्टिंग को पूरे नंबर देते हैं। फिल्म 'इमरजेंसी'को इस दर्शक ने पांच स्टार दिए हैं। एक और दर्शक का कहना है कि कंगना ने इमरजेंसी के दौर को बिल्कुल वैसा ही दिखाया है, जैसा उस समय हुआ था।



# 'हरि हर वीरा मल्लू' का पहला गाना जारी

**मुंबई।** साउथ फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' सुपरस्टार पवन कल्याण की मुख्य भूमिका में एक बड़े बजट के साथ बनाई जा रही है। फिलहाल, फिल्म की शूटिंग तेजी से की जा रही है। यह फिल्म अपनी ज्यादातर शूटिंग पहले ही पूरी कर चुकी है। आखिरकार निर्माताओं ने अपना वादा पूरा किया और अब उन्होंने फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म अगले साल 28 मार्च को तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होने वाली है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए लिखा, 'पावरस्टार पवन कल्याण गारु के गरजने वाले स्वरों के साथ पावरफुल होने के लिए पूरी तरह तैयार।' पवन कल्याण न केवल फिल्म में अभिनय कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने गाने के तेलुगु संस्करण को अपनी आवाज भी दी है, जिसे पेंचल दास ने लिखा है।

टीवी मसाला



# रुबीना की परफेक्ट इंग्लिश ने शो में लगाया हंसी का तड़का

**नई दिल्ली।** फेमस सेलेब्रिटी रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स'इस महीने अपने नए सीजन के साथ धमाकेदार वापसी करने वाला है। शो में टीवी और सोशल मीडिया की मशहूर हस्तियां अपने खाना बनाने की कला के साथ-साथ हंसी और मजाक का तड़का लगाती नजर आएंगी। शो के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर बहुत से मजेदार प्रोमो शेयर किए हैं। इन टीजर्स ने लोगों को पहले सीजन के मजेदार पलों की याद दिलाई और ऐसा फील कराया की दूसरे सीजन में और भी ज्यादा मजा आने वाला है। एक प्रोमो में रुबीना दिलैक और राहुल वैद्य की मजेदार नोकझोंक दिखाई गई, जहां रुबीना राहुल को सही तरीके से काम करने के लिए कहती नजर आईं। प्रोमो में, रुबीना ने राहुल से कहा कि वो डिश में थोड़ा कम तेल डालें ताकि उसका स्वाद न खराब हो, ज्यादा तेल पड़ने से खाने का टेस्ट खराब हो जाएगा, तेल में डूबाना नहीं है। इसके बाद एक्ट्रेस ने राहुल से टेबल साफ करने के लिए टिशु मांगा और कटलरी लाने के लिए कहा. फिर एक्ट्रेस की बातों से राहुल परेशान नजर आए और उन्होंने कहा क्या लाकर दूं, स्कूटर ला दूं ये हल्की-फुल्की बातों से एक बात को पक्की है कि इस सीजन में भी लोगों को खूब मजा आने वाला है, लोग हंस-हंस कर थकने वाले हैं।

# सावी बनेगी रजत के बच्चे की मां, लेकिन होगी एक अनहोनी

**मुंबई।** 'गुम है किसी के प्यार'के अपकमिंग एपिसोड्स में कई ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिलेंगे। शो में मौजूदा ट्रैक सावी और रजत के इर्द-गिर्द घूम रहा है। उनके रिलेशन में नए चैलेंजेस आ रहे हैं। मेकर्स ने शो का नया प्रोमो जारी किया है, जिसमें सावी और रजत की जिंदगी में बड़े बदलाव की तरफ इशारा किया गया है। प्रोमो में दिखाया गया है कि सावी, जो पहले ये मान चुकी थी कि शायद वो कभी मां नहीं बन पाएगी, उसे पता चलता है कि वो रजत के बच्चे की मां बनने वाली है। इससे वह बेहद खुश होती है। सावी ये खुशखबरी रजत को बताती है और दोनों इस नए पड़ाव को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आते हैं। लेकिन, ठीक जब सावी और रजत अपनी नई खुशियों में डूबे हुए थे, अचानक एक अनहोनी हो जाती है।



# लीला के पांच किरदार फैंस को हमेशा रहे याद

**नई दिल्ली।** भारतीय अभिनेत्री और शोले की मौसी लीला मिश्रा की शुक्रवार को पुण्यतिथि थी। लीला मिश्रा ने 50 साल तक सिनेमा में काम किया। इस दौरान उन्होंने 200 से अधिक फिल्म में शानदार किरदार निभाए। लीला मिश्रा ने अपने करियर में मां, चाची, मौसी, दादी और नामी के कई किरदार निभाए।

## शोले

अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र की फिल्म शोले की मौसी के लिए लीला मिश्रा को सबसे ज्यादा ख्याती हासिल हुई। साल 1975 में आई ये फिल्म बहुत बड़ी हिट रही थी। धर्मेंद्र और श्रीलीला के कई सीन फिल्म में देखने को मिले थे।



**नदिया के पार :** 1982 में आई फिल्म 'नदिया के पार' में लीला मिश्रा को काकी के किरदार में देखा गया। फिल्म में उनके डायलॉग्स फैंस आज भी पसंद करते हैं।
**अबोध :** साल 1984 में आई बॉलीवुड फिल्म अबोध का निर्देशन हिरेन नाग ने किया। इस फिल्म में अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने डेब्यू किया था। इस फिल्म में लीला मिश्रा ने दादी का किरदार निभाया था।
**सुहाग सिंदूर:** साल 1961 में आई फिल्म सुहाग सिदूर में लीला मिश्रा ने रुक्मिनी का किरदार निभाया था। इस शानदार किरदार को फैंस आज भी याद करते हैं। फिल्म में मनोज कुमार, माला सिन्हा मुख्य भूमिका में थे।

## शादी के बाद

साल 1972 में आई फिल्म 'शादी के बाद' में श्रीलीला ने पार्वती का किरदार निभाया था। इस कॉमेडी फिल्म में बतौर अभिनेता जितेंद्र ने काम किया था।

## परिचय

साल 1972 में आई फिल्म परिचय में लीला मिश्रा को रवि की आंटी के किरदार में देखा गया। इस किरदार को लेकर भी अक्सर चर्चा होती रहती है। फिल्म में संजीव कुमार और वीणा ने मुख्य किरदार निभाया था।

## पहेली

साल 1977 में आई फिल्म 'पहेली' में लीला मिश्रा को बलराम की मां के किरदार में देखा गया था। फिल्म को राजश्री प्रोडक्शन ने बनाया था।

# 'संगम' से लेकर 'फाइटर' तक, 'स्काई फोर्स' से पहले इन फिल्मों में दिखी वायुसेना की झलक


**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा ने हमेशा भारतीय वायु सेना के साहस, बलिदान और शौर्य को पर्दे पर जीवित किया है। ऐतिहासिक युद्धों को पर्दे पर दिखाने के अलावा वायु सेना के अधिकारियों की व्यक्तिगत यात्रा को फिल्मकारों ने कई फिल्मों के माध्यम से प्रदर्शित किया है। आगामी फिल्म स्काई फोर्स में भी वायु सेना की कहानी दिखने वाली है। आइए कुछ बॉलीवुड फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिनमें वायु सेना की झलक देखने को मिली।

## फाइटर

सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी 'फाइटर' में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर, और अक्षय ओबेरॉय ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 25 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में ऋतिक और दीपिका ने पहली बार साथ काम किया था। फिल्म की शूटिंग भारत के एयरबेस पर असली सुखोई और भारतीय लड़ाकू विमानों के साथ की गई थी। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म अपने बजट के मुताबिक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

## रंग दे बसंती

रंग दे बसंती में आमिर खान, सिद्धार्थ, आर माधवन, शरमन जोशी, अतुल कुलकर्णी, सोहा अली खान, कुणाल कपूर, और एलिस पैटन मुख्य भूमिकाओं में नजर आई थीं। यह फिल्म पूरी तरह से वायु सेना पर आधारित नहीं है, लेकिन यह भारतीय वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर अजय आहुजा को श्रद्धांजलि देती है, जिन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान अपनी जान गंवाई।




## मौसम

पंकज कपूर के निर्देशन में बनी 'मौसम' भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी की जिंदगी को बयां करती है। फिल्म में शाहिद कपूर और सोनम कपूर मुख्य भूमिकाओं में थे। यह फिल्म में 1992 से 2002 तक के घटनाक्रम को दिखाती है।

## गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल

'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' भारतीय वायु सेना की एक महिला पायलट गुंजन सक्सेना की सच्ची और प्रेरणादायक कहानी है, जो कारगिल युद्ध के दौरान लड़ाई में भाग लेने वाली पहली महिला पायलटों में से एक थीं।

# सुचित्रा ने निभाया था इंदिरा गांधी का किरदार

## राजनीतिक हलकों में मची थी हलचल

अभिनेत्री सुचित्रा सेन सिनेमा की दुनिया का बड़ा नाम रहीं। अपने अभिनय से ज्यादा वे अपने उसूलों के लिए जानी गईं। अदाकारा अब इस दुनिया में नहीं हैं। मगर, उनकी यादें आज भी हैं। 17 जनवरी को सुचित्रा सेन की पुण्यतिथि थी। सुचित्रा का असली नाम रोमा दासगुप्ता था। उनका जन्म 6 अप्रैल 1931 को उस समय के बांग्लादेश के पबना जिले में हुआ था। उनके पिता करुणामय दासगुप्ता एक हेड मास्टर थे। सुचित्रा सेन ने अपनी शुरुआती पढ़ाई पबना से ही हासिल की।

**नई दिल्ली।** साल 1947 में 15 साल की उम्र में सुचित्रा सेन की शादी बंगाल के जाने-माने उद्योगपति आदिनाथ सेन के बेटे दिबानाथ सेन हुई थी। शादी के पांच सालों बाद सुचित्रा ने सिनेमा की दुनिया में एंट्री ली और फिल्म जगत को सुपरहिट फिल्में दीं। साल 1952 में सुचित्रा की बांग्ला फिल्म सारे चतुर रिलीज हुई, कहा जाता है कि यह उनकी पहली फिल्म थी। एक वक्त ऐसा था जब उत्तम कुमार और सुचित्रा सेन की जोड़ी को बांग्ला सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध जोड़ी माना जाने लगा। दोनों ने साथ में एक से बढ़कर एक कई हिट फिल्में कीं। साल 1953 से 1978 के बीच सुचित्रा ने हिंदी और बांग्ला कुल मिलाकर 61 फिल्में की थीं। जिनमें से 30 उत्तम कुमार के साथ थी। सुचित्रा सेन ने 1978 में फिल्म इंडस्ट्री से संन्यास ले लिया था और पब्लिक के बीच न आना बेहतर समझा। सुचित्रा सेन फेमस अभिनेत्री मुनमुन सेन की मां और रिया और राइमा सेन की नानी हैं।



### राज कपूर और सत्यजीत रे के ऑफर ठुकराए

*सुचित्रा सेन के बारे में कहा जाता है कि वे उसूलों की बहुत पक्की थीं। फिल्मों का चयन करने के मामले में वे बिल्कुल ढिलाई नहीं बरतती थीं। कोई भी फिल्म काफी सोच विचार करने के बाद चुनतीं, जिस वजह से उन्हें कई बड़े फिल्मकारों के प्रस्ताव ठुकराने पड़े। उन्होंने राज कपूर की फिल्म को भी एक पल में ठुकरा दिया था। कहा जाता है कि सुचित्रा सेन ने राज कपूर की फिल्म सिर्फ इसलिए ठुकरा दी, क्योंकि राज कपूर का झुक कर फूल देने का तरीका उन्हें पसंद नहीं आया था। दिग्गज फिल्मकार सत्यजीत रे की फिल्म का ऑफर भी सुचित्रा ने ठुकरा दिया था। कहा जाता है कि सुचित्रा को लेकर वे फिल्म देवी चौधुरानी बनाना चाहते थे, लेकिन इसे भी सुचित्रा ने मना कर दिया।*

### इस फिल्म में किया इंदिरा गांधी का रोल

सुचित्रा सेन ने कई बॉलीवुड फिल्मों में दमदार किरदार किए। दिलीप कुमार की 'देवदास' (1955) में वे पारो की भूमिका में नजर आईं। सुचित्रा की जिस फिल्म की खूब चर्चा हुई और जो विवादों में भी रही, वह थी 'आंधी'। यह फिल्म उस साल रिलीज हुई, जिस साल आपातकाल लगा यानी साल 1975। आपातकाल जून में लगा और उससे कुछ महीने पहले फरवरी में फिल्म 'आंधी' रिलीज हुई। इसमें सुचित्रा का किरदार आरती सिंह दरअसल, इंदिरा गांधी से प्रेरित बताया गया। अभिनेत्री का लुक भी पूर्व पीएम जैसा ही देखने को मिला। 'आंधी' को पहली एजेंडा फिल्म माना गया। दावे किए गए कि यह फिल्म इंदिरा गांधी की छवि खराब करने के लिए बनाई गई। इस फिल्म पर काफी विवाद हुआ और राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई थी। बाद में इमरजेंसी लगने के बाद तो फिल्म पर बैन ही लगा दिया गया। इस फिल्म में सुचित्रा के अपोजिट संजीव कुमार नजर आए।




### उच्च शिक्षा विभाग ने टीम बनाकर हर 3 महीने में जांच के निर्देश दिए

# प्राइवेट कॉलेजों की स्थापना और निरंतरता के लिए एनओसी के नियम किए सख्त

*प्रदेश में संचालित सभी अशासकीय महाविद्यालयों का सत्यापन और भौतिक निरीक्षण अब राजस्व अधिकारियों की टीम करेगी*

**हरिभूमि, जबलपुर**

प्रदेश में प्राइवेट कॉलेजों की स्थापना से लेकर उनकी निरंतरता को जारी रखने के लिए मिलने वाली अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने सख्त रुख कर लिया है।

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने प्रदेश में संचालित सभी प्राइवेट कॉलेजों का सत्यापन और भौतिक निरीक्षण राजस्व अधिकारियों की टीम बनाकर करने के निर्देश जारी किए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में जिला कलेक्टरों द्वारा कार्रवाई की जाकर जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव राजन ने अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर जानकारी यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।



#### एनओसी के नियमों में बदलाव

अपर मुख्य सचिव राजन द्वारा जारी निर्देश अनुसार उच्च शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अशासकीय महाविद्यालयों को अब कलेक्टर के सत्यापन एवं प्रतिवेदन के बाद ही निरंतरता प्रदान की जाएगी। अशासकीय महाविद्यालयों को स्थापना एवं निरंतरता के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया को अब और अधिक सख्त किया गया है। जिले के अग्रणी महाविद्यालय द्वारा हर 3 माह में निरीक्षण एवं जिला कलेक्टर की टीम द्वारा मौका परीक्षण के बाद अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। इसके साथ ही पूर्व में जारी प्रक्रिया अनुसार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं सत्यापित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

#### प्रदेश में यह है निजी कॉलेजों की संख्या

जबलपुर संभाग में अशासकीय गैर-अनुदान अप्राप्त महाविद्यालयों की लगभग संख्या 773 एवं अशासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों की लगभग संख्या 73 है। अशासकीय गैर- अनुदान अप्राप्त महाविद्यालय जबलपुर 78, रीवा 85 और शहडोल के 13 शामिल हैं। अशासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालय रीवा के 8 शामिल हैं।

#### यह हैं निर्देश

*जारी निर्देश में निर्धारित प्रपत्र में महाविद्यालय संचालन की स्थिति, उपलब्ध कमरों की कुल संख्या, कमरों की बैठक क्षमता, कुल प्रवेशित विद्यार्थी संख्या, निरीक्षण के दौरान उपस्थित विद्यार्थी संख्या, कुल स्टाफ संख्या, निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्टाफ संख्या, महाविद्यालय के बारे में स्थानीय नागरिकों का अभिमत एवं महाविद्यालय के विषय में विद्यार्थियों का अभिमत प्राप्त किया जाएगा।*

#### विभाग ने यह लिया निर्णय

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्णय लिया गया कि छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखकर सभी अशासकीय महाविद्यालयों का निरीक्षण कलेक्टर अपने जिले के तहत कराकर राज्य शासन को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर महाविद्यालयों में अनियमितता पायी जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अदालत में प्रमाणित नहीं हुआ हत्या का आरोप

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार सहलाम की अदालत ने हत्या का आरोप प्रमाणित न होने पर आरोपित पोलीपाथर, गौरीघाट निवासी आकाश चौधरी को दोषमुक्त कर दिया। कोर्ट ने



अपने आदेश में कहा कि अभियोजन युक्तियुक्त संदेह के परे आरोप सिद्ध करने में असफल रहा है। लिहाजा, संदेह का लाभ देते हुए आरोपित को बरी किया जाता है। आरोपित की ओर से अधिवक्ता नारायण राव भौसले, कमलेश कुमार रैदास व स्वाति राठौर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गौरीघाट पुलिस ने महज संदेह के आधार पर आरोपित बना लिया था। जबकि 11 मई, 2023 को बादशाह हलवाई मंदिर के पीछे देवेंद्र यादव उर्फ बिंदा की चाकू मारकर हत्या करने के वास्तवित आरोपित पुलिस की पकड़ से बाहर रहे। चूंकि आरोप मनगढ़ंत है, अतः दोषमुक्त किया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए भी क्योंकि अभियोजन आरोप सिद्ध करने में सफल नहीं हुआ है। अदालत ने तर्क से सहमत होकर राहत दे दी।



### बर्फीली हवायें करा रहीं कड़ाके की ठंड का अहसास

# मौसम का यू टर्न, सर्दी बढ़ी, छाया कोहरा

**जबलपुर।** जनवरी के महीने में ठण्ड जोरदार झटका दे रही है। जम्मू काश्मीर और हिमाचल में हो रही बर्फबारी का असर जबलपुर में महसूस किया जा रहा है। बर्फीली हवायें यहां कड़ाके की ठंड का अहसास करा रही हैं। शुक्रवार को पारा 11 डिग्री के ऊपर रहा लेकिन 5 डिग्री जैसी ठंड महसूस की गई। बादलों की ओट में छुपे सूर्य देव मध्यम रोशनी बिखरते रहे तो वही शीतल हवाएं ठंड का एहसास कराती रही। सुबह कुहासे की धुंध में डूबी रही। दिन भर चली बर्फीली हवाओं ने लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया है। दांत किटकिटाने वाली ठण्ड ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। उत्तरी हवाओं ने समूचे शहर को अपनी गिरफ्त में ले रखा है।

पिछले तीन दिनों से शहर बर्फीली हवाओं की गिरफ्त में है, जैसे-जैसे रात गहराती है। कोहरा भी पड़ने लगता है। ठण्ड की वजह से सड़कें जल्दी सूनी हो जाती हैं। मार्केट में व्यापारी प्रतिष्ठान बंद कर घरों को चले जाते हैं। ठंड की वजह से सुबह और शाम का व्यापार चल रहा है। शाम ढलने के बाद व्यापार भी ठप्प हो जाता है। शीतलहर की वजह से सुबह की पाली में स्कूल जाने वाले बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं सुरक्षा संस्थानों में काम करने वालों को भी कड़ाके की ठंड का सामना करते हुये फैक्ट्री जाना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान जबलपुर शहर का अधिकतम तापमान 20.08 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 11.02 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी प्रातः काल 88 प्रतिशत और सायंकाल 66 प्रतिशत आंकी गई। उत्तर पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। सूर्योदय सुबह 6.53 बजे और सूर्यास्त शाम 5.48 बजे हुआ। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 25.5 और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री दर्ज किया गया था।

### चुनाव याचिका पर अगली सुनवाई 22 जनवरी को

# कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को गवाहों की सूची पेश करने मिली अंतिम मोहलत

**हरिभूमि जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को गवाहों की सूची पेश करने अंतिम मोहलत दी है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को निर्धारित की है। भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक मसूद के निर्वाचन को चुनौती देते हुए पराजित भाजपा प्रत्याशी ध्रुव नारायण सिंह ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि एसबीआई अशोक नगर शाखा से मसूद और उनकी पत्नी के नाम लोन है। इसका उल्लेख उन्होंने अपने नामांकन पत्र में नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार हाई कोर्ट लोन संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है। हाई कोर्ट ने तत्कालीन बैंक मैनेजर को



गवाही व प्रतिपरीक्षण के लिए तलब किया गया था। तत्कालीन मैनेजर ने हाई कोर्ट को बताया की मसूद तथा उनकी पत्नी सहित 40 खाताधारकों के नाम पर बैंक के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से एक गिरोह ने धोखाधड़ी से लोन स्वीकृत कराए थे, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। बैंक मैनेजर ने अपने बयान में कहा था कि आरिफ मसूद तथा उनकी पत्नी के नाम पर लोन की प्रविष्टि बैंक रिकार्ड में नहीं है और खाते को एनपीए कर दिया गया है। बैंक मैनेजर ने बताया था कि उन्हें भ्रमित कर उनसे रिकवरी लेटर पर हस्ताक्षर कराए गए थे। बैंक ने अधिकृत तौर पर कांग्रेस विधायक व उनकी पत्नी को रिकवरी पत्र जारी नहीं किया है। आवेदक विधायक की ओर से चुनाव याचिका पर सुनवाई बंद किए जाने का आवेदन पेश किया गया था। हाई कोर्ट ने आवेदन निरस्त करते हुए अपने आदेश में कहा था कि दस्तावेज फर्जी व कूटरचित नहीं है। दस्तावेजों की गुण-दोष के आधार पर समीक्षा की जाएगी। मामले की पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने विधायक मसूद को गवाहों की नई सूची पेश करने के निर्देश दिए थे। मामले में शुक्रवार को आगे हुई सुनवाई दौरान हाई कोर्ट ने उक्त सूची पेश करने उन्हें अंतिम मोहलत दे दी।

# बांधवगढ़ में कोदो खाने से हुई हाथियों की मौत

*राष्ट्रीय हरित अधिकरण की जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा*

**हरिभूमि जबलपुर।**

उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों की मौत के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, हाथियों की मौत कोदो के सेवन से हुई, जिसमें माइकोटॉक्सिन की मौजूदगी पाई गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण कोदो में फंगस का विकास हुआ था। एनजीटी की रिपोर्ट में एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्य का भी



उल्लेख किया गया है। 1933 में तमिलनाडु में भी इसी तरह की घटना हुई थी, जहां कोदो खाने से 14 हाथियों की मौत हो गई थी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि एनजीटी ने इस मामले में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) को स्थानीय स्तर पर एक समिति गठित करने का आदेश दिया गया है। साथ ही कलेक्टर और कृषि विभाग के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं। वर्तमान में हाथियों की सुरक्षा के लिए एक विशेष दल गठित किया गया है जो लगातार निगरानी कर रहा है। यह कदम भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है।

### हाईकोर्ट में पेश कर दिया अपर कलेक्टर की पेंशन भुगतान का जवाब

# कलेक्टर को बुलाया तो हो गया आदेश का पालन

### ढ़ाई वर्ष से कानूनी लड़ाई लड़ रहा था सेवानिवृत्त याचिकाकर्ता

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले के कलेक्टर को बुला लिया तो आननफानन में सरकार ने पेंशन भुगतान संबंधी जवाब प्रस्तुत कर दिया। मामला अपर कलेक्टर की पेंशन से संबंधित है, जिसे प्राप्त करे के लिए वे विगत ढ़ाई वर्ष से कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे। जस्टिस विशाल मिश्रा की बेंच ने दो सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता को रिज्वाइंडर पेश करने के निर्देश दिए। भोपाल निवासी आईजे खालखो टीकमगढ़ से अपर कलेक्टर के पद से 30 मई, 2022 को सेवानिवृत्त हुए। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि एक जून को विभाग की ओर से एक पत्र जारी कर स्पष्ट किया गया कि याचिकाकर्ता के विरुद्ध कोई विभागीय जांच लंबित नहीं है, वेतनवृद्धि रोकने टीप नहीं है और न ही कोई प्रकरण लंबित है। इसके बावजूद उनकी पेंशन नहीं बनाई गई। हाई कोर्ट ने 14 दिसंबर, 2023 को नोटिस जारी किए थे। हाई कोर्ट ने 12 नवंबर, 2024 को सरकार को अंतिम अवसर देते हुए कहा कि यदि जवाब नहीं आया तो कलेक्टर को हाजिर होना पड़ेगा। सरकार ने 15 जनवरी को कहा कि याचिकाकर्ता का पेंशन पे-आर्डर जारी हो गया है, केवल भुगतान शेष है। कोर्ट ने पुनः एक दिन की मोहलत देते हुए कहा कि जवाब पेश करें कलेक्टर उपस्थित हों। इसके बाद पेंशन भुगतान के संबंध में जवाब पेश कर दिया गया।

### युवक के खाते से 2 लाख रुपए ट्रांसफर करवाये

# बड़े भाई बनकर जालसाज ने की सायबर ठगी

**हरिभूमि जबलपुर।**

बेलखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम इमलिया बेलखेड़ा में एक युवक के भाई के नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर मैसेन्जर पर मैसेज कर जालसाल ने वीजा एंजेट को पैसे देने को कहा और युवक से अपने खाते में 2 लाख रुपए धोखाधड़ी से ट्रांसफर करवा लिए। धोखाधड़ी का शिकार हुए युवक का भाई यूएसए कैलिफोर्निया की एक कंपनी में काम करता है।

बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम इमलिया बेलखेड़ा निवासी कृष्णकुमार तिवारी ने बेलखेड़ा थाने में लिखित शिकायत की है कि गत 4 दिसंबर 2024 को शाम लगभग 5 बजे उसकी फेसबुक आईडी पर उसके भाई देवकुमार के नाम की फेसबुक आईडी से मैसेज आया जो कि यूएसए कैलिफोर्निया मे काम करते हैं अज्ञात ने उससे बड़े भाई बनकर बात की एवं अपना व्हाटसएप नम्बर दिया जिसमें उक्त व्यक्ति ने उसके भाई के जैसे ही बात की उसे अहसास भी नहीं हुआ की वो उसका भाई नहीं है और फिर उक्त व्यक्ति ने उसका हालचाल पूछा और उससे उसका खाता नम्बर मांगा बोला कि तुम्हें पैसे भेज रहा हूं इण्डिया में वीजा एजेन्ट को देना है और बाकि पैमेण्ट मैं वहीं आकर ले लूंगा इसके बाद अपना खाता नम्बर भेज दिया उक्त व्यक्ति ने थोड़ी देर मे उसे पैसे ट्रान्सफर करने की एक फर्जी रसीद भेजी जिसमे 10 लाख 8 हजार 379 रूपये थे बोला कि खाता चैक करो पैसे आ गये होंगे लेकिन उसके खाते में कोई भी पैसा नहीं आया फिर बोला कि मैं मुसीबत में हूं मेरा आज वीजा एक्सपायर होने वाला है मुझे ये पैसे मुम्बई बीजा एजेन्ट को देना है और यह पेमेंट आज ही की तारीख में रात 12 बजे के पहले करना है अगर तुम्हारे पास पैसे नहीं पहुंचे तो तुम अपने पैसे एजेन्ट को भेज दो नहीं तो मुझे 2 साल की जेल हो जायेगी और 20 लाख का जुर्माना लगेगा। उसे लगा कि उसका भाई सही में मुसीबत में है। उक्त व्यक्ति ने क्यूआर कोड भेज दिया जो कि मुन्ना कुमार के नाम से था उसने क्यूआर कोड में पहली बार 50 हजार रूपये की पेमेंट भेजी उसके बाद एक ही क्यूआर कोड में अलग अलग खातों से 5 बार में 2 लाख 30 हजार रूपये की पेमेंट भेजी दी। बाद मे उसके भाई देव कुमार का फोन आया और उसने भाई से पैसों के बारे मे पूछा तो उन्होंने बताया कि मैने न ही कोई पैसे भेजे है एवं न ही कोई पैसे मांगे। पुलिस ने लिखित शिकायत पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240